P-01:28 paga09_jhn.qxd 11/11/2025 9:23 PM Page 1

www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष षष्ठी, विक्रम संवत् 2082

वर्ष : 09 अंक : 294
नई दिल्ली
बुधवार, 12 नवम्बर 2025
मूल्य : 3.00 पृष्ठ : 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित



03 दिल्ली में धमाका करने वालों को पकड़े ...
06 अलीगढ़ में रोहिंग्या घुसपैठियों के आधार ...
12 सौरभ गांगुली ने कहा-भारत में भारत...

## दिल्ली विस्फोट के दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा : राजनाथ

✔ देश की प्रमुख एजेंसियां कर रही गहन जांच, जल्द ही नतीजे सार्वजनिक किए जाएंगे



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली विस्फोट के बाद देश को दृढ़ता से आश्वस्त किया कि इस दुखद घटना के जिम्मेदारों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उन्हें किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस घटना में जान गंवाने वाले सभी लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए नागरिकों को आश्वस्त किया कि देश की प्रमुख जांच एजेंसियां इस घटना की त्वरित और गहन जांच कर रही हैं। जांच के निष्कर्ष जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को नई दिल्ली में मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-आईडीएसए) की ओर से आयोजित दिल्ली रक्षा संवाद में उद्घाटन भाषण दे रहे थे। इस संवाद का विषय 'रक्षा क्षमता विकास के लिए नए युग की प्रौद्योगिकी का उपयोग' था। उन्होंने भारत को उपभोक्ता से प्रौद्योगिकी निमार्ता के रूप में स्थापित करने के लिए न केवल नए नवाचारों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया, बल्कि ऐसी प्रणालियां और पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का आह्वान किया, जो आत्मनिर्भर बना सकें। राजनाथ सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग, क्वांटम कंप्यूटिंग और स्वार्म टेक जैसी क्रांतिकारी तकनीकों को आत्मसात करने और उनके अनुकूल ढलने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उन्नति की असली परीक्षा इस बात में निहित है कि उपकरण कैसे काम करते हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक की शक्ति केवल उपकरणों या एल्गोरिदम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान देने वाली हर प्रक्रिया, प्रणाली और निर्णय को पुनर्परिभाषित करती है। तकनीक का उपयोग केवल नए उपकरण जोड़ने के बारे में नहीं है, बल्कि यह हमारे संस्थानों को अधिक चुस्त, पूवार्नुमानित और अनुकूलनशील बनाने और एक ऐसी रक्षा संरचना बनाने के बारे में है, जो निरंतर सिखाती है, तुरंत प्रतिक्रिया देती है और परिवर्तन की गति के साथ निरंतर विकसित होती है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि तेज गति वाले डेटा लिंक, एआई-संचालित एल्गोरिदम, क्वांटम कंप्यूटिंग और स्वायत्त प्रणालियां त्वरित आंतरिक प्रक्रियाओं और उन्हें प्रभावी ढंग से आत्मसात करने और लागू करने की मजबूत मानवीय एवं संस्थागत क्षमता के बिना कम हासिल कर पाएंगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रक्षा तैयारियां काफी हद तक अदृश्य तकनीकों पर निर्भर करती हैं, जिनमें सुरक्षित डेटा आर्किटेक्चर, एन्क्रिप्टेड नेटवर्क, स्वचालित रखरखाव प्रणालियां और इंटर ऑपरेबल डेटाबेस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी नेतृत्व किसी विशिष्ट प्रतिभा से नहीं उभरता, बल्कि एक ऐसे राष्ट्रीय पारिस्थितिकी तंत्र से विकसित होता है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 नवंबर को प्रथम जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार प्रदान करेंगी



**नई दिल्ली।** जल शक्ति मंत्रालय ने जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) पहल के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों के लिए प्रथम पुरस्कारों की घोषणा की है। यह ह्यजल शक्ति अभियान: कैच द रेन (जेएसए : वर्षा जल संचयन) के अंतर्गत प्रमुख समुदाय-संचालित कार्यक्रम है। राष्ट्रपति, छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2025 के साथ वर्ष 2025 के लिए 18 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल शक्ति के लिए जन शक्ति के दृष्टिकोण से प्रेरित, जल संचय जन भागीदारी पहल 6 सितंबर 2024 को सूरत, गुजरात में आरंभ की गई थी। समग्र सरकार और समग्र समाज के दृष्टिकोण से प्रेरित यह पहल जमीनी स्तर पर प्रबंधन सहभागिता और सतत जल प्रशासन को बढ़ावा देती है। कम्युनिटी (समुदाय), कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी और कॉस्ट (कम लागत) के 3सी मंत्र से प्रेरित, यह एक समावेशी मॉडल अपनाकर जल की कमी को दीर्घकालिक जल सुरक्षा और जल प्रत्यास्थता से दूर करने को बढ़ावा देता है। पहल के तहत, राज्यों को पांच क्षेत्रों में विभाजित कर कम से कम दस हजार कृत्रिम पुनर्भरण और जल भंडारण संरचनाएं स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के ज़िलों के लिए यह लक्ष्य तीन हजार है, जबकि देश भर के नगर निगमों के लिए यह दस हजार का लक्ष्य है। इन संरचनाओं में भवन छतों पर वर्षा जल संचयन के साथ ही झीलों, तालाबों और बावड़ियों का पुनरुद्धार करना शामिल है। शहरी जल संरक्षण प्रयासों को सुदृढ़ करने के लिए, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने जल शक्ति मंत्रालय के साथ साझेदारी की है। इसके अंतर्गत शहरी स्थानीय निकायों को लगभग दो हजार पुनर्भरण संरचनाएं निर्मित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रथम जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) सम्मान के अंतर्गत इस वर्ष कुल 100 पुरस्कारों की घोषणा की गई है। इनमें तीन शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्य, 67 जिले, छह नगर निगम, एक शहरी स्थानीय निकाय, दो सहयोगी मंत्रालय, दो उद्योग, तीन गैर सरकारी संगठन, दो परोपकारी और 14 नोडल अधिकारी शामिल हैं। जेएसजेबी पोर्टल पर अपलोड किए गए सत्यापित आंकड़ों के आधार पर पुरस्कार विजेताओं का चयन किया गया है। भारत सरकार कृत्रिम भूजल पुनर्भरण संरचनाओं, जैसे बोरवेल पुनर्भरण प्रणाली और छतों पर वर्षा जल संचयन इकाइयों के निर्माण, पुनरुद्धार और रखरखाव में उल्लेखनीय प्रगति करने वाली संस्थाओं और लोगों को पुरस्कार प्रदान कर जल संचयन के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

## पीएम मोदी ने चौथे नरेश वांगचुक की 70वीं जयंती पर बधाई दी, भारत-भूटान मैत्री को सराहा

भूटान के चौथे नरेश महामहिम जिग्मे सिंग्ये वांगचुक का 70वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**शैलेन्द्र शर्मा**

**थिम्पू/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय भूटान यात्रा पर हैं। इस दौरान वे भूटान की राजधानी थिम्पू के चांगलिमथांग स्टेडियम में उस ऐतिहासिक समारोह में शामिल हुए, जिसमें भूटान के चौथे नरेश महामहिम जिग्मे सिंग्ये वांगचुक का 70वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत में भूटान के मौजूदा नरेश ने सोमवार को दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार बम विस्फोट में मारे गए लोगों की स्मृति में मौन रखकर सामूहिक प्रार्थना की। पीएम मोदी भी इस प्रार्थना में शामिल हुए। इस अवसर पर भूटान के वर्तमान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, शाही परिवार के सदस्य, प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और हजारों भूटानी नागरिक मौजूद रहे। पीएम मोदी ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, मैं भारत की 140 करोड़ जनता की ओर से महामहिम चौथे नरेश और भूटान के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। महामहिम चौथे नरेश ने भूटान को एक आधुनिक राष्ट्र बनाया, संवैधानिक लोकतांत्रिक राजतंत्र की नींव रखी और दुनिया को ह्यग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस यानी सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता का अनोखा मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने चौथे नरेश के उस योगदान को याद किया जिसने भारत-भूटान मैत्री को इतनी ऊंचाई तक पहुंचाया। उन्होंने कहा, यह अनोखा रिश्ता महामहिम चौथे नरेश की व्यक्तिगत रुचि और बुद्धिमानी से लगातार मजबूत हुआ है। उनकी सलाह और मार्गदर्शन से यह संबंध आने वाले समय में भी और गहरा होता रहेगा। पीएम मोदी ने भूटान के वर्तमान नरेश की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, महामहिम पांचवें नरेश ने अपने पिता की शानदार विरासत को न सिर्फ आगे बढ़ाया है, बल्कि उसे नई ऊर्जा दी है। उनके नेतृत्व में भूटान ने जो प्रगति की है, वह पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा है। भारत और भूटान की दोस्ती आज पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और जीवंत है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत-भूटान संबंध किसी एक सरकार या व्यक्ति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह दोनों देशों की जनता के दिलों में बसी मैत्री है।

### इस भाव को नहीं भूलूंगा, दिल्ली विस्फोट पर एकजुटता के लिए पीएम मोदी ने जताया भूटान नरेश का आभार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूटान के चौथे नरेश के 70वें जन्मदिन समारोह के दौरान भारत के साथ एकजुटता के लिए वहां के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। दिल्ली में हुई दुखद घटना के बाद भूटान के लोगों ने पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए एक विशेष प्रार्थना की। इस पर प्रधानमंत्री ने करुणा और एकजुटता के इस अप्रतिम कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मैं इस भाव को कभी नहीं भूलूंगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, महामहिम चतुर्थ नरेश के 70वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भूटान की जनता ने एक विशेष प्रार्थना के माध्यम से दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद भारत की जनता के साथ एकजुटता दिखाई। मैं इस भाव को कभी नहीं भूलूंगा। पीएम मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर भूटान पहुंचे।

## मुर्मु ने शाह से की बात, लाल किला विस्फोट के बारे में ली जानकारी



**नई दिल्ली।** अंगोला की यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात कर लाल किला विस्फोट के बारे में जानकारी ली है। सूत्रों के अनुसार श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को अंगोला से श्री शाह से टेलीफोन पर बात की और सोमवार को लाल किले के निकट एक कार में हुए विस्फोट की घटना की जानकारी ली। गृह मंत्री ने राष्ट्रपति को विस्फोट की घटना से संबंधित जानकारी के साथ-साथ मामले की जांच से भी उन्हें अवगत कराया है। राष्ट्रपति अभी अंगोला और बोत्सवाना की यात्रा पर हैं। सोमवार को उन्होंने अंगोला की संसद को संबोधित किया था। श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा था। दिल्ली में हुए विस्फोट में मारे गए लोगों के परिजनों और मित्रों के प्रति मैं अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं। उल्लेखनीय है कि इस विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हो गये।

## तमिलनाडु-पश्चिम बंगाल में एसआईआर के खिलाफ याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एसआईआर के खिलाफ द्रमुक, माकपा, पश्चिम बंगाल कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस नेताओं की याचिकाओं पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एसआईआर कवायद को चुनौती देने वाली द्रमुक, कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई और तृणमूल कांग्रेस की अलग-अलग याचिकाओं पर दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। शीर्ष अदालत बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण करने के निर्वाचन आयोग के फैसले की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर पहले से ही सुनवाई कर रही है। निर्वाचन आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद को सटीक बताते हुए न्यायालय से 16 अक्टूबर को कहा था कि याचिकाकर्ता राजनीतिक दल और गैर सरकारी संगठन इस प्रक्रिया को केवल बदनाम करने के लिए झूठे आरोप लगाकर संतुष्ट हैं। आयोग ने न्यायालय से यह भी कहा था कि अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद से नाम हटाने के खिलाफ किसी मतदाता ने एक भी अपील दायर नहीं की है। उसने याचिकाकर्ताओं के इस आरोप का खंडन किया था कि महीनों तक चली एसआईआर प्रक्रिया के बाद तैयार की गई राज्य की अंतिम मतदाता सूची में मुसलमानों को अनुपातहीन तरीके से बाहर किया गया। निर्वाचन आयोग ने 30 सितंबर को बिहार की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करते हुए कहा था कि इसमें मतदाताओं की कुल संख्या लगभग 47 लाख घटकर 7.42 करोड़ रह गई है जो निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से पहले 7.89 करोड़ थी।

## गृह मंत्रालय ने लाल किला विस्फोट मामले की जांच एनआईए को सौंपी









**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने लाल किला विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेन्सी (एनआईए) को सौंप दी है अब तक दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा इसकी जांच कर रही थी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर मंगलवार को हुई एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया। सोमवार शाम लाल किले के निकट एक कार में हुए शक्तिशाली विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई और करीब 20 घायल हुए हैं। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, दिल्ली पुलिस आयुक्त और एनआईए के महानिदेशक सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। जम्मू कश्मीर के महानिदेशक वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि बैठक में विस्फोट मामले की जांच एनआईए को सौंपने का निर्णय लिया गया। श्री शाह ने विस्फोट के बाद सोमवार शाम लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में घायलों से मुलाकात के बाद घटनास्थल का दौरा किया था। उन्होंने कहा था कि वह मंगलवार सुबह बैठक में स्थिति की समीक्षा करेंगे। दिल्ली पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के साथ-साथ विस्फोटक अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, कोतवाली पुलिस स्टेशन में यूएपीए की धारा 16 और 18 के साथ-साथ विस्फोटक अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## सीएम धामी ने दिए निर्देश : मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में रखें राज्य का सशक्त और स्पष्ट पक्ष

✔ मुख्य सचिव आनन्द वर्धन की अध्यक्षता में मध्य क्षेत्रीय परिषद बैठक के लिए की गई समीक्षा बैठक



**उत्तम भारत संवाददाता, देहरादून।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली आगामी मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में उत्तराखंड अपनी ओर से सशक्त और स्पष्ट पक्ष रखने की तैयारी में जुट गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सचिवालय में मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा परिषद में प्रस्तुत किए जाने वाले मुद्दों और प्रस्तावों का एजेंडा अंतिम रूप देना था। मुख्य सचिव ने उन सभी विभागों को निर्देशित किया जिनका एजेंडा अब तक प्राप्त नहीं हो पाया है कि वे अपने प्रस्ताव तत्काल रूप से तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि राज्य का पक्ष समयबद्ध और व्यवस्थित रूप से केंद्र के समक्ष रखा जा सके। उन्होंने कहा कि एजेंडा संक्षिप्त, तथ्यों पर आधारित और इस बात को स्पष्ट करने वाला होना चाहिए कि केंद्र सरकार से किस प्रकार का सहयोग, संशोधन या नीति-स्तरीय हस्तक्षेप अपेक्षित है। बैठक में समाज कल्याण विभाग से कहा गया कि जौनसारी/जेनसारी शब्द के स्पेलिंग संशोधन से संबंधित प्रस्ताव को अनुसूचित जनजाति मंत्रालय के पोर्टल पर औपचारिक रूप से भेजने की प्रक्रिया शीघ्र की जाए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि यदि इस मामले में विधायिका स्तर पर संशोधन की भी आवश्यकता हो, तो उसका विधिक परीक्षण और सुझाव भी प्रस्तुत किए जाएं। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग को भोटिया और राजी जनजाति के लिए पिथौरागढ़ जिले में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल की स्थापना को एजेंडे में शामिल करने तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में बढ़ोतरी से जुड़े मुद्दे को भी प्राथमिकता से तैयार करने के निर्देश दिए गए। ग्राम्य विकास विभाग को एस ई सी सी डेटा के स्थान पर नए और व्यावहारिक मानक विकसित करने से संबंधित प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। मुख्य सचिव ने कहा कि वर्तमान डेटा पुराना होने के कारण सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं में पात्रता निर्धारण जटिल हो जाता है, इसलिए अधिक सटीक एवं अद्यतन विकल्पों पर विचार किया जाना चाहिए। मुख्य सचिव ने उत्तराखंड की भौगोलिक चुनौतियों को देखते हुए आपदा प्रबंधन, ऊर्जा, पेयजल और सिंचाई विभागों को आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण मानकों में संशोधन तथा आर्थिक सहायता में बढ़ोतरी से जुड़े प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए । मुख्य सचिव ने कहा कि पर्वतीय परिस्थितियों और कठिन भौगोलिक हालात को ध्यान में रखते हुए सहायता राशि की वर्तमान संरचना में बदलाव अत्यंत आवश्यक है। परिवहन विभाग को क्षेत्रीय तेज परिवहन प्रणाली (फ्म्ब्ळर) का विस्तार मोदीनगर-मेरठ से हरिद्वार तक किए जाने के प्रस्ताव को एजेंडे में शामिल करने को कहा गया, जिससे पश्चिमी उत्तराखंड के यात्रियों को बेहतर और आधुनिक परिवहन सुविधा मिल सके।

## दिल्ली ब्लास्ट में मारे गए लोगों के परिजनों ने किया प्रदर्शन, मांगा मुआवजा

**नई दिल्ली/लखनऊ।** दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार बम धमाके में उत्तर प्रदेश के कई लोगों की मौत हुई है। इसमें अमरोहा के रहने वाले अशोक कुमार और लोकेश अग्रवाल भी शामिल हैं। पीड़ित परिवारों ने मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है। प्रशासन ने उन्हें आश्वासन देकर शांत कराया। एक व्यक्ति ने बताया कि हमने जिलाधिकारी को फोन कर पीड़ित परिवार की गंभीर स्थिति के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने इलाके के सीओ और एसडीएम को भेजा, लेकिन शुरूआत में कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरू किया तो प्रशासनिक अधिकारियों ने हमें आश्वासन दिया कि पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। परिवार को यह भी भरोसा दिया गया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से 10 लाख रुपए दिलाने की व्यवस्था भी की जाएगी। कार ब्लास्ट में मेरठ का मोहसिन भी मारा गया। पूरा परिवार फिलहाल दिल्ली पहुंचा हुआ है। मोहसिन की मां ने बताया कि वह रोजगार की तलाश में मेरठ से दिल्ली आया था। यहां वह ई-रिक्शा चलाता था। बहू ने हमें फोन करके घटना की जानकारी दी। मोहसिन के भाई ने बताया कि करीब 6:45 बजे हमें पता चला कि मेरा भाई घर नहीं पहुंचा है। मेरी भाभी ने हमें फोन करके बताया।

## सीसीटीवी फुटेज ने खोले कई राज: फिदायीन डॉक्टर उमर का कटा हाथ मिला

**नई दिल्ली।** बीती रात सोमवार को दिल्ली धमाके के बाद पूरे देश में हाई अलर्ट है। जगह जगह सुरक्षा बल तलाशी ले रहे हैं। धमाके की जांच चल रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इन फुटेजों में ऐसे कई राज मिले हैं जो जांच को गति और सही दिशा देने वाले साबित हो सकते हैं। एजेंसियों को अब तक की जांच में जो सबसे बड़ा क्लू मिला है उसके आधार पर यह कहा जा रहा है कि यह हमला फरीदाबाद के रेडिकल नेटवर्क फरीदाबाद मॉड्यूल से जुड़ा हुआ है। सीसीटीवी फुटेज और फोरेंसिक सबूतों से संदिग्ध सुसाइड बॉम्बर के रूप में फरीदाबाद के डॉक्टर उमर उनबी की पहचान हुई है। ब्लास्ट स्थल से बरामद एक कटा हुआ हाथ डॉक्टर उमर का ही माना जा रहा है, जिसकी डीएनए जांच के लिए कश्मीर में उनके परिवार के सैंपल लिए जा रहे हैं। बता दें कि दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम को हुए कार ब्लास्ट ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। एक धीमी गति से चल रही हुंडई आई 20 कार में भयानक विस्फोट में नौ लोग मारे गए और 20 से अधिक घायल हो गए। फुटेज में एक नीले शर्ट वाले व्यक्ति को कार के पास देखा गया, जो उमर ही माना जा रहा है। यह इमेज ब्लास्ट से ठीक पहले की बताई जा रही है। फोरेंसिक टीम ने ब्लास्ट साइट से बरामद कटे हुए हाथ को कार ड्राइवर का बताया है, जो उमर का हो सकता है। कश्मीर में उसके परिवार के डीएनए सैंपल लिए जा रहे हैं ताकि पहचान पक्की हो सके। यह खुलासा दिल्ली-एनसीआर और जम्मू-कश्मीर में चल रही व्यापक जांच का हिस्सा है। सूत्रों के अनुसार उमर एक ग्रुप ऑफ मेडिकल प्रोफेशनल्स का हिस्सा था, जो एन्क्रिप्टेड टेलीग्राम चैनलों के जरिए रेडिकलाइज्ड हो चुके थे। इस फरीदाबाद मॉड्यूल में डॉक्टर अदील का नाम भी प्रमुखता से आ रहा है, जो उमर का करीबी सहयोगी है। अदील भी जांच के दायरे में है। मॉड्यूल के सदस्यों ने मेडिकल प्रोफेशन की आड़ में आतंकी गतिविधियों को अंजाम दिया, जिसमें विस्फोटक जुटाना और नेटवर्क बनाना शामिल था। फरीदाबाद पुलिस ने हाल ही में इस मॉड्यूल पर छापेमारी की थी, जिसके बाद उमर फरार हो गया। सूत्रों के मुताबिक कार में भारी मात्रा में विस्फोटक लदा था, जो संभवतः ड्राइवर द्वारा ही ट्रिगर किया गया।

P-02:28 paga09_jhn.qxd 11/11/2025 9:52 PM Page 1



# डीएम की अध्यक्षता मे सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यो की समीक्षा बैठक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं एवं उनकी रैंक तथा प्रगति के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया। उद्यान विभाग के अंतर्गत माइक्रो इरिगेशन श्पर ड्रॉप मोर क्रॉप श्को लेकर जानकारी प्राप्त की गयी तथा कम रैंक पर संबंधित अधिकारी का स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। दैनिक विद्युत आपूर्ति को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतें ,विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन आदि पर भी चर्चा की गयी। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत पूर्व दशम छात्रवृत्ति कक्षा 9 से कक्षा 10 में रैंक कम होने पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने संबंधित प्रधानाचार्यों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। पिछड़ा वर्ग विभाग के अंतर्गत पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना को लेकर जानकारी प्राप्त की गई रैंक कम होने पर छात्रवृत्ति से संबंधित आवेदनों की जांच के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ओडीओपी वित्त पोषण योजना पर भी चर्चा की गई तथा कम रैंक आने पर संबंधित अधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि पर भी चर्चा की गई। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, डे एनआरएलएम, पीएम आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण ,दुग्ध मूल्य भुगतान की स्थिति, दिव्यांगजन पेंशन जल जीवन मिशन ग्रामीण, फैमिली आईडी ,एंबुलेंस 108 ,सामाजिक वानिकी आदि पर भी चर्चा की गई एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सूक्ष्म स्तर पर कार्य करें अपने अधीनस्थ ग्राउंड लेवल के कर्मचारियों को सक्रिय करें। पूर्वी फाउंडेशन से विनीत कश्यप द्वारा उनकी टीम द्वारा तालाबों के जीर्णोद्धार पर किये जा रहे कार्यों पर अपना प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरूण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




# 13 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए समीक्षा बैठक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में प्रास्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसम्बर के सफलतापूर्वक आयोजन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के संबंध में जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ विदुषी सिंह के आदेशानुसार नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, सम्भल स्थित चन्दौसी अवेधश कुमार सिंह के विश्राम कक्ष में एक बैठक समस्त तहसीलदार, समस्त नगर पंचायत एवं नगर पालिक परिषद के अधिशात्ती अधिकारी एवं परिवहन विभाग से सम्बन्धित अधिकारी के साथ आयोजित की गयी। जिसमें नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश सम्भल स्थित चन्दौसी द्वारा आगामी लोक अदालत में संपत्ति अधिग्रहण, वित्तीय विवाद, वैवाहिक मुद्दों जैसे पारिवारिक विवाद, धन वसूली से संबंधित मामले, श्रम विवाद से संबंधिक मुद्दे तथा सार्वजिनक उपयोगिता बिलों जैसे बिजली या पानी से संबंधित मामलों को अधिक से अधिक संख्या में सुलह-समझौतों के माध्यम से निस्तारण के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये। उपरोक्त बैठक के अवसर पर विभांशु सुधीर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सम्भल स्थित चन्दौसी, तहसीलदार चन्दौसी रविसोनकर, रविन्द्र विक्रम तहसीलदार गुन्नौर, योगेन्द्र यादव पी.टी.ओ. सम्भल, अनरेश तिवारी अधिशासी अधिकारी बबराला गुन्नौर, अमन बर्मा जूनियर इंजिनियर सिविल, सुमित कुमार एस.एफआई. सम्भल, विभाशु सिंह इजीनियर जिला पंचायत, चेतांक सारस्वत अधिशासी अधिकारी नगर पचायत गवा आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश, संभल स्थित चन्दौसी अवेधश कुमार सिंह द्वारा दी गयी।



# स्वदेशी अपनाओ विदेशी भगाओ के लिए व्यापारियों से की गई अपील

*** अखिल भारतीय उधोग व्यापार मंडल की आयोजित विचार गोष्ठी में कराई सदस्यता ग्रहण**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** अखिल भारतीय उधोग व्यापार मंडल ने दतोपंत ठेंगड़ी स्वदेशी जागरण मंच के प्रणेता स्वदेशी संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए अखिल भारतीय उधोग व्यापार मंडल की ओर से एक विचार गोष्ठी का आयोजन कर एक दर्जन से अधिक शहर के व्यापारियों को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराकर फूल मालाओं से पदाधिकारीयो ने किया जोरदार स्वागत कार्यक्रम का आयोजन नखासा स्थित एक रेस्टोरेंट में किया गया जिसमें हाजी एहतेशाम अहमद व नाजिम सैफी ने व्यापारी उत्थान व विदेशी वस्तुओ के बहिष्कार के साथ ही स्वदेशी वस्तुओ को अधिक संख्या में अपनाने पर जोर दिया गया और विचार गोष्ठी में सम्मिलित हुए सभी व्यापारियों द्वारा संकल्प लेकर विदेशी आइटमो को दूर करने की अपील की गई। इस दौरान हाजी एहतेशाम, अशरफ हुसेन, मो0 नाज़िम सेफी, फुरकान वारसी, मो0 शाहनवाज, मो0 अतीक, दानिश खान, मो0 रेहान, अज़मत अली, जकी अनवर, जुहेब, मो0 वासिफ चौधरी दानिश एड0, सैय्यद शान एड0, मीडिया प्रभारी अज़ीम अब्बासी सहित अनेक अखिल भारतीय उधोग व्यापार मंडल पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।




# हाए तकदीर ज़माने ने उसे छीन लिया

*** बज़्मे तरब के तरही मुशायरे मे शायरो ने कलाम पेश करके बांध समा**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** बज्मे तरब के तत्वधान में एक तरही मुशायरा उस्मान अन्सारी के मकान मौहल्ला रूकनुद्दीन सराय में आयोजित किया गया जिसमे शहर के शायरो ने अपना कलाम पेश कर सभी को वाह-वाह करने पर मजबूर कर दिया तरही मुशायरे में मुख्य अतिथि के रूप में निजाम सम्मली तथा नादान सम्मली रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में साकिब सम्भली तथा शुजा अनवर रहे नवाब पप्पन ने शमा रोशन कर मुशायरे का आगाज किया नौशाद सम्भली ने नाते पाक पेश कर मुशायरे की शुरुआत की बहारिया दौर का आगाज करते हुए उन्वान सम्भली ने कहा-जब बना सकते नहीं आप किसी के खदो खाल, आप को मसनदे शाही से उतर जाना था। निज़ाम सम्भली ने कहा-अपनी तस्वीर लगी छोड़ गया कमरे मे, भाई को भाई की तन्हाई का अन्दाज़ा था। वसीम अख्तर सम्भली ने कहा -उम्र भर साथ रहा जिसके हुज़ू मे दुनिया, आखरी वक्त में वह शख्स मगर तन्हा था। फहीम साकिब ने कहा-हाए तकदीर ज़माने ने उसे छीन लिया, जिन्दगी करके फना हमने जिसे पाया था। मुजाहिद नादान ने कहा-नॉव कागज की भला तैरती रहती कब तक, इक न इक रोज तो अफ़साने में रंग आना था। नौशाद सम्भली ने कहा-इसलिए मुझसे कभी मिलने नहीं आया वह, रहगुज़र मे मेरी रख्खा हुआ आइना था। मुशायरे के कन्वीनर उस्मान अंसारी ने कहा- मुझको ज़रुमो की नुमाइश का कोई शौक नही, ज़ख्म अपनो ने जो दिया वह बहुत गहरा था। अतहर सम्भली ने कहा-सुन के रूदाद मेरी अब वह बहुत हसता है, वह जो माजी में कभी मेरा हुआ करता था। बेदिल सम्भली ने कहा-आज फिर लोगो ने हाथो में उठा लिए पत्थर, आज फिर बस्ती में एक कैस नजर आया था। अध्यक्षता करते हुए हुसैन अफसर ने कहा खूब दोनो ने मुहब्बत का सिला पाया था, मुज़तरीब हीर इधर थी तो उधर राँझा था। तरही मुशायरे में इसके अतिरिक्त हाजी इस्लाम, मोव जुनैद, जियाउर रहमान एड0, मौ0 कासिम एड., मौ0 जमील एड. मौ0 कासिम फैज़ान पाशा, मौ0रिजे वान, फैजान सैफी अनस मजीदी आदि लोगा उपस्थित रहे। तरही मुशायरे की अध्यक्षता सैयद हुसैन अफसर तथा संचालन हकीम बुरहान सम्भली ने किया तरही मुशायरे की अध्यक्षता सै0 हुसैन अफसर तथा संचालन हकीम बुरहान सम्मली ने किया।



# तेज़ रफ़्तार का कहर:ट्रैक्टर ट्राली ने कुचलें दो युवक ,मौके पर दोनों की मौत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** सोमवार देर शाम दिल्ली रोड पर साईं धाम मंदिर के पास हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। अपाचे बाइक सवार दोनों युवक सहारनपुर से घर लौट रहे थे तभी सामने से गलत दिशा में आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह नागर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान गांव पहांसु निवासी अतुल (22) पुत्र मामचंद और अमित (24) पुत्र ऋषिपाल के रूप में हुई है। दोनों सोमवार को किसी कार्य से सहारनपुर गए थे और लौटते समय हादसा हो गया। उनकी बाइक का नंबर ॥क्र78स्न 5054 है। पुलिस ने महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली (मॉडल 575 DI XP Plus) को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है, जबकि हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में ट्रैक्टर चालक की लापरवाही साफ उजागर हो रही है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

हादसे की खबर से गांव पहांसु में मातम पसर गया है। ग्रामीणों ने दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# दिल्ली ब्लास्ट की घटना के मृतकों को पूर्व चैयरमेन नुसरत इलाही ने दी श्रद्धांजलि

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** दिल्ली में हुए ब्लास्ट में मारे गए लोगों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते हुए घटना पर गहरा दुख प्रकट किया गया।

मंगलवार को भारतीय सद्भावना मंच को प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक एवं संभल नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही के नेतृत्व में उनके सिरसी रेलवे क्रॉसिंग स्थित कोल्ड स्टोर के कार्यालय पर इकट्ठा हुए कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने दिल्ली में हुए ब्लास्ट पर गहरा दुख प्रकट किया और मारे गए लोगों के प्रति कैंडल जलाकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। हाजी नुसरत इलाही जामई ने बोलते हुए कहा कि यह घटना बेहद दुख भरी घटना है और हम गृहमंत्री से मांग करते हैं कि वह इस मामले में कड़े कदम उठाएं और दोषियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए जिन्होंने भी इस तरह की घटना को अंजाम दिया है दुआ करते हैं कि हमारे मुल्क हमारे शहर और देश के कोने-कोने में अमन शांति और भाईचारा बना रहे।



# द गुरुकुल भवानीपुर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** भारतीय इतिहास संकलन समिति के तत्वावधान में द गुरुकुल भवानीपुर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का आस्था और श्रद्धा के साथ सामूहिक गायन हुआ। राष्ट्रीय गीत को राष्ट्रीय चेतना का आधार बताकर उसके महत्व और इतिहास पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया।

भवानीपुर पुल के निकट संचालित विद्यालय द गुरुकुल में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का छात्र-छात्राओं, शिक्षक मंडल, प्रबंध समिति तथा भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप से आस्था और श्रद्धा के साथ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया। अपने संबोधन में द गुरुकुल के प्रबंधक यतेंद्र वर्मा ने कहा कि भारत की राष्ट्रीय चेतना का आधार वंदे मातरम है। वंदे मातरम का गायन करते ही अजीब स्फूर्ति और ऊर्जा प्राप्त होती है। देश की बलिवेदी पर न्योछावर होने की प्रेरणा भी मिलती है। स इतिहास संकलन समिति के लेखक प्रमुख उमेश श्रीमाली ने वंदे मातरम का अर्थ बताते हुए उसके इतिहास पर प्रकाश डाला और बताया कि 1875 से वर्तमान तक भारतीयों के दिल और दिमाग पर प्रभावी रहने वाला राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम हमें अपने देश के लिए बहुत कुछ कर गुजरने की शिक्षा देता है। समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखित वंदे मातरम की 150 वर्ष की सफलतम यात्रा को अद्भुत समर्पित और प्रेरक बताते हुए सभी उपस्थित सदस्यों को वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मयंक अग्रवाल, ममता सिंह, चंद्रशेखर तिवारी, तबस्सुम जहरा, मयंक अग्रवाल, विनीत शर्मा, मीनू, हिना खानम, ममता सिंह, इशिता सक्सेना, अविनाश शुक्ला आदि ने वंदे मातरम के परिपेक्ष में अपने सार गर्भित विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन द गुरुकुल की प्रधानाचार्या सुनीता वर्मा ने किया।



# म्यूटेशन आवेदनों को पैंडिंग रखने पर होगी सख्त कार्रवाई



*** नगर निगम जनसुनवाई में आयी चार समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने म्यूटेशन मामलों की विस्तार से जानकारी लेते हुए म्यूटेशन के निर्विवाद मामलों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जिस अधिकारी या कर्मचारी के स्तर पर म्यूटेशन आवेदनों को पैंडिंग रखा जायेगा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

नगरायुक्त ने 'संभव' जनसुनवाई में आयी म्यूटेशन सम्बंधी एक समस्या की सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिए। आज जनसुनवाई में आयी चार समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने विद्युत व अतिक्रमण प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। वार्ड 39 के सुपन कुमार ने पेपर मिल रोड स्थित रामूगेट पर खाली पड़े प्लाट से अतिक्रमण हटवाने तथा न्यू मक्खन नगर निवासी चंद्रजीत सिंह निक्कू ने कॉलोनी की सड़क पर बनी अवैध दुकानों को हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर नगरायुक्त ने अतिक्रमण प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसके अलावा वार्ड 16 साउथ सिटी निवासी दीपक गोयल ने दिल्ली रोड स्थित साउथ सिटी पार्क की बंद पड़ी लाइटों को ठीक कराने तथा वार्ड 21 टैगोर गॉर्डन पेपर मिल रोड निवासी ऋषिपाल सिंह ने पेपर मिल रोड पर खंभों पर लगी लाइटों को खंभों से हटाकर दीवार पर लगाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। नगरायुक्त ने पथ प्रकाश प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने को कहा। जनसुनवाई के दौरान अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, सहायक नगरायुक्त बिकास धर दुबे व जे पी यादव सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# यातायात माह के अर्न्तगत वाहन चलाने वालों को नियमों के लिए किया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** यातायात माह नवंबर 2025 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक संभल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी के कुशल नेतृत्व में जनपद संभल में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शंकर भूषण इंटर कॉलेज, संभल में एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा संकेतों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों से प्रश्नोत्तर किए गए तथा सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन दुष्यंत बालियान, प्रभारी यातायात द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने, यातायात नियमों का पालन करने एवं दूसरों को भी जागरूक करने का संदेश दिया गया।



# जल संरक्षण के लिए सिंचाई बंधु की बैठक का किया गया आयोजन

*** भूगर्भ जल को अधिक से अधिक बचाने का किया जाए कार्य: मुख्य विकास अधिकारी**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** कलक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय सिंचाई बंधु समिति के उपाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू की अध्यक्षता में सिंचाई बंधु की जनपद स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने लघु सिंचाई के संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि लघु सीमांत कृषकों की सुविधाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जाए। शासन की प्राथमिकता के अनुसार कृषकों के साथ अच्छा व्यवहार हो तथा आईजीआरएस शिकायतों के अन्तर्गत अच्छे से सुनवाई हो। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी संवेदनशील बनें जनसुनवाई के अन्तर्गत जनसामान्य की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। मुख्य विकास अधिकारी ने लघु सिंचाई से संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जल संरक्षण को लेकर कार्य किया जाए, जल संरक्षण को समझना आवश्यक है। सभी विभाग जल संरक्षण को लेकर कार्य करें।रेनवाटर हार्वेस्टिंग पर भी कार्य किया जाए। भूगर्भ जल को अधिक से अधिक बचाने तथा जल का सदुपयोग करने को लेकर भी चर्चा की गयी। सिंचाई बंधु जिला स्तरीय समिति के उपाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने कहा कि सभी लोग अपने अपने कार्यों के प्रति सजग रहें। विद्युत विभाग सजगता के साथ कार्य करे। उन्होंने कहा कि जनपद में नहर का कार्य शीघ्रता के साथ पूर्ण हो उसके लिए प्रयास किये जाएं। अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार ने बैठक में आये सभी लोगों का धन्यवाद दिया उन्होंने कहा कि बैठक के अन्तर्गत जो भी दिशा निर्देश दिए हैं उनका अक्षरशः पालन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, चंद्रसेन राणा, विद्युत विभाग से एसडीओ बहजोई अखिलेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी सिंचाई बंधु उपस्थित रहे।

# मीट की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की छापामारी नोटिस जारी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मीट की दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापामार कार्यवाही की। ज़रूरी दस्तावेज़ देखे गये। साफ सफाई को भी चैक किया गया। इस छापामारी से दुकानदारों मे हड़कम्प मच गया।

विभाग की ओर से नोटिस भी जारी किए गए हैं।

जानकारी अनुसार बताते चलें कि मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा चमन सराय संभल नगरपालिका स्थित 7 मीट शॉप्स का निरीक्षण किया गया। जिनमे आज़म मीट शॉप, शाह आलम मीट शॉप, जावेद मीट शॉप, फ़ैज़ान मीट शॉप, फैजल मीट शॉप, अंसार फ्रेश बफैलो मीट शॉप, साबरी फ्रेश बफैलो मीट शॉप सभी मीट शॉप परिसर में साफ़सफ़ाई संतोषजनक न पाए जाने एवं आवश्यक अभिलेख उपलब्ध न कराए जाने पर सभी को नोटिस जारी किए गए। नोटिस का जवाब संतोषजनक न दिए जाने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही के दौरान मानवेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त (खाद्य)-।। के नेतृत्व में राहुल सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, राजेश कुमार, सुधीर कुमार, राजीव कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप मे मनाया गया मौलाना अबुल कलाम आज़ाद का जन्मदिन

**संभल।** भारत के शिक्षा मंत्री रहे मौलाना अबुल कलाम आज़ाद का जन्मदिन विधालय की छात्राओं ने धूमधाम के साथ मनाते हुए उनके जीवन मे किए गए कार्यो पर प्रकाश डाला। मंगलवार को नगर के नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इण्टर कॉलिज के प्रांगण मे आयोजित मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के जन्मदिन के अवसर पर उन्हे खिराजे अकीदत पेश की गई। विधालय की प्रधानाचार्य कु0 रफ्त जहां ने बोलते हुए कहा कि मौलाना अबुल कलाम आज़ाद साहब एक प्रसिद्व लेखक के साथ ही अच्छे राजनीतिज्ञ भी थे। वह कांग्रेस पार्टी के प्रेसिडेंट भी रहे। विधालय के संयोजक सईद अख्तर इसराईली ने बोलते हुए कहा कि मौलाना अबुल कलाम आज़ाद को शिक्षा से बेहद लगाव था। इस लिए उनको शिक्षा मंत्री बनाया गया। उनका जन्मदिन राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप मे मनाया जाता है।



## नाम परिवर्तन

मै Nasim पुत्र Shamim निवासी 857 ग्राम इस्लाम नगर जिला सहारनपुर उ प्र 247451 ने अपना नाम Nasim से बदलकर Naseem कर लिया है अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यो के लिए Naseem के नाम से जाना जायगा।

## सूचना

दि. 9/11/ 2025 को अभियुक्त अरबाज पुत्र नौशाद निवासी ग्राम सुनहेटी खड़े खड़ी थाना गागलहेड़ी जिला सहारनपुर की हस्ब आदेश माननीय न्यायालय श्रीमान ACJM द्वितीय महोदय सहारनपुर के धारा 84 भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता उद्धोषणा गांव में ढोलक बजाकर मनादी कर व आदेश कि छाया प्रति अभियुक्त के मुख्य दरवाजे व गाँव के सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किया गया । थानाध्यक्ष गागलहेड़ी सहारनपुर व विवेचक राशिद व हमराह फोर्स मौजूद रहा।

# दिल्ली में धमाका करने वालों को पकड़े जाने पर दी जाए फांसी: धीरेंद्र शास्त्री

शिशा शर्मा

उत्तम भारत, नई दिल्ली। बागेश्वर धाम के आचार्य और कथा वाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोट की घटना पर प्रतिक्रिया दी। हरियाणा के पलवल में पदयात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि जब भी धमाके हुए, उसे कहीं ना कहीं एक कट्टरपंथी मजहबी विचारधारा के लोगों ने किया। हमेशा भारत को, भारत माता को, सनातन को टारगेट किया। उन्होंने कहा कि कल जो हुआ वह घोर निंदनीय और अमानवीय है। भगवान से प्रार्थना है कि जिनका शरीर पूरा हुआ उन्हें वे अपने चरणों में स्थान दें। हम उन्हें शोक संवेदना व्यक्त करते हैं। धीरेंद्र शास्त्री ने अपील की कि कट्टर मजहबी पंथ की विचारधारा की सोच पर लगाम लगाने के लिए अब सनातनियों को एक होना पड़ेगा। तुम कितना भी भारतीयों को डरा दो, सनातनियों को डरा दो। ना हम डरेंगे और ना हम झुकेंगे। उन्होंने कहा कि इस देश में जब तक भारतीयों की एकता नहीं हो जाती है



तब तक हम पदयात्रा करते रहेंगे। शास्त्री ने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि जो पकड़े जाने वालों को फांसी दी जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा सुचारू रूप से चल रही है और निर्बाध रूप से जारी रहेगी। हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार इस पर बारीकी से नजर रख रही हैं। हम सभी भक्तों से अपील करते हैं कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। बता दें दिल्ली में सोमवार शाम को लाल किले के पास जोरदार धमाका हुआ। ह्युंडई आई20 कार ट्रैफिक सिग्नल पर रुकते ही उसमें धमाका हो गया, जिससे 13 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा घायल हैं। धमाके इतना जबरदस्त था कि आसपास की तीन-चार गाड़ियों और ऑटो रिक्शा आग की लपटों में घिर गए। खिड़कियां टूट गई और धुंआ चारों ओर फैल गया। घटनास्थल लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास की है, जहां पर्यटक और स्थानीय लोग शाम के समय व्यस्त रहते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि दूर तक महसूस हुई और लोग भागते हुए गिर पड़े। दिल्ली पुलिस ने तुरंत इलाके को घेर लिया, जबकि फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। इस घटना ने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट कर दिया है। दिल्ली पुलिस ने मामला यूएपीए और विस्फोटक अधिनियम के तहत दर्ज किया है। एनआईए, फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी और स्पेशल सेल की टीमें जांच में जुड़ गई हैं।

# दिल्ली सरकार ने स्कूलों को पांचवीं कक्षा तक हाइब्रिड मोड में कक्षाएं संचालित करने को कहा

दीया शर्मा

उत्तम भारत, नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने मंगलवार को शहर में प्रदूषण के स्तर में वृद्धि के मद्देनजर स्कूलों को पांचवीं कक्षा तक हाइब्रिड मोड में कक्षाएं संचालित करने का निर्देश दिया। यह कदम केंद्र द्वारा क्रमिक प्रतिक्रिया कार्रवाई योजना (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत प्रदूषण रोधी उपाय लागू किए जाने के बाद उठाया गया है। शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है, शिक्षा निदेशालय, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, दिल्ली नगर निगम और दिल्ली छावनी बोर्ड के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, गैर-सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के प्रमुखों को



निर्देश दिया जाता है कि वे पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए हाइब्रिड मोड में कक्षाएं संचालित करें यानी अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से स्कूल के साथ-साथ ऑनलाइन दोनों माध्यमों (जहां भी ऑनलाइन कक्षाएं संभव हो) में कक्षाएं संचालित करें। यह निर्णय दिल्ली के औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के सोमवार के 362 से बढ़कर मंगलवार सुबह 425 हो जाने के बाद लिया गया। दिल्ली की वायु गुणवत्ता धीमी गति से हवा चलने, स्थिर वातावरण और प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण बिगड़ी, जिससे प्रदूषक सतह के करीब जमा हो गए।

# दिल्ली में इस मौसम की सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज, एक्यूआई 423 पर पहुंचा

उत्तम भारत संवाददता, नई दिल्ली। दिल्ली में मंगलवार को वायु गुणवत्ता इस मौसम की सबसे खराब स्थिति में पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 423 दर्ज किया गया जो गंभीर श्रेणी में आता है। केंद्र ने राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंचने के बाद मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में क्रमिक प्रतिक्रिया कार्रवाई योजना (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत कड़े प्रदूषण-रोधी उपाय लागू किए। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सोमवार को जारी 24 घंटे के औसत एक्यूआई आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली की वायु गुणवत्ता 362 के एक्यूआई के साथ बहुत खराब रही थी जो मंगलवार सुबह और खराब होकर 423 हो गई। सीपीसीबी वर्गीकरण



के अनुसार, एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है। दिवाली के बाद से राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता लगातार खराब या बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है और यह बीच-बीच में गंभीर श्रेणी में भी दर्ज की गई है। शहर में पिछले हफ्ते से तापमान में भी गिरावट जारी है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.1 डिग्री सेल्सियस कम 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। दिल्ली में ठंड के दस्तक देने के बाद सोमवार को मौसम की पहली शीत लहर दर्ज की गई और आया नगर स्टेशन पर तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

# लालकिला विस्फोट: बारह मृतकों में टैक्सी चालक और सौंदर्य प्रसाधन की दुकान का मालिक शामिल

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के शामली जिले के अट्ठारह वर्षीय नोमान अंसारी अपनी दुकान के लिए सौंदर्य प्रसाधन खरीदने राष्ट्रीय राजधानी आया था और लालकिले के पास हुए शक्तिशाली विस्फोट में उसकी जान चली गई। शामली के झिंझाना कस्बे के रहने वाला नोमान अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था। नोमान के रिश्तेदार फुरकान ने बताया, नोमान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका रिश्ते का भाई अमन घायल हो गया और उसका दिल्ली के लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल में इलाज जारी है। फुरकान ने बताया कि नोमान का परिवार उसका शव दफनाने के लिए राजधानी से ले जाने की तैयारी कर रहा है। पीड़ित के रिश्तेदार एवं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के पास एक दुकान में काम करने वाले सोनू ने कहा, आज सुबह-सुबह मेरे रिश्तेदार का फोन आया कि नोमान नहीं रहा और उन्होंने मुझे एलएनजेपी अस्पताल पहुंचने को कहा। मृतकों में अमरोहा जिले के रहने वाले 34-वर्षीय अशोक कुमार भी शामिल हैं, जो दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) में बतौर बस कंडक्टर कार्यरत थे। एक अन्य मृतक की पहचान 22-वर्षीय पंकज सहनी के रूप में हुई है, जो टैक्सी चलाता था। उनके रिश्तेदार रामदेव सहनी ने बताया कि दिल्ली के कोतवाली पुलिस थाने से सोमवार शाम हुए विस्फोट में उनके रिश्तेदार की मौत होने की सूचना मिली थी। इस विस्फोट में 12 लोग मारे गए थे। वह शव लेने के लिए मुर्दाघर के बाहर इंतजार कर रहे थे, जबकि मृतक के भाई और पिता अंदर कागजी कार्रवाई पूरी करने के लिए मौजूद थे। रामदेव सहनी ने कहा, ह्यवह तीन साल से टैक्सी चला रहा था। हमें बताया गया कि उसके सिर का पिछला हिस्सा उड़ गया था। वैगन-आर कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दिल्ली पुलिस के अनुसार, मंगलवार को तीन और लोगों की मौत के साथ, मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। इस घटना में 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और विस्फोटक अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है तथा जारी जांच के तहत दिल्ली पुलिस कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और हाई अलर्ट रखा गया है। राष्ट्रीय राजधानी में हुए विस्फोट को देखते हुए उत्तर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियों और राज्य पुलिस ने पूरे राज्य में सतर्कता बढ़ा दी है।

# दिल्ली ब्लास्ट में क्षतिग्रस्त एक कार छत्तीसगढ़ में रजिस्टर्ड, खरीदारी करने गया परिवार सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली में सोमवार शाम हुए ब्लास्ट की जांच के दौरान सुरक्षा एजेंसियों को छत्तीसगढ़ से जुड़ा एक सुराग मिला है। एजेंसियों की जांच में यह सामने आया कि ब्लास्ट में क्षतिग्रस्त एक कार छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के सिर्री गांव निवासी के नाम पर पंजीकृत है। हालांकि, राहत की बात यह है कि धमाके में कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। ब्लास्ट में क्षतिग्रस्त मारुति कंपनी की कार का नंबर सीजी 04 पीवाई 6021 है। यह कार सिर्री गांव के रहने वाले प्रशांत बघेल के छोटे भाई हिमांशु बघेल के नाम पर रजिस्टर्ड है। कार के मालिक हिमांशु पिछले पांच सालों से दिल्ली-नोएडा में सेल्फ ड्राइव कार कंपनी चला रहे हैं। इस कंपनी के माध्यम से वे ग्राहकों को किराये पर वाहन उपलब्ध कराते हैं। घटना के वक्त यह कार उत्तराखंड के एक परिवार को किराये पर दी गई थी, जो दिल्ली के चांदनी चौक में शादी की खरीदारी के लिए गया हुआ था। इसी दौरान धमाका हुआ, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कार में सवार चार लोगों में से एक व्यक्ति को हल्की चोटें आईं, बाकी तीन लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। हादसे के बाद हिमांशु के साथ काम करने वाले दुर्ग निवासी जयंत झमानी हाल ही में दिल्ली से लौटकर सिर्री गांव पहुंचे और हिमांशु के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को आश्वस्त किया कि सभी लोग सुरक्षित हैं। कार को केवल मामूली नुकसान पहुंचा है, जिसमें शीशा टूटने की बात सामने आई है। सोमवार शाम लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास खड़ी हरियाणा में रजिस्टर्ड हुंडई आई20 कार में विस्फोट हो गया, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, लालकिले के आसपास ऑपरेट हो रहे सभी मोबाइल फोनों का डंप डाटा लिया जा रहा है। पार्किंग क्षेत्र में खड़ी गाड़ी से जुड़े संभावित फोन नंबरों की पहचान की जा रही है। इसके अलावा धमाके वाली गाड़ी में सवार लोग या इससे जुड़े व्यक्तियों ने आपस में बातचीत की होगी, इसलिए फोन डाटा को अहम सबूत माना जा रहा है।

# दिल्ली धमाका: दो लोगों को हिरासत में लिया पर, आतंकी घटना है या नहीं अब तक पता नहीं चला

उत्तम भारत संवाददता, नई दिल्ली। दिल्ली में सोमवार शाम लाल किले के पास एक कार में हुए धमाके में 8 लोगों की मौत के बाद पुलिस ने अब तक दो लोगों को हिरासत में लिया है। जांचकताओं ने अब तक किसी आतंकी साजिश या किसी और वजह से जुड़े कोई नतीजे नहीं निकाले हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सभी एंगल से जांच की जा रही है। हिरासत में लिए गए दो लोगों की पहचान सलमान और देवेंद्र के रूप में हुई है, जो पहले धमाके वाली हुंडई आई 20 कार के मालिक थे। पुलिस ने बताया कि आगे के सुराग तलाशने के लिए कार की पूरी सेल हिस्ट्री खंगाली जा रही है। गुरुग्राम पुलिस के प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि धमाके में शामिल हुंडई आई20 कार असल में गुरुग्राम निवासी सलमान के नाम पर रजिस्टर्ड थी। यह 2013 मॉडल की सफेद रंग की कार है। उन्होंने कहा कि सलमान ने यह कार करीब डेढ़



साल पहले दिल्ली के ओखला में रहने वाले देवेंद्र नाम के एक आदमी को बेच दी थी। हमने सलमान को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया है। दिल्ली पुलिस अधिकारियों ने बताया कि देवेंद्र को भी हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस अफसर संदीप कुमार ने कहा कि कार की बाद की बिक्री और उसके मालिकाना हक की पूरी चेन का पता लगाने के लिए दोनों से पूछताछ की जा रही है। गुरुग्राम पुलिस प्रवक्ता ने यह भी बताया कि कार बाद में अंबाला में भी किसी को बेची गई थी, लेकिन अभी और जानकारी जुटाई जा रही है। सलमान गुरुग्राम के शांति नगर का रहने वाला है, जहां वह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने धमाके के बाद एक ब्रीफिंग में कहा कि सुभाष मार्ग ट्रैफिक सिग्नल पर एक कार में धमाका हुआ था। शाह ने कहा कि सभी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस घटना की जांच की जा रही है और इसके नतीजे जनता के सामने पेश किए जाएंगे। 10 नवंबर की शाम यह धमाका उस वक्त हुआ जब इलाके में काफी भीड़ थी। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। घायलों को कुछ किलोमीटर दूर एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया।

# दिल्ली विस्फोट पर सीजेआई ने जताया शोक, कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास सोमवार शाम हुए बम ब्लास्ट से पूरा देश स्तब्ध है। इस ब्लास्ट में अब तक 10 से अधिक लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। देश के कई राज्य हाई अलर्ट पर हैं।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस बी. आर. गवई ने मंगलवार को दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि कल की घटना बेहद दुखद है। इस घटना में जान-माल की हानि से हम सभी बेहद दुखी हैं। सीजेआई ने पूरी लीगल फ्रेटरनिटी की तरफ से संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन सभी शोक संतप्त लोगों के साथ हैं जो घायल हुए और उस विस्फोट से प्रभावित हुए हैं। शोक संदेश में उन्होंने लिखा, ह्10 नवंबर, 2025 की शाम को दिल्ली में हुए कार विस्फोट में हुई दुखद जनहानि से हम सभी बेहद दुखी हैं। भारत के सर्वोच्च न्यायालय और देश की समस्त न्यायिक एवं कानूनी बिरादरी की ओर से, मैं उन परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इस विनाशकारी त्रासदी में अपने प्रियजनों को खो दिया है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन सभी के साथ हैं जो शोक संतप्त हैं, साथ ही उन लोगों के साथ भी जो घायल हुए हैं या अन्यथा प्रभावित हुए हैं। कोई भी शब्द इस क्षति के दर्द को कम नहीं कर सकता, फिर भी हम आशा करते हैं कि राष्ट्र की सामूहिक करुणा और एकजुटता इस दुख की घड़ी में कुछ सांत्वना प्रदान करेगी।

# लाल किला ब्लास्ट मामले की जांच के लिए बनाई गई जांच टीम, 500 से ज्यादा अधिकारी शामिल

उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली। देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लाल किला के पास हुए बम धमाके की जांच के लिए 500 से ज्यादा अधिकारियों और जवानों की टीम गठित की गई है। इस टीम में मुख्य रूप से दिल्ली पुलिस, आईबी, एनएसजी, एनआईए सहित अन्य जांच एजेंसियों के अधिकारी शामिल हैं। यह जांच टीम इस हमले से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। जांच के तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पहलू अनदेखा न रहे। इस जांच टीम में मुख्य रूप से तेजतर्रार अधिकारियों को ही शामिल किया गया, जिससे जांच के दौरान किसी भी प्रकार की विसंगति न रहे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस ब्लास्ट की जांच के लिए 1 हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं, ताकि इसके संबंध में किसी भी प्रकार का क्लू मिल सके। लाल किले के पास आई-20 कार में जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके की वजह से आसपास के लोग दहल गए। इस धमाके की जद में आकर अब तक 10 से ज्यादा लोगों की मौत की पुष्टि की जा चुकी है। केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया है कि इस हमले में संलिप्त किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। इस ब्लास्ट की जांच की जा रही है। लाल किले के पास हुए इस ब्लास्ट के बाद पुलिस की तरफ से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और मोबाइल कम्युनिकेशन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है ताकि किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सके। उधर, इस ब्लास्ट के बाद विभिन्न राज्यों की पुलिस अब अलर्ट मोड पर आ चुकी है। जांच प्रक्रिया तेज कर दी गई है। खासकर सीमावर्ती इलाकों में आवागमन करने वाले वाहनों की भी सघन जांच की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

# लालकिला विस्फोट कांड: घटनास्थल के आसपास के कई बाजार बंद, तलाशे जा रहे हैं सबूत

नई दिल्ली। लालकिला मेट्रो स्टेशन के सामने सोमवार शाम को हुए विस्फोट के बाद मंगलवार को कुछ बड़ी मार्केट बंद रखे गए। विस्फोट वाले स्थान के ठीक सामने लाजपतराय मार्केट है। व्यापारियों के मुताबिक उन्होंने मंगलवार सुबह यह निर्णय पुलिस प्रशासन के निर्देश पर लिया। उनका कहना है कि विस्फोट के कारण कई पार्टिकल्स उनकी दुकानों के ऊपर व आसपास गिरे हैं। पुलिस जांच में ये पार्टिकल्स महत्वपूर्ण हो सकते हैं। पुलिस व जांच एजेंसियां इन्हें एकत्र कर रही हैं। यही कारण है कि बाजार बंद रखे गए हैं। उधर लालकिले को भी फिलहाल पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। चांदनी चौक का मुख्य बाजार सामान्य दिनों की तरह खुला है और स्कूल भी खुले हैं। लालकिला मेट्रो स्टेशन पर संचालन सामान्य है। लालकिला मेट्रो का गेट नंबर 2 व एक अन्य गेट यात्रियों के लिए खुले हैं। सेंट्रल रेडियो एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मर्चेंट्स एसोसिएशन (क्रेमा), ओल्ड लाजपत राय मार्केट और चांदनी चौक ने बताया कि सोमवार को ब्लास्ट की जो घटना हुई थी, उसके संदर्भ में आज विभिन्न जांच एजेंसियां इस पूरे क्षेत्र का निरीक्षण करेंगी। मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय नागपाल का कहना है कि चूंकि यह घटना ठीक मार्केट के सामने हुई थी, इसलिए सुरक्षा एवं जांच की दृष्टि से ओल्ड लाजपत राय मार्केट को मंगलवार को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। हम सभी व्यापारियों को इस आदेश का पूर्ण रूप से पालन करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सभी व्यापारी भाइयों से निवेदन किया गया है कि इस सूचना को तुरंत अपने सभी मैन्युफैक्चरर्स, ग्राहकों और स्टाफ तक पहुंचा दें, ताकि किसी को भी किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसका एक असर यह भी होगा कि घटनास्थल के आसपास वाहनों व लोगों की भीड़ नहीं लगेगी। सामान्य कार्य दिवसों में यह इलाका काफी भीड़-भाड़ वाला रहता है। यहां होलसेल बाजार होने के कारण दिल्ली के बाहर से भी बड़ी संख्या में व्यापारी आते हैं। व्यापारियों का कहना है कि इसी तरह न्यू लाजपत राय मार्केट को भी बंद रखने का फैसला किया गया। दरअसल, घटनास्थल से महज चंद कदमों की दूरी पर ही पुरानी दिल्ली के कई बड़े बाजार हैं। घटनास्थल के सामने ही चांदनी चौक मेन मार्केट है और इलेक्ट्रॉनिक सामान का हब कहा जाने वाला लाजपत राय मार्केट है। यहां से महज कुछ कदमों की दूरी पर ही प्रसिद्ध गौरी शंकर मंदिर भी है। मंदिर में मंगलवार को सामान्य दिनों की तरह पूजा हुई। मौके पर मौजूद रहे दुकानदारों व अन्य लोगों के मुताबिक, धमाका इतना तेज था कि आसपास की दुकानों के शीशे चटक गए। स्थानीय रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुभाष चक्रवर्ती ने बताया कि इलाके के स्कूल खुले हैं। उनके व आसपास के बच्चे मंगलवार को सिविल लाइंस, दरियागंज व अन्य जगहों पर स्थित स्कूलों में गए। सभी स्थानीय लोग सतर्कता बरत रहे हैं। इस पूरे प्रकरण में पुलिस एवं प्रशासन की सहायता कर रहे हैं।

## समाचार

### लाल किले के पास हुए विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हुई

नई दिल्ली। लाल किले के पास हुए विस्फोट में तीन और लोगों की मौत के बाद इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोमवार शाम को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक ट्रैफिक सिग्नल पर धीमी गति से चल रही एक कार में शक्तिशाली विस्फोट हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि कल रात तक विस्फोट में नौ लोगों के मरने और 20 अन्य के घायल होने की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने बताया कि तीन और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या 12 हो गई है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को इस घातक विस्फोट के सिलसिले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और विस्फोटक अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की है। दिल्ली पुलिस कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। राष्ट्रीय राजधानी में हाई अलर्ट पर रखा गया है और हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### लाल किला मेट्रो स्टेशन बंद, यातायात पुलिस ने जारी किया परामर्श

नई दिल्ली। दिल्ली में विस्फोट के एक दिन बाद लाल किला मेट्रो स्टेशन यात्री सेवाओं के लिए मंगलवार को बंद कर दिया गया और इस क्षेत्र में यातायात पाबंदियां भी लागू की गई हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोमवार शाम को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास धीमी गति से चल रही एक कार में जोरदार धमाका हुआ, जिसकी वजह से नौ लोगों की मौत हो गई जबकि 20 लोग घायल हो गए। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सुरक्षा कारणों से लाल किला मेट्रो स्टेशन बंद है। सभी अन्य स्टेशन सामान्य रूप से चालू हैं। दिल्ली यातायात पुलिस ने एक परामर्श जारी करते हुए बताया कि नेताजी सुभाष मार्ग पर छत्ता रेल कट से सुभाष मार्ग कट तक आने-जाने के दोनों मार्गों और सर्विस रोड पर प्रतिबंध लगाए गए हैं तथा मार्ग परिवर्तित किए गए हैं। यातायात पुलिस ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे सुबह छह बजे से अगले आदेश तक इन मार्गों पर जाने से बचें और वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करें। परामर्श में कहा गया है, नेताजी सुभाष मार्ग पर छत्ता रेल कट से सुभाष मार्ग कट तक किसी भी वाहन को आने-जाने की अनुमति नहीं होगी। राष्ट्रीय राजधानी में हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### दिल्ली विस्फोट के पीड़ितों से उपराज्यपाल सक्सेना ने की मुलाकात

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने लोकनायक अस्पताल पहुंचकर दिल्ली विस्फोट के पीड़ितों से मंगलवार को मुलाकात की। उन्होंने सरकार की तरफ से पीड़ितों को हर संभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया। दिल्ली राजनिवास के मुताबिक, उपराज्यपाल सक्सेना ने गुजरात के केवाड़िया में दिल्ली डे समारोह से जुड़ी आधिकारिक यात्रा को समाप्त कर दिया और अहमदाबाद होते हुए दिल्ली लौट आए। उन्होंने लोकनायक अस्पताल पहुंचकर वहां की स्थिति का जायजा लिया और अस्पताल में भर्ती पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ितों के अच्छे स्वास्थ की कामना की और हादसे में जान गवाने वाले लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उपराज्यपाल ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच जल्द से जल्द पूरी की जाएगी और दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि सोमवार शाम 6.52 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर एक के पास आई20 कार में विस्फोट हुआ। इसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हुए। घायलों को लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक घायल के आज दम तोड़ने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 10 हो गयी है।

### प्रोफेसर विधु वर्मा को जवाहरलाल नेहरू फेलोशिप प्रदान की गई

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल फेलोशिप (जेएनएमएफ) ने प्रोफेसर विधु वर्मा को उनकी परियोजना ह्यऔपनिवेशिक आधुनिकता और ज्ञानमीमांसीय अन्याय: गांधी, आम्बेडकर और टैगोर में राजनीति, नैतिकता और कार्य के लिए 2025 के लिए नेहरू फेलोशिप की घोषणा की है। प्रोफेसर वर्मा वर्तमान में नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के सामाजिक विज्ञान संकाय के राजनीतिक अध्ययन केंद्र में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। वह इससे पहले पेरिस स्थित मैसन डेस साइंसेज डे लह्महोम में विज़िटिंग फेलो और भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) में वरिष्ठ फेलो रह चुकी हैं। प्रोफेसर वर्मा का शोध तुलनात्मक राजनीतिक सिद्धांत, नारीवादी राजनीतिक सिद्धांत, राज्य, धर्म और लोकतंत्र भारत में सामाजिक न्याय पर केंद्रित है। उन्होंने हाल ही में धर्मनिरपेक्षता, धर्म और लोकतंत्र (ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, नई दिल्ली) नामक खंड का संपादन भी किया है। मानविकी और सामाजिक विज्ञान में उन्नत शोध को बढ़ावा देने के लिए स्थापित जवाहरलाल नेहरू फेलोशिप दो वर्षों की अवधि के लिए प्रदान की जाती है। इसमें 1,00,000 रुपये का मासिक वजीफा और 75,000 रुपये का वार्षिक आकस्मिक अनुदान शामिल है। इस वर्ष के पुरस्कार के साथ जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल फेलोशिप ने अपनी स्थापना के बाद से अब तक 163 फेलोशिप प्रदान की हैं जो अग्रणी और अंतरविषय अनुसंधान में लगे विद्वानों को समर्थन देने की अपनी परंपरा को जारी रखे हुए है।

### दिल्ली विस्फोट के पीड़ितों से सौरभ भारद्वाज ने अस्पताल में की मुलाकात

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को दिल्ली विस्फोट के पीड़ितों से लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल पहुंचकर मुलाकात की। उन्होंने सरकार की आलोचना करते हुए मृतकों के परिजनों को शव ले जाने के लिए एंबुलेंस न मिलने का मुद्दा उठाया। भारद्वाज ने पत्रकारो से कहा संवेदना की



कोई कीमत नहीं है यदि परिजनों की लाश के लिए सरकार एंबुलेंस भी ना दे पाए। दिल्ली के सबसे बड़े अस्पताल में सब ठीक चल रहा है लेकिन मृतकों के परिजनों को कहा जा रहा है कि शव पड़ा है आप खुद एंबुलेंस का इंतजाम कर लें, यह बड़ा दुखदायी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बात पर सरकार को इस बारे में चिंता करनी चाहिए। भारद्वाज ने कहा कि घायलों से मुलाकात के बाद डॉक्टरों से बात की और ईश्वर से प्रार्थना है कि वे जल्द से जल्द स्वस्थ हों। सरकार ने कई बार कहा था कि यदि देश पर आतंकवादी हमला होगा तो उसे 'युद्ध' माना जाएगा। भारद्वाज ने मांग की है कि सरकार तुरंत मृतकों के परिजनों को एंबुलेंस, मुआवजा और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराए। यह वक्त राजनीति का नहीं, इंसानियत का है।

**उत्तर रेलवे**

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 32-R1-SRDEE-G-DLI-2025-26 डी ई ई/जी-I/डी एल आई के क्षेत्र में स्थापित विद्युत परिसंपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव (सेवा भवन और रेलवे क्वार्टर) के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.20870674.00 |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 254400.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 03.12.2025, 16:00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 03.12.2025 16:00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

3493/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

P-04:28 paga09_jhn.qxd 11/11/2025 8:04 PM Page 1



# युवा महोत्सव शंखनाद-6 को लेकर कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक ने किया मीडिया को संबोधित

**● शंखनाद-6 में सितारों की चमक - युवाओं से रूबरू होंगी देश की प्रमुख हस्तियां**




**गुरुग्राम।** विश्वविद्यालय में 12 से 14 नवम्बर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय युवा महोत्सव शंखनाद-6 को लेकर आज विश्वविद्यालय परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि यह महोत्सव हरियाणा राज्य के युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता का उत्सव होगा। कुलगुरु ने बताया कि इस तीन दिवसीय आयोजन में 60 से अधिक कॉलेजों की टीमें 45 विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर उत्साह, कला, संगीत और संस्कृति का केंद्र बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि इस वर्ष का युवा महोत्सव विशेष होने जा रहा है, क्योंकि इसमें राजनीति एवं फिल्म एवं समाज जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करेंगी। उन्होंने आगे जानकारी दी कि इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन में हरियाणा के महामहिम राज्यपाल प्रो. असीम घोष, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री, कपिल मिश्रा, गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा, महरौली के विधायक गजेंद्र सिंह, राजरानी मल्होत्रा, प्रमुख समाजसेवी डॉ. सुरेंद्र पाल एवं प्रताप सिंह, राजेश कुमार,प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, यशपाल शर्मा, राजपाल यादव, प्रसिद्ध गायिका, रेणुका पंवार, प्रसिद्ध गायक, रामकेश जीवनपुरिया, संजीत सिरोहा, अमन जाजी, राज मावर, एमडी, अमित ढुल एवं हरियाणा मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. राज नेहरू, हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ के अध्यक्ष रामवतार गर्ग एवं हरियाणा की विभिन्न यूनिवर्सिटी के कुलगुरु शिरकत करेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान डॉ. कौशिक ने कहा कि शंखनाद-6 केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने का माध्यम है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार एवं आयोजक समितियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह महोत्सव युवाओं में नेतृत्व, सहयोग और सृजनशीलता की भावना को प्रोत्साहित करेगा। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. संजय अरोड़ा भी उपस्थित रहे।

# मोहन लाल बड़ौली ने परिवार के साथ गुरुग्राम में माता शीतला देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की

**● माता शीतला के दर्शन मन को शांति और नवीन ऊर्जा प्रदान करते हैं : पंडित मोहन लाल बड़ौली**



**गुरुग्राम।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मंगलवार को परिवार के साथ गुरुग्राम पहुंचकर माता शीतला देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने हरियाणा प्रदेश के जन-जन के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्यता का प्रकाश सदा बना रहने की माता रानी से प्रार्थना की। माता के दर्शन के बाद प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने शीतला माता श्राइन बोर्ड सदस्यों के साथ मुलाकात भी की। इस मौके पर श्री बड़ौली के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, विधायक मुकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि मां शीतला के दर्शनों से हमेशा ही सुख और शांति की प्राप्ति होती हैं। उन्होंने कहा कि शीतला माता के दर्शन मन को शांतचित्त और नवीन ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा जब भी मैं गुरग्राम आता हूँ तो मेरा प्रयास रहता है कि माता शीतला के दर्शनों को लाभ प्राप्त करूँ और देश एवं हरियाणा वासियों के सुख, समृद्धि की कामनां करूं।बड़ौली ने कहा कि माता शीतला के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश प्रगति के पथ पर गतिमान है। माता शीतला के आशीर्वाद का ही प्रभाव है कि भाजपा सरकार प्रदेश के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज नायब सैनी सरकार में हर वर्ग खुशहाल है और हरियाणा विकसित राज्य बनने की ओर अग्रसर है।दिल्ली लाल किले के पास में हुए विस्फोट पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि यह काफी दुखद है। उन्होंने भगवान से दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन घड़ी में धैर्य और आत्मबल देने की प्रार्थना की। श्री बड़ौली ने विस्फोट करने वालों को चेताते हुए कहा कि साजिशकताओं को यह समझ लेना चाहिए कि अब वे पाताल में भी होंगे तो उन्हें मोदी सरकार किसी भी सूरत में नहीं बख्शेगी।

## समाचार

# बागेश्वर धाम की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में शामिल हुए बालयोगी अलखनाथ

**गुरुग्राम।** सनातन संस्कृति, धर्म, प्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री द्वारा सनातन हिंदू एकता पदयात्रा निकाली जा रही है। यह पदयात्रा दिल्ली से शुरू हुई थी, जो आगामी 16 नवम्बर को उत्तप्रदेश के वृंदावन धाम पहुंचेगी। इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में सनातन धर्म से जुड़े श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। अखिल भारतीय संत समिति के विधि विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालयोगी अलखनाथ अवधूत की अगुवाई में गुरुग्राम सहित फरीदाबाद, पलवल, होड़ल आदि क्षेत्रों के अधिवक्ताओं ने भी पदयात्रा में भाग लिया और धीरेंद्र शास्त्री, राजू दास, रोहित रिछारिया, गुरु पसद् आदि संतों के साथ सनातन की आवाज को बुलंद करने का काम किया। उनका कहना है कि संत समिति के राष्ट्रीय महासचिव दण्डी स्वामी जीतेंद्रानंद वा राष्ट्रीय सह महामंत्री महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा का इस यात्रा को हरियाणा राज्य में पूरा समर्थन है। सभी ने इस पदयात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उनका कहना है कि सनातन धर्म की रक्षा एवं समाज में एकता बनाए रखने के लिए शुरू की गई इस पदयात्रा को सभी का साथ मिल रहा है। संत समाज बच्चों को सच्चा सनातनी बनाने के लिए कदम उठा चुके हैं। हम सभी गाय, गंगा, गीता, गौरी, गायत्री, गोपाल की गरिमा की रक्षा करेंगे। हम अपने गांव, अपने शहर में धर्म-विरोधी लोगों को एकजुट होकर जवाब देंगे।

# वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए विभाग: डीसी

**गुरुग्राम।** डीसी अजय कुमार ने बताया कि बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण को जिले में लागू कर दिया है। यह कदम वायु गुणवत्ता को सुधारने और प्रदूषण के दुष्प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने कहा कि बढ़ता हुआ वायु प्रदूषण हम सबके लिए चिंता का विषय है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर ग्रैप नियमों की सख्ती से पालना करना बेहद जरूरी है।डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्र वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से गुरुग्राम सहित एनसीआर क्षेत्र में लागू किए गए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) थ्री के तहत संबंधित विभागों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। डीसी ने कहा कि जिला गुरुग्राम में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर निर्धारित मानकों से अधिक होने से ग्रैप- तीन की पाबंदी लागू हो गई हैं, जिसके लिए हमें प्रदूषण नियंत्रण उपायों को पूरी गंभीरता से अपनाना होगा। उन्होंने कहा सभी जिलावासी वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले उपायों में सक्रिय रूप से भागीदार बनें। डीसी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहरी निकायों, एचएसआईआईडीसी सहित अन्य संबंधित विभागाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए कि वे जिला में बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाएं। सभी विभाग जिला में एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी वायु गुणवत्ता सूचकांक को नियंत्रित रखने लिए जमीनी स्तर पर मिलकर काम करें।

# प्राणीमात्र से प्रेम कर ही प्राप्त कर पाएँगे भगवान नीलकण्ठ की कृपा : डॉ. सर्वेश्वर

**● भगवान शिव कथा में पहुंचे नोडल अफसर आर एस बाठ, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित**




**सोहना।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा हुडा ग्राउंड, यूरो इंटरनेशनल स्कूल के पास, सेक्टर 10, गुरुग्राम, हरियाणा में 9-15 नवम्बर 2025 तक सात-दिवसीय भगवान शिव कथा का भव्यआयोजन किया जा रहा है, जिसका समय शाम 5.00 से रात्रि 8.30 बजे तक है। कथा केद्वितीय दिवस दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य डॉ. सर्वेश्वर ने समुद्र मंथन प्रसंगका वर्णन करते हुए बताया कि जब समुद्र मंथन से हलाहल कालकूट विष निकला तो जगत केकल्याण के लिए भगवान शिव ने उसे अपने कण्ठ में धारण कर लिया। जिसके कारण उनकाएक नाम नीलकण्ठ भी पड़ गया। स्वामी ने कथा का मर्म समझाते हुए बताया कि शिव कानीलकण्ठ स्वरूप हमें त्याग व सहनशीलता का गुण अपने जीवन में धारण करने की प्रेरणादेता है। इस अवसर पर कथा पंडाल में महाशिवरात्रि महोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया, जिसमेंभक्तों ने नृत्य कर खूब आनंद लूटा।

द्वितीय दिवस के यजमान रहे: प्रेमकृष्ण शर्मा एवं सरला रानी शर्मा (न्यू जर्सी), चंद्र प्रकाश गुप्ता एवं ममता गुप्ता (सेक्टर २२, गुरुग्राम), बिल्ला सिंह खटाना एवं कमलेश देवी (विजय पार्क, गुरुग्राम), मोहनलाल दीवान एवं सुषमा दीवान (शिवपुरी गुरुग्राम) रवि शर्मा एवं ठाकुर (सेक्टर 99अ, गुरुग्राम), यजमानों के साथ-साथ अनेक विशिष्ट अतिथिगण ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की, जिनमें मुख्य रूप से नोडल अफसर आर एस बाठ, पवन कुमार जिंदल, अनिल जिंदल, किशोर बिरला, प्रदीप कौल अशोक कुमार मित्तल, पुरषोत्तम गोयल, एंड हरी गोपाल अग्रवाल, के के चावला एंड सुनील काबरा, मामचंद मंढोलिआ सम्मिलित रहे।

# हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों का कम्पोस्टिंग साइट शैक्षिक दौरा



**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा बैलेंसिंग बिट के सहयोग से हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत किट जी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को सेक्टर-43 स्थित कम्पोस्टिंग साइट का शैक्षिक दौरा कराया गया। इस विजिट का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक कचरा प्रबंधन प्रणाली, स्रोत पृथक्करण के महत्व और कम्पोस्ट निर्माण की पूरी प्रक्रिया से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना था, ताकि भविष्य की पीढ़ी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बन सके। कार्यक्रम में नगर निगम गुरुग्राम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुलदीप हिन्दुस्तानी, कुमारी याशिका रोहिल्ला तथा बुलंद आवाज वेलफेयर सोसाइटी की उपाध्यक्षा प्रिंका यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त नगर निगम की स्वच्छता टीम, विद्यालय के शिक्षक गण और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**कचरा पृथक्करण से 80 प्रतिशत समस्या का समाधान**

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलदीप हिन्दुस्तानी ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी एजेंसियों की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार गीले और सूखे कचरे को घर से ही अलग करना शुरू कर दे, तो 80 प्रतिशत कचरा वहीं प्रबंधित किया जा सकता है और लैंडफिल पर बोझ काफी घट जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को कम्पोस्टिंग प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन दिखाया। गीले कचरे से जैविक खाद तैयार करने की तकनीक, उसकी परतें बनाने, टर्निंग और परिपक्वता की जानकारी भी साझा की। साथ ही उन्होंने बताया कि सूखे कचरे को रिसाइकल कर किस प्रकार संसाधनों की बचत की जा सकती है और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया जा सकता है।

**स्वच्छता से दूर होंगे संक्रामक रोग - प्रिंका यादव**

बुलंद आवाज वेलफेयर सोसाइटी की उपाध्यक्षा प्रिंका यादव ने बच्चों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के संबंध पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गंदगी और कचरे के ढेर डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड जैसे अनेक संक्रामक रोगों का कारण बनते हैं। स्वच्छ वातावरण ही स्वस्थ समाज का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे घर-परिवार और समुदाय में स्वच्छता के संदेश वाहक बनें और कचरा अलग करो - देश स्वच्छ करो का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुमारी याशिका रोहिल्ला ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता शपथ दिलाई। उन्होंने कहा स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवन शैली है। इसे आदत में शामिल किए बिना स्वच्छ और सुंदर गुरुग्राम का सपना पूरा नहीं हो सकता। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय से बी. डी. तिवारी, श्रीमती संतोष शर्मा, संस्कृति अपार्टमेंट से मनोज चौहान तथा अन्य स्थानीय नागरिकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। नगर निगम गुरुग्राम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया के अनुसार ऐसे शैक्षिक दौरों से बच्चों में पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित होती है, जो भविष्य में स्वच्छ एवं प्रदूषण-मुक्त गुरुग्राम के लक्ष्य को मजबूत आधार प्रदान करती है।

# गुरुग्राम में सांस अभियान की शुरूआत आज से

**पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया से बचाव को लेकर जनजागरूकता अभियान 28 फरवरी तक***

**गुरुग्राम।** स्वास्थ्य विभाग, गुरुग्राम की ओर से आज से सांस अभियान (सोशल अवेयरनेस एंड एक्शन टू न्यूट्रलाइज निमोनिया सक्सेसफुली) की शुरूआत की जाएगी, जो 28 फरवरी तक चलेगा। यह अभियान डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अलका सिंह के दिशा-निर्देशन में चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में होने वाले निमोनिया से मृत्यु दर को कम करना और समुदाय स्तर पर रोकथाम, पहचान व उपचार को मजबूत बनाना है। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि यह अभियान बच्चों में निमोनिया की शीघ्र पहचान, समय पर इलाज और जागरूकता को बढ़ावा देने पर केंद्रित रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में जाकर घर-घर जागरूकता अभियान चलाएंगी, जिसमें अभिभावकों को बच्चों में निमोनिया के लक्षण, जैसे तेज सांस लेना और लगातार खांसी आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों को राष्ट्रीय निमोनिया प्रबंधन दिशानिदेर्शों (2019) के अनुरूप प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ताकि हर स्तर पर बच्चों को समय पर और सही उपचार मिल सके। अभियान के दौरान पीसीवी, पेंटावेलेंट तथा एमआर की वेक्सिनेशन भी किया जाएगा।

# लाल किला ब्लास्ट मामले में दिल्ली पुलिस ने सोहना की ग्लोबल हाइट सोसाइटी से सलमान को किया डिटेन

**● ब्लास्ट के चलते सोहना पुलिस अलर्ट मोड पर, संदेहजनक वाहनों की जांच जारी**

**सोहना।** दिल्ली में बीते सोमवार को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास गुरुग्राम नंबर की i20 कार में हुए ब्लास्ट में 13 लोगों की मौत से एनसीआर में बाद हाई अलर्ट जारी है। जिस -20 कार में यह ब्लास्ट हुआ था वह नंबर (HR 26-CE 7674) गुरुग्राम के RTO में मोहम्मद सलमान के नाम पर रजिस्टर्ड है। ब्लास्ट वाली कार के रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट से मिले एड्रेस के बाद गुरुग्राम पुलिस उसे ढूंढते हुए शांति नगर पहुंची। यहां मकान मालिक दिनेश ने बताया कि सलमान किराए पर रहता था। वह 5 साल पहले जा चुका है। अब वह सोहना की ग्लोबल हाइट सोसाइटी के टॉवर नंबर 3 के फ्लैट नम्बर 606 में रहता था। इसके बाद पुलिस ने दिनेश को हिरासत में ले लिया। दिनेश को लेकर पुलिस सोहना की सोसाइटी में पहुंची तो सलमान सोता हुआ मिला। जहां उसने अपनी नई कार के दस्तावेज दिखाए और पुरानी के दस्तावेज भी दिखाए जहां उसकी पानी का कहना है हमने अपनी पुरानी कार स्पिनिं कंपनी को बेच दी थी। पूछताछ में उसने बताया कि डेढ़ साल पहले उसने यह कार आगे बेच दी थी। पुलिस ने यहां से दिनेश, सलमान और उसके भाई जावेद को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।मामले पर दिनेश की मां का कहना है था कि सलमान उनके मकान में रहने आया और फिर लॉकडाउन में कमरा छोड़कर चला गया। उसके बाद से हमारा उससे कोई लेना-देना नहीं है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच-पड़ताल कर अलग अलग क्षेत्र के लोगों से भी जानकारी जुटा रहीं हैं। वहीं सलमान की पत्नी फराह का कहना है कि उन्होंने अपनी कार को गाड़ी खरीद-फरोख्त करने वाली स्पिन्नी कंपनी को एक्सचेंज में बेची थी। उन्होंने कहा- हमारे पास इसके डॉक्यूमेंट्स हैं। उसके बाद गाड़ी कहां बिकी, इसका हमें नहीं पता है। उसके भाई जावेद की पत्नी रूबी ने कहा कि हमें इसके बारे में कुछ पता नहीं है। गौरतलब है कि सोमवार से ही एनसीआर क्षेत्र में पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। सभी दिल्ली हरियाणा उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर पुलिस की गहन सर्च अभियान जा रही है। पुलिस के उच्च अधिकारी और जांच एजेंसियां हर तरफ नजर बनाए हुए हैं। वहीं मामले को लेकर ए सी पी सोहना जितेंद्र कुमार का कहना है कि केंद्रीय जांच एजेंसी और दिल्ली पुलिस का मामला है। उसमें हमारी जानकारी में कुछ नहीं है।सोहना में शांति है रात में बेरीकेट लगाकर वाहनों की जांच में पुलिस जुटी है। संदेहजनक वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है।

# अमानवीय आतंकी हमलों के गुनाहगार किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे: सर्वप्रिय त्यागी



**गुरुग्राम।** सोमवार की शाम को दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुए धमाके से जानमाल की हानि होने की खबर से पूरे देश में गुस्सा और दुख है, दिल्ली एनसीआर और देश के बड़े शहरों में एहतियातन सुरक्षा चाकचौबंद कर दी गई हैं, भारतीय जनता पार्टी गुरग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने इस अमानवीय हमले की कड़ी निंदा की हैं और कहा कि इस आतंकी हमले में अपनों को खोने वालों और घायलों के परिवारों से मेरी पूरी संवेदनाएं हैं, हमे भारत सरकार पर पूरा भरोसा हैं इस हमले में शामिल दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा, मानवता के दुश्मन देश के अंदर हो या बाहर हो उन्हें कंही से भी ढूंढ निकाला जाएगा और कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी, इस अमानवीय आतंकी हमले से देश मे बहुत गुस्सा हैं, विशेषकर देश का युवा वर्ग बेहद गुस्से में हैं, जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत के दुश्मन भारत की तरक्की की रफ्तार से बौखलाए हुए हैं और आतंकी हमलों से देश की शांति को अस्थिर करना चाहतें हैं, लेकिन उनके अमानवीय मंसूबे कभी कामयाब नहीं हो सकते, मेरी सभी गुरग्राम वाशियों से विनम्र प्रार्थना हैं कृपया अपने आसपास एहतियातन संजीदगी से काम लें और किसी भी संदिग्ध परिस्थितियों में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# शम्मी अहलवात ने एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

**गुरुग्राम।** साईबर सिटी की समाजसेवी व महिला उद्यमी शम्मी अहलवात ने चेन्नई में आयोजित एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है। प्राप्त जानकरी के अनुसार तमिलनाडु के चेन्नई स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 23वीं एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें 22 से अधिक देशों के 3 हजार से अधिक एथलीटों ने विभिन्न खेल वर्गों में भाग लिया। गुरुग्राम की शम्मी अहलावत ने अपनी आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता। उनकी इस उपलब्धि पर सहयोगियों, परिजनों व अन्य सामाजिक संस्थाओं में खुशी की लहर है। बतादें कि विभिन्न संगठनों से जुड़ी उद्यमी व सामाजिक कार्यकर्ता शम्मी अहलावत पहले भी कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर देश-विदेश में प्रदश्रन कर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर चुकी हैं।



# नगर निगम गुरुग्राम की बीडब्ल्यूजी मॉनिटरिंग सेल के प्रयासों का असर

**● सेक्टर-102 स्थित सनसिटी एवेन्यू में कूड़े से खाद बनाने वाला प्लांट शुरू**



**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम की बीडब्ल्यूजी मॉनिटरिंग सेल के प्रयास दिन-प्रतिदिन सकारात्मक परिणाम ला रहे हैं। इसके तहत सेल द्वारा शहर में स्थित बल्क वेस्ट जनरेटरों को ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 के तहत कचरा प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे काफी सोसायटियां अपने परिसर के भीतर कचरा प्रबंधन कार्य शुरू कर चुकी हैं। इसी कड़ी में सेक्टर-102 स्थित सनसिटी एवेन्यू सोसायटी ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए गीले कूड़े से जैविक खाद बनाने वाले आधुनिक कम्पोस्टिंग प्लांट शुरू कर दिया है। प्लांट के शुभारंभ अवसर पर बीडब्ल्यूजी सेल इंस्पैक्टर केएस राणा एवं सोसायटी प्रतिनिधियों ने इस पहल की खुलकर सराहना की और इसे गुरुग्राम के अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग सेक्टर में एक महत्वपूर्ण मॉडल बताया। सनसिटी एवेन्यू जो 5 एकड़ में विकसित एक अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग सोसायटी है, ने अपने सीमित क्षेत्रफल में भी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अनिवार्य नियमों का उत्कृष्ट पालन करते हुए यह प्लांट स्थापित किया है। यह सोसायटी अब उन चुनिंदा आवासीय परिसरों में शामिल हो गई है जो स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण और कम्पोस्टिंग को पूर्णतः लागू कर रही हैं।लोगों ने सोसायटी की इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि आधुनिक शहरों में कूड़ा प्रबंधन एक गंभीर चुनौती बन चुका है। सनसिटी एवेन्यू की यह पहल न केवल सोसायटी निवासियों के लिए उपयोगी है, बल्कि यह पूरे शहर के लिए प्रेरणास्रोत है। इस प्लांट से एक ओर जैविक खाद तैयार होगी, वहीं दूसरी ओर कूड़े के सही निस्तारण में भी मदद मिलेगी। बीडब्ल्यूजी मॉनिटरिंग सेल इंस्पैक्टर केएस राणा ने कहा कि सोसायटी के निवासी इस प्लांट से दोहरा लाभ प्राप्त करेंगे। इससे बागवानी हेतु शुद्ध जैविक खाद, कूड़े के सही निस्तारण की सुविधा मिलेगी, जिससे स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि गुरुग्राम में बढ़ती जनसंख्या और प्रदूषण को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की आदत विकसित करनी होगी। यही आदत शहर के कचरा प्रबंधन तंत्र को मजबूत बनाएगी।

# आत्मसुरक्षा का प्रशिक्षण देने में प्रयासरत

**● ननचाकू एसोसिएशन ने प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन**



**गुरुग्राम।** ननचाकू एसोसिएशन ऑफ गुडगांव द्वारा सैक्टर 7 एक्सटेंशन स्थित आर्य समाज भवन में विशाल ननचाकू प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 125 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया और उन्हें प्रशिक्षकों ने ननचाकू चलाने तथा आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण गुर सिखाए गए। संस्था के कोषाध्यक्ष पवन कुमार का कहना है कि शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से खिलाड़ियों ने भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना तथा उन्हें आत्मरक्षा के लिए तैयार करना था। सभी प्रतिभगियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया। आगामी 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाली जिलास्तरीय प्रतियोगिता में ये खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियां जोरोशोरों पर चल रही हैं। शिविर में ननचाकू ऑफ हरियाणा के अध्यक्ष यशपाल सिंह कलसी, महासचिव मनीष कुमार, उपाध्यक्ष सुनील सैनी, जिलाध्यक्ष मनीष, सचिव सुनील सौलंकी, दिल्ली महासचिव तरुण, नरेश आर्य, अमनीश, ललित, साकेत, नवीन, मोहिनी आदि मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों के योगदान की सराहना की और उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# प्रदर्शन कर की मांग, आवारा कुत्तों के विषय में निकाला जाए मानवीय समाधान : प्रो. सपरा

**गुरुग्राम।** सर्वोच्च न्यायालय के आवारा कुत्तों से संबंधित आदेश के खिलाफ पशु कल्याण क्षेत्र में जुटे साईबर सिटीवासियों ने डीएलएफ क्षेत्र स्थित गलेरिया मार्किट क्षेत्र में प्रदर्शन का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में पशु प्रेमियों ने भाग लिया। इन प्रदर्शनों में शामिल लोगों की मांग है कि कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाकर शेल्टर होम न भेजा जाए। कोई मानवीय समाधान निकाला जाए। शिक्षाविद् प्रो. सुभाष सपरा का कहना है कि इन बेजुबानों को विभिन्न क्षेत्रों से हटाना गलत है। इनसे उपजी ऐसी कोई समस्या नहीं है, जिसका समाधान न किया जा सके। उनके कथन का समर्थन करते हुए अन्य लोगों ने भी कहा कि इनकी नसबंदी, टीकाकरण आदि भी कराया जा सकता है। आवारा कुत्तों को कुछ ही हफ्तों में आश्रय गृहों में ले जाना उनके साथ बेहद अमानवीय व्यवहार होगा। उन्होंने अन्य पशु कल्याण में जुटी संस्थाओं से भी आग्रह किया है कि इस संबंध में वे भी अपने स्तर पर कार्यवाही करें।



# खाद्य विभाग की टीम का अभियान जारी, सात सैम्पल भेजे प्रयोगशाला जांच को



उत्तम भारत संवाददाता

**मथुरा।** खाद्य विभाग की टीम ने आज जनपद भर में कई स्थानों पर छापामार करवाई कर घटिया एवं दूषित खाद्य सामग्री को फिक्रवा कर कई डेरियों के सैंपल भी भरे हैं।

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी, मथुरा के आदेश के अनुपालन में ज्ञानपाल सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में दलवीर सिंह, भरत सिंह, अरूण कुमार एवं रीना शर्मा खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु नौहझील स्थित पनीर निर्माण इकाई से पनीर का एक नमूना, बाजना स्थित पनीर निर्माण इकाई से एक पनीर का व एक क्रीम नमूना तथा महोली रोड स्थित डेयरी से पनीर एवं घी का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया तथा गौरा नगर, उल्लू का बाग, वृन्दावन स्थित रिजवान की दुकान से सोया सॉस का एक नमूना एवं वेज चटनी (सॉस) का एक नमूना संग्रहित किया गया एवं 25 बोतल सोया सॉस की व 20 पैकेट वेज चटनी सॉस के सीज किये गये। संग्रहित किये गये कुल सात नमूनों को जांच हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। खाद्य कारोबारकर्ताओं को गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने, अपने प्रतिष्ठानों में दृश्य स्थान पर अनुज्ञप्ति/पंजीकरण प्रदर्शित करने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने तथा खाद्य परिसर व आस-पास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# संस्कृति विवि की टीम प्रदेश स्टार्टअप प्रतियोगिता की बनी विजेता



उत्तम भारत संवाददाता

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का झंडा लहराया है। दरअसल आईआईटी कानपुर में द इंडस एंटरप्रिन्योर(टीआईई) उप्र स्टार्टअप प्रतियोगिता 2025 का आयोजन हुआ था जिसमें संस्कृति विश्वविद्यालय के स्टार्टअप ऑम्रिक्स की टीम वैश्वविक पिच प्रतियोता के अंतर्गत आयोजित टीआई प्रतियोगिता 2025 में विजयश्री हासिल कर नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश भर के युवा नवप्रवर्तकों के अभूतपूर्व विचारों को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करती है। संस्कृति की टीम ऑम्रिक्स ने अपने अत्याधुनिक साइबर सुरक्षा नवाचार(स्टार्टअप), ऑम्रिक्स के एसडी-वान डीडीओएस(ϕ−।छ क्क्वै) डिफेंडर, से निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया। यह एक एआई-संचालित और ब्लॉकचेन-समर्थित नेटवर्क सुरक्षा प्रणाली है जिसे आधुनिक उद्यमों को ऑनलाइन खतरों और वितरित सेवा निषेध (डीडीओएस) हमलों से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

वरुण कुमार (सीईओ), यश श्रीवास्तव (सीटीओ), राजन शर्मा (सीएफओ) और सूरज (उत्पाद प्रबंधक) के नेतृत्व में, टीम ने एक मज़बूत व्यावसायिक और तकनीकी मॉडल प्रस्तुत किया, जिसमें वास्तविक समय में खतरे का पता लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सुरक्षित घटना लॉगिंग के लिए ब्लॉकचेन का संयोजन किया गया है। यह प्रणाली छोटे और मध्यम उद्यमों, फिनटेक फर्मों और दूरसंचार नेटवर्क के लिए किफायती, प्लग-एंड-प्ले सुरक्षा प्रदान करती हैकृजिससे एंटरप्राइज़-स्तरीय साइबर सुरक्षा सभी के लिए सुलभ हो जाती है। टीआईई उत्तर प्रदेश के निर्णायकों और सलाहकारों ने तकनीकी उत्कृष्टता, बाज़ार की समझ और मापनीयता क्षमता के लिए टीम की सराहना की और ऑम्रिक्स को शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र में उभर रहे सबसे आशाजनक अगली पीढ़ी के साइबर सुरक्षा स्टार्टअप्स में से एक माना। यह आयोजन टीआईई उत्तर प्रदेश, टीआईई यूनिवर्सिटी ग्लोबल और आईआईटी कानपुर के बीच एक सहयोग कार्यक्रम था, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में छात्र संस्थापकों के बीच उद्यमिता, मार्गदर्शन और नवाचार को बढ़ावा देना था।

# विशेष बाल दिवस कार्यक्रम तरंग के तहत हुई प्रतियोगिता, निरुद्ध बालिका/बालक, किशोरों ने लिया प्रतिभाग




उत्तम भारत संवाददाता

**मथुरा।** जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र ने अवगत कराया है कि 'विशेष बाल दिवस कार्यक्रम तरंग 10 नवम्बर से 20 नवंबर) के आयोजन के अवसर पर आज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा की उपस्थिति में पुलिस लाईन के परेड ग्राउण्ड में राजकीय बाल गृह (शिशु) एवं सम्प्रेक्षण गृह (किशोर),मथुरा में निरूद्ध बालिका/बालक/किशोरों आदि ने प्रतिभाग किया।

50 मीटर की रेस एवं लेमन रेस में 12 बालक/ बालिकाओं तथा 400 मीटर की रिले रेस में 16 किशोरों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। 50 मीटर की रेस एवं लेमन रेस में 06 से 10 वर्ष के बच्चों ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर की रिले रेस (जूनीयर वर्ग) में 11 से 14 वर्ष एवं (सीनियर वर्ग 15-18 वर्ष) के किशोरां ने प्रथम स्थान, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी विजेताओं को सचिव द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मनित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में उपस्थित अतिथिगणों को मोमेंटो देकर जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता के दौरान राजेश दीक्षित, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, राजेश कुमार-अधीक्षक, राजकीय बाल गृह (शिशु), प्रभाकर सिंह-अधीक्षक, सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), मथुरा, बाल गृह के अध्यापक / अध्यापिका हरवीर सिह, श्रीमती पल्लवी सिरोतिया, सम्प्रेक्षण गृह किशोर के अध्यापक प्रवीन अरोड़ा एवं अंशुमान भारद्वाज, जिला क्रीड़ा विभाग के कोच, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मथुरा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा है।

# दिल्ली में हुए धमाके के बाद मथुरा में सर्तकता, हाईलेविल बैठक में पहुंचे एडीजी-डीआईजी



उत्तम भारत संवाददाता

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। दिल्ली में हुए धमाकों के बाद सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता के मद्देनजर यह महत्वपूर्ण बैठक लगभग चार घंटे तक चली। इसमें सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में एडीजी आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ, आईजी आईबी विनीता शर्मा, आईजी इंटेलिजेंस तरुण गावा, आईजी सीआरपीएफ अनिल कुमार, डीआईजी आगरा शैलेश पांडेय, डीएम मथुरा सी.पी. सिंह और एसएसपी मथुरा श्लोक कुमार सहित कई वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जन्मभूमि परिसर, परिक्रमा मार्ग और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की प्रस्तावित सनातन पदयात्रा को लेकर भी अलग से रणनीति बनाई गई। इसमें भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा बलों की तैनाती, ड्रोन सर्विलांस बढ़ाने, चेकिंग प्वाइंट्स को मजबूत करने और रूट प्लान पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि क्षेत्र में सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रवेश द्वारों पर हाईटेक निगरानी, अतिरिक्त बल की तैनाती और निरंतर पैदल गश्त सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जा सके।

# शैक्षिक भ्रमण करके लौटा छात्र-छात्राओं का दल



**शेरगढ़।** कस्बा शेरगढ़ के डी आर एस एस मॉडर्न पब्लिक स्कूल के 100 सदस्य छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक गणों का शैक्षिक भ्रमण राजस्थान की राजधानी जयपुर के लिए रवाना हुए जिसमें दो दिवसीय भ्रमण करने के उपरांत विद्यालय लौटकर आए विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती कीर्ति भाटी के नेतृत्व में 100 सदस्य दल के साथ आमेर फोर्ट ,नाहरगढ़ फोर्ट, हवा महल, विडला मंदिर, सिटी पैलेस , जंतर मंतर, आदि जगह-जगह 20 स्थान पर भ्रमणकर जयपुर की दाढ़ी में राजस्थानी मंदिर व नृत्य आदि में भी भाग लिया भारत की संस्कृति व विद्यालयों का अवलोकन भी किया यह विद्यालय के कोऑर्डिनेटर दरियाव सिंह हेमंत चौधरी शिव शर्मा श्रीमती पूनम मेघा अग्रवाल भेजें विजय आदि मौजूद रहे।

# घाटशिला उपचुनाव में अपराह्न एक बजे तक 54.08 प्रतिशत मतदान

जमशेदपुर (झारखंड)। झारखंड की घाटशिला विधानसभा सीट पर उपचुनाव में मंगलवार को अपराह्न एक बजे तक 2.56 लाख मतदाताओं में से 54 प्रतिशत से अधिक ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। यह उपचुनाव सत्तारूढ़ झामुमो और भाजपा के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने उपचुनाव जीतने और आदिवासी लोगों के बीच अपनी पैठ मजबूत करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है, वहीं विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस सीट पर कब्जाकर सरकार की साख कम करने की कोशिश कर रही है।

झामुमो महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि घाटशिला के लोगों ने भाजपा को हराकर दिशोम गुरु शिबू सोरेन और दिवंगत रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि देने का फैसला किया है।

भाजपा की झारखंड इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि लोगों ने राज्य सरकार को उसके कथित आदिवासी विरोधी रवैये, बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून-व्यवस्था के लिए सबक सिखाने का फैसला किया है।

हालांकि, चुनाव परिणाम का सरकार पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि 81 सदस्यीय राज्य विधानसभा में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के पास फिलहाल 55 विधायक हैं जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास 24 विधायक हैं।

अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र के 300 मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है और अपराह्न एक बजे तक 54.08 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने कहा, ''घाटशिला निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से जारी है।''

झामुमो विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के 15 अगस्त को निधन के बाद इस विधानसभा सीट पर उपचुनाव आवश्यक हो गया था।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मतदाताओं से लोकतंत्र के उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया।

सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मैं घाटशिला के सभी निवासियों से लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह करता हूं। आज घाटशिला एक बार फिर अपने अधिकारों और हकों को सुरक्षित करने के लिए बड़ी संख्या में मतदान करेगा।''

मुख्यमंत्री ने झामुमो कार्यकर्ताओं से भी सतर्क रहने की अपील की।

उन्होंने कहा, ''मैं झामुमो परिवार के समर्पित सिपाहियों से अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए सतर्क रहने की अपील करता हूं। मैं मतदान प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी अधिकारियों को भी शुभकामनाएं देता हूं।''

पूरे निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं, खासकर महिलाओं की लंबी कतारें देखी गईं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई के प्रमुख और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने भी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

मतदान शाम पांच बजे तक जारी रहेगा।

उपचुनाव में 1.31 लाख महिलाओं सहित 2.56 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं। कुल 13 उम्मीदवार मैदान में हैं।

मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ झामुमो के सोमेश चंद्र सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र एवं भाजपा नेता बाबूलाल सोरेन के बीच होने की संभावना है।

सोमेश चंद्र झामुमो विधायक रामदास सोरेन के पुत्र हैं जिनके निधन के कारण यह उपचुनाव कराया जा रहा है।

सीईओ ने बताया कि मतदान के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वेबकास्टिंग के जरिए उनकी निगरानी की जा रही है।''

# जुबली हिल्स विधानसभा उपचुनाव : दोपहर एक बजे तक मतदान 31 फीसदी के पार

**हैदराबाद।** जुबली हिल्स विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मंगलवार दोपहर एक बजे तक 31.94 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस उपचुनाव में लोकसभा चुनाव की तरह धुआंधार प्रचार किया गया था।

इस सीट के चुनाव परिणाम राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हैं क्योंकि राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस अपनी चुनावी पकड़ और मजबूत करना चाहती है, वहीं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सीट पर कब्जा बनाए रखने और वापसी करने की कोशिश में है।

भाजपा मतदाताओं के लिए बीआरएस और कांग्रेस दोनों के एक विकल्प के रूप में उभरना चाहती है।

मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। यह कड़े सुरक्षा इंतजाम के बीच शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजन को आसानी से मतदान करने की सुविधा देने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

चुनाव अधिकारियों ने कुछ गैर-स्थानीय विधायकों और राज्यसभा सदस्यों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज किया है, जिन्होंने कथित तौर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए निर्वाचन क्षेत्र में प्रवेश किया।

ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी आर. वी. कर्णन ने ड्रोन की मदद से मतदान प्रक्रिया की निगरानी की।

जीएचएमसी सूत्रों के अनुसार, देश में पहली बार सभी मतदान केंद्रों पर केंद्रीकृत हवाई निगरानी और वास्तविक समय में स्थिति विश्लेषण के लिए ड्रोन तैनात किए गए हैं।

कुल 4.01 लाख से अधिक मतदाता 58 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

सभी मतदान केंद्रों पर वास्तविक समय की निगरानी के लिए वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है।

अधिकारियों के अनुसार, कुल 407 मतदान केंद्रों में से 226 केंद्रों को ''संवेदनशील'' के रूप में चिह्नित किया गया है।

मतदान के लिए केंद्रीय सुरक्षा बलों के अलावा लगभग 1,800 पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं और ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की गई है।

इस वर्ष जून में बीआरएस विधायक मगंती गोपीनाथ के निधन के कारण यह उपचुनाव आवश्यक हो गया है। भाजपा ने इस सीट से एल. दीपक रेड्डी को मैदान में उतारा है जबकि गोपीनाथ की पत्नी सुनीता बीआरएस की उम्मीदवार हैं। सत्तारूढ़ कांग्रेस के उम्मीदवार नवीन यादव हैं, जिन्हें असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) का समर्थन प्राप्त है।

# झामुमो सांसद महुआ माजी ने दिल्ली विस्फोट को लेकर केंद्र की आलोचना की, इसे बड़ी सुरक्षा चूक बताया

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की सांसद महुआ माजी ने दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट को लेकर मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की आलोचना की और सवाल उठाया कि इतनी बड़ी घटना ''उसकी नाक के नीचे और बिहार चुनाव से एक दिन पहले'' कैसे हो सकती है।

सोमवार शाम को लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक ट्रैफिक सिग्नल पर धीमी गति से चल रही कार में जोरदार धमाका हुआ जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और कई वाहन जल गए।

घटना के समय को लेकर सवाल उठाते हुए राज्यसभा सदस्य ने कहा, ''क्या मतदान से एक दिन पहले इस तरह की घटना महज एक संयोग है या इसके पीछे कोई साजिश है? यह सोचने और जांच का विषय है।''

इस घटना को बड़ी सुरक्षा चूक बताते हुए माजी ने कहा, ''केंद्र सरकार को शर्म आनी चाहिए और जवाब देना चाहिए कि उसकी नाक के नीचे इतना बड़ा हादसा कैसे हो गया।''

माजी के बयान की निंदा करते हुए भाजपा ने कहा कि ऐसी घटनाओं पर राजनीति से बचना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा, ''यह घटना बेहद पीड़ादायक है। इस पर टिप्पणी करना और हर चीज को चुनाव से जोड़ना अनुचित है। पार्टियों को ऐसी टिप्पणियों से बचना चाहिए।''

# दिल्ली विस्फोट के आरोपी के पिता को पूछताछ के लिए जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हिरासत में लिया गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में पुलिस ने उस कार चालक के पिता को मंगलवार को हिरासत में ले लिया जिसमें राष्ट्रीय राजधानी के लाल किले के पास विस्फोट हुआ था। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि गुलाम नबी भट को पुलिस ने पुलवामा के कोइल स्थित उसके आवास से हिरासत में लिया। इससे कुछ ही घंटे पहले उसकी पत्नी को डीएनए परीक्षण के लिए ले जाया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने विस्फोट के संदिग्ध उमर नबी के साथ फरीदाबाद में काम करने वाले कई डॉक्टरों को भी हिरासत में लिया है।

उन्होंने बताया कि विस्फोट में शामिल कार की बिक्री और खरीद से जुड़े तीन अन्य व्यक्तियों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

हालांकि, अब तक कोई औपचारिक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

दिल्ली पुलिस सूत्रों के अनुसार, पुलवामा निवासी और डॉक्टर उमर नबी कथित तौर पर हुंडई आई20 कार चला रहा था, जिसका इस्तेमाल लाल किला मेट्रो स्टेशन के पार्किंग क्षेत्र के पास विस्फोट में किया गया था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि लाल किले के पास जिस कार में विस्फोट हुआ है उसे चला रहे व्यक्ति की पहली तस्वीर इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के जरिए सामने आई है। उन्होंने बताया कि उसका फरीदाबाद के आतंकी मॉड्यूल से कथित तौर पर संबंध था, जहां से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की गई थी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस की शुरुआती जांच से पता चला है कि लाल किले के पास हुए विस्फोट में अमोनियम नाइट्रेट, तेल और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया होगा। एक पुलिस सूत्र ने बताया कि शुरुआती जांच से दिल्ली विस्फोट और फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल के बीच संभावित संबंध का पता चलता है। फरीदाबाद से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट ज़ब्त किया गया था। सूत्र ने कहा, 'अंतिम रिपोर्ट का इंतज़ार है।'

# सैन्य कमांडर सेठ ने कोणार्क कोर की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की

**जयपुर।** सेना की दक्षिणी कमान के सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने राजस्थान के जैसलमेर में त्रि-सेवा अभ्यास 'त्रिशूल' के तहत आयोजित सैन्य अभ्यास 'अखंड प्रहार' के दौरान कोणार्क कोर की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की।

एक सैन्य प्रवक्ता ने यहां मंगलवार को बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य भारतीय सेना की बहु-क्षेत्रीय क्षमताओं को भारतीय वायुसेना के साथ समन्वय में संचालित एकीकृत अभियानों के माध्यम से प्रमाणित करना था।

सदर्न कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ सेठ ने इस दौरान संयुक्त हथियार अभियानों का अवलोकन किया जिसमें सेवाओं के बीच निर्बाध समन्वय, रणनीति, तकनीक और प्रक्रिया का परिष्कार तथा अगली पीढ़ी की युद्धक्षेत्र तकनीकों जैसे ड्रोन और प्रतिरोधी-ड्रोन प्रणालियों के इस्तेमाल का प्रदर्शन किया गया।

इस अभ्यास ने नव-प्रवर्तित प्लेटफार्मों और स्वदेशी नवाचारों का वास्तविक परिस्थितियों में परीक्षण स्थल के रूप में भी काम किया।

उन्होंने एक बयान में कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने बैटल ऐक्स डिवीजन और कोणार्क कोर की युद्धक्षेत्र नवाचारों की समीक्षा की, जिनमें स्वदेशी रूप से विकसित ड्रोन, प्रतिरोधी-ड्रोन उपकरण और उन्नत बल संरक्षण उपाय शामिल थे।

प्रवक्ता के अनुसार, ये पहल आत्मनिर्भरता की भावना और भारतीय सेना के गठन स्तर पर नवाचार को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। सैन्य कमांडर ने कोणार्क कोर और बैटल ऐक्स डिवीजन की तकनीक के नवोन्मेषी उपयोग, अनुकूलनशीलता और उच्च स्तर की परिचालन तत्परता की सराहना की।

# आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने राज्य में 50 एमएसएमई पार्कों का उद्घाटन व शिलान्यास किया

कनिगिरी (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने प्रकाशम जिले में एक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पार्क का मंगलवार को उद्घाटन किया और राज्य भर में 50 अन्य एमएसएमई पार्कों का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, 'मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कनिगिरी (मंडल) के पेद्देरलापाडु गांव में एक एमएसएमई पार्क का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने राज्य के 17 जिलों में 50 एमएसएमई पार्कों का ऑनलाइन उद्घाटन और शिलान्यास किया।'

एमएसएमई पार्कों के दूसरे चरण के तहत, मुख्यमंत्री ने 329 एकड़ में फैले 15 पार्कों का अनावरण किया।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्होंने 587 एकड़ में फैले 35 सरकारी और निजी एमएसएमई पार्कों की आधारशिला रखी। इनमें 25,256 करोड़ रुपये के निवेश वाले 25 उद्योग भी शामिल हैं। नायडू ने उद्योगपतियों से भी बातचीत की, जिनके केंद्र श्रीकाकुलम, विजयनगरम, अनाकापल्ली और अन्य जिलों में खोले गए हैं।

बाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि उद्योगपतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

नायडू ने कहा, 'हम औद्योगिक पार्कों में बिजली, पानी की आपूर्ति और सड़कें बिछाने के लिए एक साझा बुनियादी ढांचा तैयार कर रहे हैं। अगर आपके पास कोई विचार है, तो आप उद्योग स्थापित कर सकते हैं।'

# दिल्ली धमाके के मद्देनजर पूरे ओडिशा में सुरक्षा कड़ी की गई

**भुवनेश्वर।** दिल्ली में सोमवार को हुए बम धमाके के मद्देनजर ओडिशा पुलिस ने पूरे राज्य में सुरक्षा कड़ी कर दी है और किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए तैयार है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) संजय कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

कुमार ने संवाददाताओं से कहा, ''दिल्ली की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के मद्देनजर हमने अपने राज्य पुलिस को सतर्क कर दिया है। सभी पुलिसकर्मियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों और संवेदनशील इलाकों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।''

उन्होंने कहा, ''ओडिशा में स्थिति चिंताजनक नहीं है, लेकिन हम किसी भी खतरे को रोकने के लिए पूरी तरह सतर्क हैंज हमारा उद्देश्य राज्य में किसी भी प्रकार की आतंकवादी या राष्ट्र-विरोधी गतिविधि को रोकना है। अगर कोई आतंकवादी राज्य में घुसने की कोशिश करता है, तो हम उसे नाकाम कर देंगे।''

कुमार ने कहा कि राज्य की खुफिया शाखा भी विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के साथ लगातार संपर्क में है। राज्य के कटक में इस समय 'बाली यात्रा' चल रही है जिसमें हर शाम लोग एकत्र होते हैं।। कुमार से जब इस संबंध में पुलिस व्यवस्था के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैदान के संवेदनशील स्थानों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है।

अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) ने बताया कि तटीय और हवाई अड्डों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, जबकि पुरी में जगन्नाथ मंदिर और कटक में बाली यात्रा पर विशेष नजर रखी जा रही है।

उन्होंने कहा कि ओडिशा तट पूरी तरह सुरक्षित है, जबकि पुरी मंदिर में अतिरिक्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं।

इस बीच, ओडिशा होटल और रेस्तरां एसोसिएशन ने भी अपने सभी सदस्यों को सतर्क कर दिया है और उन्हें संदिग्ध तत्वों पर कड़ी नजर रखने और पुलिस को सूचित करने का निर्देश दिया है।

# दिल्ली विस्फोट: प्रियंक खरगे ने अमित शाह को 'सबसे अक्षम गृह मंत्री' बताया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे ने दिल्ली में हुए विस्फोट को लेकर खुफिया विफलता का आरोप लगाते हुए मंगलवार को अमित शाह को स्वतंत्र भारत का ''सबसे अक्षम गृह मंत्री'' बताया और उनके इस्तीफे की मांग की।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम को एक यातायात सिग्नल पर धीमी गति से चल रही एक कार में उच्च तीव्रता का विस्फोट हुआ जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई।

खरगे ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्र की जवाबदेही पर सवाल उठाते हुए कहा, ''और कितने लोग मारे जाएंगे।''कांग्रेस नेता ने देश भर में हुई विभिन्न आतंकवादी घटनाओं का हवाला दिया और अमित शाह के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की।

खरगे ने कहा, ''अमित शाह स्वतंत्र भारत के सबसे अक्षम गृह मंत्री हैं और कितने लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ेगी? दिल्ली, मणिपुर, पुलवामा, पहलगाम - क्या हमारे पास जवाब हैं? गृह मंत्री होने के नाते वह चुनावी मंच पर जाते हैं और कहते हैं कि बांग्लादेशी भारत में घुसपैठ कर रहे हैं। इसके लिए कौन जिम्मेदार है?


**उत्तर रेलवे**

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती हैः–

| ई–कैंटलॉग संख्या | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-47-2025 | 27.11.2025 को 11:00 बजे | तुगलकाबाद (कार), मुराद नगर, करनाल (641.62 वर्ग मीटर), कुरूक्षेत्र (साइट–2), सांपला (दवितीय प्रवेश), शामली (पीआरएस) = कुल 06 साइटे। |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता | https://ireps.gov.in/ |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य हैः**

1. इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरईपीएस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।
2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान।
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता
4. आईआरपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक खाते का एकीकरण
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (Updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉडयूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामीलीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली 110055 Email:pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या 23AC/393/E-Auction/pkg/2025 Dated: 11.11.2025 3503/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सम्पादकीय

## पाक का संवैधानिक तानाशाह

सैयद असीम मुनीर अहमद शाह को पाकिस्तान का शहंशाह कहें अथवा संवैधानिक तानाशाह कहें या बेताज बादशाह कह लें, लेकिन वह ऐसे शख्स हैं, जो राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सर्वोच्च अदालत से भी सुप्रीम हैं। दुनिया में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। सैन्य शासक तानाशाह हो सकते हैं या उत्तरी कोरिया का तानाशाह किम जोंग उन है, लेकिन कोई देश जम्हूरियत (लोकतंत्र) का स्वांग भरे, चुनाव कराने का ढोंग किया जाए, वहां का सेना प्रमुख, अंततः, मुल्क का शहंशाह बन जाए, यह विरला उदाहरण पाकिस्तान में ही सामने आया है। कठपुतली प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शुक्र मना सकते हैं कि उनकी हुकूमत का तख्तापलट नहीं किया गया। अलबत्ता पाकिस्तान में कथित निर्वाचित सरकारों की हुकूमतें पलटी जाती रही हैं और सेना प्रमुख तानाशाह राष्ट्रपति बनते रहे हैं। अयूब खान, याह्या खान, जिया उल हक और परवेज मुशर्रफ सरीखे तानाशाहों ने पाकिस्तान पर हुकूमत की है, लेकिन उनके अंत बेहद त्रासद् और दयनीय रहे हैं। मौजूदा फील्ड मार्शल एवं सेना प्रमुख जनरल मुनीर इन तमाम तानाशाहों को पीछे छोड़ कर एक ऐसा उदाहरण बन चुके हैं, जो दुनिया में लोकतंत्र, संविधान, संसद, मानवाधिकार सरीखी व्यवस्थाओं और उनके नागरिक मूल्यों को चिढ़ा रहे हैं। उनका मखौल उड़ा रहे हैं। मुनीर खुद ही पाकिस्तान का नया तानाशाह नहीं बना। उन्होंने हुकूमत और संसद को विवश किया है। संसद और सीनेट में यह संविधान संशोधन पारित किया गया है और मुनीर के लिए एक नए पद का सृजन किया गया है-चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ)। यह पद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भारत में भी है, लेकिन वह निरंकुश और स्वयंभू नहीं है। वह राष्ट्रपति और केंद्रीय कैबिनेट के अधीन सेवारत है। पाकिस्तान के सीडीएफ मुनीर को न तो राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री हटा सकते हैं और न ही सर्वोच्च अदालत में कोई केस किया जा सकता है। वह कानून और अपराध से बहुत परे हैं। वह ताउम्र फौजी की वर्दी पहन सकेंगे और थल सेना, वायुसेना, नौसेना के प्रमुखों की नियुक्ति करेंगे। दरअसल अब पाकिस्तान में राष्ट्रपति सेनाओं के सुप्रीम कमांडर नहीं, बल्कि सीडीएफ मुनीर नए सर्वोच्च जनरल होंगे। तीनों सेनाएं और उनके प्रमुख अब सीडीएफ को जवाबदेह होंगे। जाहिर है कि राष्ट्रपति भी कठपुतली बन कर रह जाएंगे। मुनीर को उनकी नई सत्ता से बेदखल करने का एक ही अंतिम रास्ता है-संसद में महाभियोग सरीखा प्रस्ताव दो-तिहाई बहुमत से पारित कराना। यह भी असंभव लगता है, क्योंकि उस प्रस्ताव की इजाजत फौज से भी ली जाएगी। क्या कोई सेना प्रमुख अपने सीडीएफ के खिलाफ महाभियोग की अनुमति देने का दुस्साहस कर सकता है? दूसरा असंभव-सा रास्ता यह लगता है कि अंततः अदालती फैसलों के बाद इमरान खान जेल से बाहर आएं और उनके नेतृत्व में पाकिस्तान की अवाम सडकों पर बिछ जाए। उस आंदोलन को जमात-ए-इस्लामी का भी समर्थन हो। मरने-कटने की परवाह न हो। आजादी की नई लड़ाई जैसा संघर्ष हो, तब मुनीर को पाकिस्तान छोड़ कर भागने को विवश किया जा सकता है! दुनिया में बड़े-बड़े, ताकतवर राष्ट्रध्यक्षों, राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों को देश छोड़ कर भागने पर मजबूर होना पड़ा है, इसका इतिहास साक्षी है।

# विशेष

## दिल्ली में फिर बम विस्फोट : सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल ?

-दिलीप कुमार पाठक-

दिल्ली देश की जान है, दिल्ली की हलचल पूरे देश को सुनाई देती है, यही कारण है कि पूरे देश में अलर्ट जारी कर दिया गया। दिल्ली की शाम खामोश नहीं थी, हवा में सिक्योरिटी सायरनों की आवाज गूंज रही थी, और लोगों की आँखों में दहशत साफ झलक रही थी। सोमवार को ठीक 6 बजकर 52 मिनट पर, लाल कि ला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के बाहर खड़ी आई-20 कार में ऐसा जोरदार धमाका हुआ कि पूरा इलाका काँप उठा। तेज धमाके से हवा में धुआँ उठता दिखा, लोग चीखते हुए भागे, और देखते-देखते सड़क खून और अफरातफरी के मंजर में बदल गई। इस दर्दनाक वारदात में 2 महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हैं। कई लोग इतनी बुरी तरह झुलस गए कि पहचान मुश्किल हो गई। किसी का शरीर दूर फेंक गया, तो किसी के अंग सड़क पर बिखरे पड़े थे। मरने वालों की उम्र 21 से 58 साल के बीच बताई जा रही है। जांच में सामने आया कि विस्फोट कार के रियर हिस्से में हुआ। धमाका इतना भयानक था कि आवाज एक किलोमीटर तक सुनाई दी। आसपास खड़ी 6 कारें, 2 ई-रिक्शा, और 1 ऑटो आग की लपटों में जलकर राख हो गए। चांदनी चौक से लेकर लाल कि ले तक दुकानदार दहशत में दुकानें बंद कर भागते नजर आए। पुलिस के अनुसार जिस कार में धमाका हुआ, वो गुरुग्राम के सलमान के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। सलमान का कहना है कि उसने कार पुलवामा के तारिक को बेची थी। अब तारिक फरार है, और पुलिस अभी जांच में जुटी हुई है। धमाके को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियाँ आत्मघाती हमले के एंगल से भी जांच कर रही हैं, परंतु मौके पर आरडीएक्स के निशान नहीं मिले। फिर भी देशभर के बड़े शहरों दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, जयपुर को हाई अलर्ट पर डाल दिया गया है। धमाके के कुछ ही मिनटों बाद घायलों और शवों को एलएनजेपी अस्पताल लाया गया। अस्पताल घटना स्थल से सिर्फ ढाई किलोमीटर दूर था, इसलिए सबसे पहले वहीं मरीज पहुंचे। अस्पताल की इमरजेंसी में अचानक लाशों और घायलों की बाढ़ आ गई। कई शव क्षत-विक्षत अवस्था में थे। अस्पताल प्रशासन ने तत्काल मास कैजुअल्टी घोषित कर डॉक्टरों, नर्सों और बर्न स्पेशलिस्ट को ड्यूटी पर बुलाया।

एक डॉक्टर ने बताया कि कई मरीजों की हालत बेहद नाजुक है। एक का पैर कट चुका है, किसी की आंख और दिमाग पर गंभीर चोट है, कई पूरी तरह झुलस गए। यहाँ तक कि धमाके की आवाज से ही एक व्यक्ति को हार्ट अटैक हो गया। अस्पताल के बाहर परिजनों की चीखें और बेबसी का दर्द दिल दहला रहा था। दमकल विभाग ने लगभग 37 मिनट तक आग से लड़ाई लड़ी। आखिर 7:29 बजे तक आग बुझा दी गई, पर तब तक कई गाड़ियाँ खाक हो चुकी थीं। मौके पर बची रह गई सिर्फ जलती रबर की बदबू, धुआँ, और टूटे शीशों की आवाज। रात करीब साढ़े नौ बजे गृहमंत्री अमित शाह खुद एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे, घायलों से मिले, डॉक्टरों से बात की। इसके बाद वे घटनास्थल पर गए और जाँच एजेंसियों को हर एंगल से जांच का आदेश दिया। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पूरी घटना पर लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। दिल्ली धमाके के तुरंत बाद राजस्थान बॉर्डर पर पाकिस्तान ने एयरफोर्स की पेट्रोलिंग तेज कर दी। पाकिस्तानी सेना के शीर्ष अधिकारी इमरजेंसी मीटिंग में जुटे, और रातभर पीएम शहबाज शरीफ, एनएसए व डीजी आईएसआई मीटिंग करते रहे, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नतीजा साफ है दिल्ली फिर घायल है, देश सवालों से भरा है, और जनता दहशत की छाया में। गृह मंत्रालय को इसकी सूचना तक नहीं मिली और इतना बड़ा हादसा कैसे हो गया? गाड़ी में कौन था? किसने प्लान किया? मकसद क्या था? जांच अभी जारी है। जिस इलाके में विस्फोट हुआ है वो इलाका दिल्ली का सबसे प्रमुख इलाका है, वहाँ से कुछ किलोमीटर की दूरी पर संसद भवन, जामा मस्जिद, कॅनॉट प्लेस आदि हैं, और यह ब्लास्ट छोटी घटना नहीं है, । पूरा देश रातभर जागता, सहमा रहा, अब तक इस ब्लास्ट के ये सब जवाब मिलना बाकी हैं।

# अलीगढ़ में रोहिंग्या घुसपैठियों के आधार कार्ड घोटाले से बढ़ा खतरा

-कांतिलाल मांडोत-

अलीगढ़ जैसे संवेदनशील और शिक्षा के केंद्र माने जाने वाले शहर में हाल ही में जो खुलासा हुआ है कि रोहिंग्या घुसपैठियों ने जाली दस्तावेजों के जरिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, और यहां तक कि भारतीय पहचान दस्तावेज हासिल कर लिए है। वह केवल एक स्थानीय घटना नहीं है। यह पूरे देश की आंतरिक सुरक्षा, जनसंख्या संतुलन, और सामाजिक ताने-बाने के लिए गंभीर चेतावनी है। यह मामला यह दिखाता है कि प्रशासनिक तंत्र, स्थानीय एजेंसियां और आधार सत्यापन व्यवस्था में कितनी बड़ी चूक हुई है। इस घुसपैठ ने केवल पहचान के स्तर पर नहीं, बल्कि राजनीतिक, आर्थिक और जनसंख्यिकीय दृष्टि से भी देश की सुरक्षा को प्रभावित किया है। सवाल यह है कि जब भारत के नागरिकों को कभी-कभी छोटे-से दस्तावेज के लिए महीनों चक्कर काटने पड़ते हैं, तो एक विदेशी, अवैध रूप से देश में घुसा व्यक्ति कैसे इतनी आसानी से वैध पहचान का पात्र बन जाता है ?हमारी जांच एजेंसियां सतर्क है। इसके बाद रोजाना 50 आधार कार्ड बनाने का टारगेट कही न कही जनसंखिकी बढ़ाने का घिनोना कृत्य उजागर हुआ है। यह बहुत बडी कामयाबी है। अलीगढ़ के मामले में प्रशासनिक लापरवाही का एक उदाहरण है। अलीगढ़ में हाल में कई रोहिंग्या नागरिकों के पास से भारतीय आधार कार्ड, राशन कार्ड, मोबाइल सिम और बैंक खाते मिलने की खबर ने सभी को चौंका दिया। जांच में पाया गया कि ये दस्तावेज स्थानीय एजेंटों और भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से बने थे। इन विदेशी नागरिकों ने म्यांमार या बांग्लादेश से घुसपैठ कर पहले दिल्ली और फिर उत्तर प्रदेश के शहरों में डेरा डाल लिया। धीरे-धीरे उन्होंने स्थानीय मुस्लिम बस्तियों में घुलमिलकर जाली दस्तावेज बनवाए, ताकि वे भारत के स्थायी नागरिक के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर सकें। यह न केवल प्रशासन की नाकामी है बल्कि आधार प्रणाली की सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाता है। आधार का उद्देश्य था हर नागरिक की डिजिटल पहचान, लेकिन जब यह पहचान घुसपैठियों के हाथों में हथियार बन जाए, तब यह व्यवस्था स्वयं खतरे में पड़ जाती है। राष्ट्रीय सुरक्षा पर असर

रोहिंग्या शरणार्थी केवल शरणार्थी नहीं है उनमें से कई के बारे में आतंकी संगठनों और कट्टरपंथी नेटवर्क से जुड़ाव की सूचनाएं पहले से कई राज्यों की खुफिया रिपोर्टों में आ चुकी हैं। ऐसे में यदि इन लोगों के पास वैध भारतीय पहचानपत्र हैं, तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए विस्फोटक स्थिति है। आतंकवादी संगठन अवैध फंडिंग और हवाला नेटवर्क को मजबूती दे सकते हैं। नकली मतदाता बनाकर राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित किया जा सकता है। घुसपैठ कर रहे अन्य तत्वों को सुरक्षित आवास और पहचान मिल सकती है। अलीगढ़ का यह मामला सीमांचल क्षेत्र कटिहार, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया) से भी जुड़ता है, जहाँ पहले से ही रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठ एक बड़ा मुद्दा बन चुकी है। मोदी ने एक सभा मे कहा था कि घुसपैठियों को खदेड़ा जाएगा। घुसपैठ एक रास्ट्रीय समस्या है और भारतीय नागरिकों का हक मारने का काम करते है। जो राज्य और केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में सेंघ मारी जा रही है। आधार के लिए पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों को जवाबदेही सौंपीं गई है। उससे किसी प्रकार की धोखाधड़ी नही हो सके। लेकिन अलीगढ़ की घटना घृणित है। बिहार का सीमांचल क्षेत्र भारत-बांग्लादेश सीमा के समीप है और घुसपैठ का सबसे आसान रास्ता माना जाता है। इस इलाके में किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णिया जैसे जिले पहले से ही अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के बसेरों के रूप में पहचाने जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में यहां की जनसंख्या वृद्धि दर राष्ट्रीय औसत से कहीं अधिक रही है, और इसका कारण केवल प्राकृतिक वृद्धि नहीं, बल्कि घुसपैठ और स्थायी बसावट की प्रवृत्ति है। स्थानीय राजनीति में संरक्षण मिलता है। राशन और पहचान पत्र आसानी से जारी हो जाते हैं, और धीरे-धीरे वे स्थानीय नागरिकों की नौकरियां, जमीनें और संसाधन हड़पने लगते हैं। यदि इस प्रक्रिया को रोका न गया, तो आने वाले दशक में यह जनसांख्यिकीय परिवर्तन भारत की सीमाओं और आंतरिक नीति दोनों को अस्थिर कर सकता है। जनसंख्या असंतुलन सीमावर्ती और कुछ शहरी क्षेत्रों में घुसपैठियों की संख्या बढ़ने से स्थानीय जातीय और धार्मिक संतुलन बिगड़ रहा है। इससे सामाजिक तनाव और वोट बैंक की राजनीति को बल मिलता है। राष्ट्रीय संसाधनों पर बोझ है। ये अवैध नागरिक सरकारी राशन, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार योजनाओं का लाभ उठाते हैं, जिससे असली नागरिकों का हिस्सा कम होता है। आर्थिक अपराधों में वृद्धि हो रही है। जाली आधार और बैंक खातों के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग, हवाला और आतंक फंडिंग जैसे अपराध पनप रहे हैं। कुछ क्षेत्रों में ये अवैध वोटर बन चुके हैं, जिससे लोकतांत्रिक ढांचा विकृत हो रहा है। स्थानीय लोगों में असंतोष, सांप्रदायिक तनाव और अपराध दर में वृद्धि जैसी स्थितियाँ देखी जा रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर ठोस नीति जरूरी है। डिजिटल सत्यापन को मजबूत करना होगा। आधार बनवाने के लिए केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि बायोमेट्रिक और नागरिकता सत्यापन को दोहरी प्रक्रिया से जोड़ा जाए। राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को केवल असम तक सीमित न रखकर संवेदनशील राज्यों और सीमांचल क्षेत्र तक लागू किया जाए। सीमा सुरक्षा को तकनीकी रूप से मजबूत बनाएं जाए। बांग्लादेश सीमा पर ड्रोन, सैटेलाइट निगरानी और स्मार्ट फेंसिंग सिस्टम लगाया जाए। अवैध नागरिकों की पहचान व निष्कासन की आवश्यकता है। जो लोग आधार या अन्य दस्तावेजों के जरिए अवैध रूप से नागरिक बन गए हैं, उनका डेटा-आधारित पता लगाकर निर्वासन किया जाए। स्थानीय अधिकारियों की जवाबदेही तय हो और गलती करने पर सजा का प्रावधान होना चाहिए। अलीगढ़ जैसे मामलों में संबंधित अधिकारियों और एजेंटों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। नागरिक जागरूकता अभियान चलाया जाना जरूरी है। जनता को यह समझाना जरूरी है कि किसी विदेशी को किराए पर घर देना या उसके दस्तावेज बनवाना देशद्रोह जैसा अपराध है। आधार प्रणाली में राष्ट्रीयता टैगिंग की सुविधा जरूरी। यूआईडीएआई को आधार कार्ड पर नागरिकता की स्थिति दशार्ने का विकल्प देना चाहिए। जैसे सिटिजन या रेजिडेंट, ताकि विदेशी पहचानें अलग हों। सीमांचल में जांच और निगरानी के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। सीमांचल नागरिक सत्यापन मिशन शुरू किया जाए, जिसमें हर जिले में मतदाता सूची राशन कार्ड, स्कूल प्रवेश रिकॉर्ड, और आधार डेटा का मिलान कराया जाए। जिला स्तर पर संयुक्त टास्क फोर्स (एसपी, डीएम, बीएसएफ, यूआईडीएआई अधिकारी) बनाई जाए, जो हर संदेहास्पद परिवार की जांच करे। यदि किसी इलाके में असामान्य रूप से अधिक आधार या मोबाइल सिम सक्रिय हुए हैं, तो स्वचालित अलर्ट सिस्टम लगे। एनजीओ और धार्मिक संस्थाओं की फंडिंग पर नजर जरूरी है। विदेशी फंडिंग के जरिये घुसपैठियों के हौसले बुलंद है। सीमांचल में कई संगठनसक्रिय है। शरणार्थी सहायता के नाम पर घुसपैठ को वैधता देने का काम कर रहे हैं; इन पर एफसीआरए और ईडी जांच की जरूरत है। ग्राम स्तर पर जनसंख्या निगरानी समिति बनाई जाए जो नए आने वाले परिवारों की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे। राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नीति की आवश्यकता है और राज्य के सभी दलों को सहयोग करना चाहिए। घुसपैठ का मुद्दा केवल किसी धर्म, जाति या दल का नहीं है। यह राष्ट्र की सुरक्षा और अस्तित्व का विषय है। दुर्भाग्य से अब तक इस पर राजनीतिक मतभेदों ने कार्रवाई को कमजोर किया है। सभी दलों को यह समझना होगा कि रोहिंग्या या अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की बसावट केवल स्थानीय समस्या नहीं, बल्कि यह भविष्य में भारत के आंतरिक संघर्षों की नींव रख सकती है। यदि देश को एक सुरक्षित भविष्य चाहिए, तो राष्ट्रीय जनसंख्या नीति, नागरिकता सत्यापन कानून, और डेटा सुरक्षा कानून को एकीकृत रूप से लागू करना होगा। अलीगढ़ में रोहिंग्या घुसपैठियों के आधार कार्ड बनने की घटना केवल एक प्रशासनिक गलती नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय चेतावनी का संकेत है। यदि अब भी सरकारें, एजेंसियां और नागरिक समाज सतर्क नहीं हुए, तो आने वाले वर्षों में भारत अवैध जनसंख्या दबाव, आर्थिक असमानता और सुरक्षा संकट से जूझेगा।

# तुम्हारा पैगाम मुहब्बत है, जहां तक पहुंचो यही पैगाम दो

-मुस्ताअली बोहरा-

मध्यप्रदेश एक बार फिर देश-दुनिया में इज्तिमे का गवाह बनने जा रहा है। यहां हर साल की तरह ही इस साल भी 14 नवंबर से आलमी तबलीगी इज्तिमे का आयोजन हो रहा है जो चार दिनों तक चलेगा। मध्यप्रदेश की राजधानी और बेगमों के शहर भोपाल को अपनी गंगा-जमुनी तहजीब, सांस्कृतिक विरासत, नवाबी परंपरा, अपने अलहदा अंदाज, अपनी शान-ओ-शौकत के लिए जाना जाता है। यहां का बड़ा तालाब और एशिया की सबसे बड़ी मस्जिद ताजुल मसाजिद दुनिया भर में मशहूर है तो भोपाल में होने वाला आलमी तबलीगी इज्तिमा में दुनिया भर के मुसलमान जुटते हैं। ये सिर्फ मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि एशिया और दुनिया के सबसे बड़े इस्लामी धार्मिक आयोजनों में से एक है। चार दिन के सालाना धार्मिक जलसे में देश दुनिया से हजारों जमातें और जायरीन यहां आते हैं। इज्तिमें का आगाज नमाज और कुरान की तिलावत से होता है। इसके बाद इसमें उलेमाओं की तकरीरें होती हैं, इज्तिमाई निकाह होते हैं और अमन चैन की दुआ के साथ इसका समापन होता है। भोपाल के ईंटखेड़ी स्थित घासीपुरा में करीब पांच सौ एकड़ में पूरा शहर ही बसा दिया जाता है। चार लोगों की पहल और फिर चैदह लोगों से शुरू हुए आलमी तब्लीगी इज्तिमे में अब दुनिया भर से जायरीन शिरकत करते हैं। खास बात ये भी है कि इज्तिमा अपने मजहबी स्वरूप में शुरू हुआ था और इसका मकसद भी दीनी था लेकिन अब इसके जरिए सामाजिक संदेश भी दिया जाने लगा है। इज्तिमे में होने वाले सामूहिक निकाह के जरिए शादियों में फिजूलखर्ची रोकने का संदेश दिया जाता है तो हर साल अलग अलग वैश्विक मुद्दों पर भी ध्यान आकर्षित किया जाता है। इससे पहले ग्रीन और क्लीन थीम के साथ पॉलिथिनमुक्त इज्तिमे का आयोजन कर दुनिया को जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग का मैसेज दिया चुका है। साथ ही इज्तिमा में मांसाहारी खाना प्रतिबंधित किया गया था और सिर्फ शाकाहारी खाना ही परोसा गया था। इस संगठन से कई नामी चेहरे जुड़े रहे हैं जैसे पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन, मौलाना तारिक जमील, पाकिस्तानी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी और सईद अनवर शामिल हैं। तबलीगी जमात की कुछ किताबें हैं। फजाइल-ए-आमाल जिसका मतलब हुआ अच्छे कामों के फायदे या खासियतें। फजाइल-ए-सदाकत यानि सदका या दान देने के फायदे। दोनों किताबों के लेखक मौलाना मुहम्मद जकारिया हैं। मस्जिदों में इन किताबों को पढ़ा जाता है। नमाज के बाद कोई एक व्यक्ति इस किताब को पढ़ता है और बाकी जमाती इससे गौर से सुनते हैं। तबलीगी, जमात, मरकज और इज्तिमा ये अलग-अलग हैं। तबलीगी का मतलब होता है, अल्लाह के संदेशों का प्रचार करना, जमात का मतलब लोगों का समूह और मरकज का अर्थ होता है सेंटर या केन्द्र। तब्लीगी जमात के लोग पूरी दुनिया में फैले हुए हैं। बड़े-बड़े शहरों में इनका एक सेंटर है जहां जमात के लोग जमा होते हैं, इसी सेंटर या केन्द्र को उर्दू में मरकज कहा जाता है। तबलीगी जमात से जुड़े लोग पारंपरिक इस्लाम को मानते हैं। भारत में इसका मुख्यालय या मरकज दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में स्थित है। जब भी तबलीग से जुड़े लोग भारत आते हैं तो वे एक बार इस मरकज में जरूर जाते हैं। पाकिस्तान के रायवंड में मदनी मस्जिद में तब्लीगी जमात का मरकज है। करांची की मक्की मस्जिद से भी जमातियों को अलग-अलग प्रांतों में भेजा जाता है। बांग्लादेश में भी जमात का बड़ा मरकज है। इसके अलावा दुनिया भर में इसके कई मरकज हैं। इन मरकजों का इस्तेमाल छात्रावास और तब्लीगी लोगों के आवास के रूप में होता है। इन मरकजों से ही जमातों को निर्देश दिए जाते हैं। तबलीग जमात को दुनिया का सबसे बड़ा गैरराजनीतिक संगठन माना जाता है। एक दावे के मुताबिक तबलीग जमात के दुनिया भर में 15-20 करोड़ सदस्य हैं। तबलीग जमात की मुहिम को भोपाल में बड़ा मुकाम मिला। देवबंदी विचारधारा से प्रभावित मुसलमानों ने मौलाना इलियास की मुहिम को आगे बढ़ाया। तब्लीगी जमात को अभियान बनाने में मोहम्मद इमरान खान और मौलाना याकूब बड़े पीर साहब की भी अहम भूमिका रही।

तब्लीग जमात को सुन्नी इस्लामी धर्म प्रचार या धर्म सुधार आंदोलन के रूप में भी देखा जाता है। ये मुसलमानों को मूल इस्लामी परंपराओं की तरफ बुलाता है। तब्लीगी जमात का जन्म 1926-27 के दौरान भारत में हुआ था। मौलाना मोहम्मद इलियास ने इस काम की नींव रखी। मौलाना मोहम्मद इलियास ने मुसलमानों को इस्लामिक तौर तरीके समझाने का काम दिल्ली से सटे मेवात से शुरू किया। चंद लोगों से शुरू हुई ये मुहिम आज दुनिया भर में फैल चुकी है। सन 1950 से यह न सिर्फ भारत बल्कि विदेशों में भी तबलीग जमात ने अपनी पैठ जमाना शुरू कर दी। सन 1970 के दशक में गैर-मुस्लिम क्षेत्रों में भी जमात का काम फैल गया। तबलीग जमात सऊदी वहाबियों और दक्षिण एशियाई देवबंदियों के बीच तक जा पहुंचा। बीसवीं शताब्दी के अंत में सबसे प्रभावशाली वहाबी धर्मगुरु अब्द अल-अजीज इब्न बाज ने तब्लीगीयों के अच्छे काम को मान्यता दी और वहाबी मुसलमानों को उनके साथ जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। ऐसा भी कहा जाता है कि तब्लीगी जमात देवबंदी आंदोलन का ही एक हिस्सा हैं। दो दशकों में यह संगठन भारत के अलावा दुनिया के कई हिस्सों में फैल गया। इस जमात के मुख्य उद्देश्य छ उसूल क्रमशः कलमा, नमाज, इल्म, इक्राम-ए-मुस्लिम, इखलास-ए-नियत, दावत-ओ-तबलीग हैं। जहां तक देवबंद मुहिम का सवाल है तो देवबंद अभियान की शुरूआत 1866-67 में सहारनपुर जिले (संयुक्त प्रांत, अब उत्तर प्रदेश) में हाजी आबिद हुसैन, मोहम्मद कासिम नानौतवी और रशीद अहमद गंगोही ने की थी। इसका मकसद मुसलमानों के बीच कुरान और हदीस में बताई गई बातों, इस्लामिक प्रथाओं का प्रसार और ब्रिटिश उपनिवेशवाद का विरोध करना था। दारूल उलूम देवबंद को इस्लाम की सुन्नी शाखा (हनफी) का हिस्सा माना जाता है। इज्तिमे को लेकर ये भी कहा जाता है कि इसमें सिर्फ मुसलमान शामिल होते हैं। हालांकि, गैर मुसलमानों के इसमें प्रतिबंध जैसा कुछ नहीं होता। देश-विदेश में होने वाले इज्तिमों में से कई जगह अलग-अलग धर्मों के लोग भी शामिल होते हैं, वे इस्लाम को समझने के मकसद से इसमें आते हैं। भोपाल में आयोजित इज्तिमा में मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान भी शामिल हो चुके हैं। कुल मिलाकर, इज्तिमा खालिस मजहबी जलसा होता है। यहां सियासत से जुड़ी बातें नहीं की जाती।

### मौलाना इलियास से लेकर मौलाना साद तक

तबलीगी जमात का काम मौलाना इलियास ने सन 1926 में शुरू किया था। तब्लीगी जमात के संस्थापक मोहम्मद इलियास कांधलवी एक ऐसा अभियान चलाना चाहते थे, जो अल्लाह के फरमान और कुरान के अनुसार लोगों को नेकी की राह दिखाए और बुरे कामों से बचाए। मौलाना इलियास के शिक्षक रशीद अहमद गंगोही का भी यही ख्वाब था। बताया ये भी जाता है कि मौलाना इलियास को इसकी प्रेरणा सन 1926 में हज यात्रा के दौरान मिली।

# आतंकी साजिशों पर बना रहे शिकंजा

-सुशांत सरीन-

राजधानी दिल्ली से सटे फरीदाबाद शहर में 2, 900 किलोग्राम विस्फोटक का मिलना चिंताजनक है, साथ ही यह हमारी सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों की बड़ी सफलता का भी संकेत है। यह बताता है कि भारत में किसी बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की तैयारी चल रही थी, जिसे नाकाम कर दिया गया है। इससे पहले रविवार को गुजरात के अहमदाबाद में एटीएस ने आईएस के तीन संदिग्धों को दबोचा है। खबर यह भी है कि बांग्लादेश के अंदर लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी सक्रिय हो गए हैं और अब वहां से भारत में दहशतगर्दों के निर्यात का खतरा बढ़ गया है।

जाहिर है, हमारी राष्ट्रीय और आंतरिक सुरक्षा आतंकियों के रडार पर है। वैसे, यह खतरा तो हमेशा से रहा है। हां, उसकी निरंतरता व तीव्रता ऊपर-नीचे होती रही है। कभी खतरा बढ़ गया, तो कभी कम होता प्रतीत हुआ। पिछले एक-डेढ़ साल की तेजी से बदली भू-राजनीति भी हमारे सुरक्षा बलों की परीक्षा लेती रही है। बांग्लादेश के घरेलू हालात, नेपाल के उपद्रव और पाकिस्तान-परस्त आतंकी संगठनों की नई रणनीति (विशेषकर सीमा रेखा के पास बड़े आतंकी शिविरों के बजाय सुदूर इलाकों में छोटे-छोटे ठिकाने बनाना, ताकि भारतीय एजेंसियों की निगरानी से बचा जा सके) ने क्षेत्र में ऐसी अस्थिरता को जन्म दिया है, जिसमें भारत के सामने चुनौतियां बढ़ गई हैं। नतीजतन, हमने अपनी सुरक्षात्मक रणनीति भी तेजी से बदली है।

यह सही है कि सभी आतंकी गतिविधियां कट्टर इस्लामी सोच से प्रेरित नहीं होतीं, लेकिन यह भी सच है कि भारत में कश्मीर से जुड़े आतंकी गुट या अंतरराष्ट्रीय जेहादी संगठन से प्रेरित आतंकवाद का खतरा कभी टला नहीं है। उसमें उतार-चढ़ाव आता रहा है। मुमकिन है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान सीधे तौर पर कोई हिमाकत न करे, लेकिन उसकी जमीन पर पलने वाले आतंकी संगठन इसी कोशिश में होंगे कि किसी आतंकी घटना को अंजाम देकर भारत में अस्थिरता पैदा की जाए। वे इसको भारत का घरेलू मसला बताकर दुष्प्रचार भी कर सकते हैं।

फरीदाबाद में हुई बरामदगी और गिरफ्तारी को इसी सिलसिले की कड़ी मानना चाहिए। यह जम्मू-कश्मीर और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई थी। हालांकि, जो कहानी पुलिस ने सुनाई है, वह कुछ अतिरंजित लग सकती है, फिर भी

**कहा जा रहा है कि वे जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हो सकते हैं, क्योंकि उसके पोस्टर चिपका रहे थे? एक तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वे गजवातुल हिंद के सदस्य हो सकते हैं, जिसके नेतृत्व का सफाया भारतीय सुरक्षा बलों ने कुछ समय पहले कर दिया था? किसी अंतरराष्ट्रीय जेहादी गुट से भी उनके संबंध की बातें कही जा रही हैं। या, फिर यह कोई नया सेल है? सच का पता तो जांच के बाद ही चल सकेगा, लेकिन इतना तय है कि भारत के खिलाफ एक बड़ा षड्यंत्र रचा जा रहा है। तात्कालिक रूप से तो हमने इसे विफल कर दिया है और खतरा फिलहाल टल गया है, लेकिन हमारी चुनौती खत्म नहीं हुई है। हमारी सुरक्षा व खुफिया एजेंसियों को और तत्पर रहना होगा।**

इसे सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों के तालमेल का सुखद नतीजा माना जाना चाहिए। जो विस्फोटक बरामद हुआ है, वह अमोनियम नाइट्रेट है, जो कोई बना-बनाया विस्फोटक नहीं होता, बल्कि प्रयोगशाला में तैयार किया जाता है। इसके लिए प्रशिक्षण की दरकार होती है। जाहिर है, जिन संदिग्धों की गिरफ्तारियां हुई हैं, उनके संपर्क तलाशे जाएंगे, ताकि पूरा षड्यंत्र उजागर हो सके।

कहा जा रहा है कि वे जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हो सकते हैं, क्योंकि उसके पोस्टर चिपका रहे थे? एक तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वे गजवातुल हिंद के सदस्य हो सकते हैं, जिसके नेतृत्व का सफाया भारतीय सुरक्षा बलों ने कुछ समय पहले कर दिया था? किसी अंतरराष्ट्रीय जेहादी गुट से भी उनके संबंध की बातें कही जा रही हैं। या, फिर यह कोई नया सेल है? सच का पता तो जांच के बाद ही चल सकेगा, लेकिन इतना तय है कि भारत के खिलाफ एक बड़ा षड्यंत्र रचा जा रहा है। तात्कालिक रूप से तो हमने इसे विफल कर दिया है और खतरा फिलहाल टल गया है, लेकिन हमारी चुनौती खत्म नहीं हुई है। हमारी सुरक्षा व खुफिया एजेंसियों को और तत्पर रहना होगा।

इस पूरे मामले के कुछ अन्य पहलू भी हैं, जो चिंता बढ़ाने वाले हैं। पहला तो यही कि आम धारणा रही है कि आतंकियों को वेश-भूषा से पहचाना जा सकता है। मगर इस घटना से यह धारणा टूटती है। इसमें जो गिरफ्तारियां हुई हैं, उनमें दो डॉक्टर हैं, जो स्वाभाविक ही पढ़े-लिखे व उच्च शिक्षित लोग हैं। इसका अर्थ यह भी है कि गरीबी और अशिक्षा से आतंकवाद के जन्म लेने की जो कहानी गढ़ी जाती रही है, वह सच नहीं है। हालांकि, कोई पहली बार ऐसा नहीं हुआ है। पहले भी कई पढ़े-लिखे और संपन्न तबके के लोग आतंकी वारदातों में लिप्त पाए गए हैं। खूंखार आतंकी ओसामा बिन लादेन तो अरबपति परिवार से था, तो उमर सईद शेख, जिसे कंधार विमान अपहरण कांड में रिहा करवाया गया था, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स का विद्यार्थी रह चुका है। कई ऐसे अध्ययन भी हुए हैं, जो बताते हैं कि डॉक्टर और इंजीनियर आतंकवाद के प्रति विशेष आकर्षित होते हैं, क्योंकि वे तय ढर्रे पर चलना पसंद करते हैं, बेशक कितने भी आधुनिक बन गए हों। साफ है, आधुनिक शिक्षा-दीक्षा उनकी सोच को प्रभावित नहीं कर पाती।

दूसरी बात, हम अक्सर राजनीतिक व सामाजिक कारणों से आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक मुद्दों पर ज्यादा ध्यान देते हैं, वैचारिक मसलों को दरकिनार कर देते हैं, जबकि आतंकवाद मूलतः एक वैचारिक आंदोलन है। यह विध्वंसक विचारों की देन है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि सभी इंसानों को शक की निगाह से देखा जाए, पर देश में सामाजिक तौर पर सतर्कता जरूरी है और लोगों को एक-दूसरे की गतिविधियों परअवश्य गौर करना चाहिए। इंडियन मुजाहिदीन के लड़ाके कितने पढ़े-लिखे और शिक्षित थे। कोई आसानी से यह पता नहीं लगा सकता था कि वे कौन हैं और किस मंशा से काम कर रहे हैं? ऐसे असामाजिक तत्वों को पढ़ने की क्षमता आम लोगों के अंदर विकसित करनी होगी।

तीसरी बात, भारत में ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां कट्टरपंथ से लोग प्रभावित होते रहे हैं। मगर हम किसी न किसी वजह से उसे ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहते। अब समय आ गया है कि हम उस समाज की ध्वनि को सुनें। यह गौर करना होगा कि उनके बीच किस तरह की बहस चल रही है। उनकी नाराजगी, उनकी शंकाओं को समझना होगा और उनकी समस्याओं का समाधान खोजना होगा। वास्तव में, हमें उनके मन को टटोलना होगा। यह कहने मात्र से काम नहीं चल सकता कि आतंकवाद की कमर तोड़ दी गई है। बेशक, आतंकी अब अपनी नापाक मंशा में अमूमन सफल नहीं हो पा रहे और तमाम एजेंसियों में बेहतर तालमेल से हमने उन पर एक तरह से नियंत्रण पा लिया है। मगर इसका यह मतलब नहीं है कि खतरा पूरी तरह से टल गया है। बीते दो दिनों की खबरें यही संकेत दे रही हैं कि यह चुनौती आगे भी कायम रहने वाली है।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 11/11/2025 6:25 PM Page 1



# कबड्डी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला लालपुर मान की टीम ने जीता



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नांगल सोती।** गांव मायापुरी में आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला लालपुर मान की टीम ने जीता। गांव मायापुरी में चल रहे डे नाइट कबड्डी टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला लालपुर मान और मायापुरी की टीम के बीच खेला गया, जिसमें लालपुर मान की टीम ने मायापुरी को 20- 18 से हराकर टूर्नामेंट जीता, इससे पूर्व खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में लालपुर मान ने सौफतपुर को 22-18 और मायापुरी ने बाकरपुर को 21-14 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया

मुख्य अतिथि रामचरण सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को नगद धनराशि व शील्ड देकर पुरस्कृत किया, फाइनल मैच में बेस्ट रेडर का पुरस्कार मायापुरी टीम के अर्पित कुमार और लालपुर मान टीम के ब्रूशली को दिया गया, टूर्नामेंट में राहुल कुमार, अर्पित, मिथुन, विशाल, विनीत, मोनू, आदि का सहयोग रहा।

# पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न के जन्मशताब्दी पर समारोह का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जन्मशताब्दी पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्र्) की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका निर्देशन उदिता राजपूत और मोहम्मद आरिफ ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ, माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

इसके पश्चात्, महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद आरिफ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री के रूप में अटल जी के सुशासन और उनके द्वारा देशहित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर, महाविद्यालय के कुछ विद्यार्थियों ने अटल जी की प्रेरक कविताओं का वाचन भी किया, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने विशेष रूप से छात्र-छात्राओं को वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अटल जी के नाम पर चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएँ उपस्थित रहे।

# चार बाल अपचारी बाइक चोरी के साथ गिरफ्तार




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अपराध रोक अभियान के अंतर्गत पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ चार बालक अपचारियों को गिरफ्तार किया ।

पुलिस द्वारा अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली ।

सूचना मिलने पर वाहनो की चेकिंग करते हुए चारों बाल अपचारियों को पुलिस द्वारा धर दबोचा ।

उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा बताया गया इनके कब्जे में 30 अगस्त मोहल्ला सराय रफी निवासी नईम अहमद पुत्र इसरार अहमद के घर से बाहर से चोरी की गई मोटरसाइकिल पैशन प्रो रंग काला और एक बिना नंबर की स्प्लेंडर प्लस चुराई गई मोटरसाइकिल बरामद की गई ।

तहरीर के आधार पर मु0अ0स 476/2025 धारा 303(2) बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग मे धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई । अग्रिम आवश्यक करवाई प्रचलित है । चार अपचारी पुलिस निगरानी में ।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह उपनिरक्षक बृजेश कुमार शर्मा हेड कांस्टेबल नरेश पुरिया श्यामवीर सिंह रणजीत मालिक द्वारा गिरफ्तार किया गया ।

# श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** जेपी पब्लिक स्कूल में सोमवार शाम दिल्ली में हुए दुखद बम विस्फोटों के पीड़ितों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस घटना ने जिसमें कई लोगों की जान चली गई और कई घायल हुए, पूरे देश को गहरा दुःख पहुँचाया है।

सभा की शुरुआत धमाकों से जुड़ी राष्ट्रीय सुर्खियों के साथ हुई, जिसके बाद एक मिनट का मौन रखा गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने सभा को संबोधित करते हुए इस हमले को ÷शांति और मानवता पर हमला÷ बताया और छात्रों को कठिन समय में एकता और करुणा बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

शिक्षकों और कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि सभा के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन किया, अनुशासन सुनिश्चित किया और भावनात्मक समर्थन प्रदान किया। स्कूल प्रबंधन ने समारोह के लिए ध्वनि, सुरक्षा और सम्मानजनक माहौल सहित सभी व्यवस्थाओं का समन्वय किया। छात्रों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सिर झुकाकर मधुर वाद्य संगीत बजाया। एक औपचारिक बयान में, स्कूल ने विस्फोटों की कड़ी निंदा की और अधिकारियों से दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए त्वरित जाँच करने का आग्रह किया। प्रमुख शहरों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, जबकि दिल्ली में चिकित्सा दल घायलों की सहायता के लिए लगातार काम कर रहे हैं। कई अंतरराष्ट्रीय नेताओं ने भी भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की है।

# नि:शुल्क नेत्र परीक्षण कैम्प का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**धामपुर।** चीनी मिल में यातायात सुरक्षा माह के अन्तर्गत एक निःशुल्क नेत्र परीक्षण कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें डा0 अशोक शर्मा तथा डा0 विनीत कुमार (प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र धामपुर) द्वारा ट्रक ड्राईवरों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें चीनी मिल के डा0 कमल पंवार तथा उनके सहयोगी विजय कुमार व कविता रानी ने सहयोग किया।

अभय कुमार पाण्डेय पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर, ने सभी ट्रक ड्राईवरों, ट्रांसपोर्टरों व चीनी मिल के स्टॉफ को यातायात के नियमों तथा नये संशोधित कानूनों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। समस्त वाहनों पर रिफ्लेक्टर व लाल कपड़ा लगाने का परामर्श दिया गया जिससे सड़क पर चलने वाले वाहनों की दृश्यता बनी रहे और दुर्घटनाओं की सम्भावना कम हो सके।

श्री निष्काम गुप्ता उपाध्यक्ष चीनी मिल धामपुर, द्वारा सभी ट्रक ड्राईवरों, ट्रांसपोर्टरों व चीनी मिल के स्टॉफ को यह परामर्श दिया गया कि कोई भी व्यक्ति मदिरा का सेवन करके वाहन न चलाये, अपने वाहन निर्धारित गति सीमा में ही चलाये, स्वयं व आम जन-मानस को सुरक्षित रखे। यह कार्यकम श्री मृदुल कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना धामपुर, श्री प्रदीप कुमार खोकर चौकी प्रभारी, श्री विजय गुप्ता मुख्य महाप्रबन्धक प्रशासन तथा श्री ओमवीर सिंह महाप्रबन्धक गन्ना, की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर चीनी मिल का स्टॉफ मनोज चौहान वरिष्ठ प्रबन्धक, दिनेश राजपूत, राजेश यादव, संजीव शर्मा, ट्रांसपोर्टर- तुषार दहिया, पदम सिंह, अनीस अहमद, इन्द्रेश शर्मा, रोशन सिंह, मो. इदरीश, लाल बहादुर सिंह तथा कपिल कुमार उपस्थित रहे।

# गंगा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर शिक्षकों ने लिखे पोस्टकार्ड

*** गंगा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर हर वर्ग आ रहा है आगे**

*** गंगा एक्सप्रेसवे की मांग बिजनौर वासियों के लिए बना जनांदोलन**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नांगल सोती।** गंगा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम पोस्ट कार्ड लिखे। बिजनौर वासियों की यह मांग अब धीरे धीरे जनांदोलन का रूप ले रही है, एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर सभी वर्ग प्रयासरत दिखाई दे रहा है।

बिजनौर की धरती से गंगा एक्सप्रेसवे निकाले जाने की मांग को लेकर सामाजिक संगठन, राजनैतिक दल, व्यापारिक संगठन, किसान संगठन, छात्र संगठन, बार संगठन अपने अपने तरीके से सरकार से मांग कर रहे है। वहीं भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के वरिष्ठ नेता दिगम्बर सिंह के आह्वान पर इस गंगा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर बीते एक माह से लगातार किसान, नेता, छात्र, ग्रामीण, व्यापारी पोस्ट कार्ड पर एक्सप्रेसवे की मांग लिखकर मुख्य मंत्री के नाम भेज रहे है, जानकारी के अनुसार अब तक लाखों पोस्टकार्ड पोस्ट कार्ड भेजे जा चुके है, मुख्यमंत्री के नाम पोस्ट कार्ड लिखने का यह सिलसिला अब जनांदोलन बन चुका है, गांव से लेकर शहर तक हर व्यक्ति पोस्ट कार्ड लिखने के लिए लालायित दिखाई दे रहा है, पोस्ट कार्ड लिखकर मुख्यमंत्री के नाम भेजने का सिलसिला लगातार जारी है, जिस कारण डाकघरों में पोस्ट कार्ड की भारी कमी हो गई है।

सोमवार को स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजीव चौहान, शिक्षक केशव शरण, अमित कुमार, श्याम सिंह वितेश, सतेंद्र यादव, बसंत यादव, सत्यप्रकाश आर्य, लोकेश कुमार, मुकेश सिन्हा आदि ने गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर की धरती से निकाला जाए, गन्ने का भाव 500 प्रति कुंतल किया जाए, नजीबाबाद सहकारी चीनी मिल की क्षमता वृद्धि की जाए, नजीबाबाद विधान सभा में नांगल सोती के सामने प्रतावित गंगा नदी का पुल शीघ्र बनाया जाए आदि मांगो के पोस्ट कार्ड लिखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे।

# पुलिस ने एक वियक्ति को कच्ची शराब के साथ पड़कर जेल भेजा




**उत्तम भारत संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पुलिस अधीक्षक बिजनौर के द्वारा अवैध शराब को धर पक्ड का अभियान चलाये जा रहे अिभयान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) द्वारा कुशल निर्देश पर अफजलगढ में थाना प्रभारी के द्वारा अवैध

शराब को रोकथाम करते थाना अफजलगढ पुलिस को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त तेजपाल पुत्र भारत सिहं नि0 ग्राम भजजावाला थाना अफजलगढ जिला बिजनौर उम्र 35 वर्ष को

एक प्लास्टिक की जैरीकैन मे 20 लीटर कच्ची शराब के साथ कालागढ रोड से फैजी कालोनी की तरफ जानेवाले रास्ते पर गिरफ्तार किया गया जिसके समंध मे थाना हाजा पर मु0अ0स0 328/2025 धारा 60(1) आबकारी अिध0 बनाम अभियुक्त तेजपाल उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# आग लगने से मचा हड़कम्प



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम हरपुर निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र उदल सिंह के घर में अचानक आग भड़क उठी। आग लगने का कारण अभी अज्ञात माना जा रहा है। आग इतनी तेजी से फैली की देखते ही देखते पूरे घर को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने मिट्टी डाल कर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई। आग से एक प्लैटिना बाइक, रस का कोल्हू, दो पंपिंग सेट और एक साइकिल बुरी तरह जलकर खाक हो गई। इस घटना में राजेंद्र सिंह को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। आग लगने की सूचना मिलते ही थाना अफजागढ़ पुलिस प्रशासन और क्षेत्र लेखपाल विशाल कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। लेखपाल ने मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन कर उच्च अधिकारियों को भेज दिया है। पुलिस प्रशासन ने भी घटना स्थल का जायजा लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव के लोगों ने फायर ब्रिगेड और प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना की। जिससे बड़ा हादसा व नुकसान होने से टल गया।

# दिल्ली विस्फोट के बाद नगीना पुलिस हुई अलर्ट




**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना / बिजनौर।** दिल्ली में खड़ी एक कार में हुए विस्फोट के बाद यूपी पुलिस भी हाई एलर्ट मोड पर आ गई। नगीना पुलिस ने पुलिस उपाधीक्षक व थाना प्रभारी के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड, गांधी मूर्ति पार्क, मुख्य मार्गो व बाजारों तथा अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया और पैदल गश्त कर लोगों को अफवाह न फैलाने व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। पुलिस की पेट्रोलिंग व सघन चेकिंग अभियान पूरी रात जारी रहा।

सोमवार की शाम दिल्ली में लालकिला मैट्रो स्टेशन की पार्किंग में खड़ी एक कार में जबरदस्त विस्फोट हो गया था, जिसकी चपेट में पार्किंग में खड़ी कई कारें व वाहन भी आ गए थे। विस्फोट में एक दर्जन के करीब लोगों के मारे जाने व कई दर्जन लोगों के घायल होने के बाद यह खबर सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। मीडिया व सोशल मीडिया पर इस भयावह विस्फोट को आतंकी घटना से जोड़ कर देखा जाने लगा और इसी तरह की खबरें वायरल होने लगी। देश की राजधानी दिल्ली में हुई विस्फोट की इस भयावह घटना के तुरंत बाद यूपी पुलिस भी हाई एलर्ट मोड पर आ गई। नगीना सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाना प्रभारी अवनीत मान भारी पुलिस बल के साथ सड़को पर उतर आए और नगीना रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध लोगों की तलाश में अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने स्टेशन परिसर, प्लेटफार्मो और यात्रियों के सामान की गहन जांच की। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन के आसपास भी पुलिस टीम ने सघन तलाशी अभियान जारी रखा। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से की गई। पुलिस की पेट्रोलिंग व पैदल गश्त तथा चेकिंग अभियान पूरी रात जारी रहा।

# डाम्पा विधानसभा सीट पर उपचुनाव में एक बजे तक 56.35 प्रतिशत मतदान

**आइजोल।** मिजोरम के मामित जिले की डाम्पा विधानसभा सीट पर उपचुनाव में मंगलवार दोपहर एक बजे तक 56.35 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यह उपचुनाव सत्तारूढ़ जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के लिए एक परीक्षा माना जा रहा है।

जुलाई में एमएनएफ विधायक ललरिंतलुआंगा सैलो के निधन के बाद इस उपचुनाव की जरूरत उत्पन्न हुई।

जेडपीएम के लिहाज से इस उपचुनाव के परिणाम तीन दिसंबर को होने वाले लाई ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल (एलएडीसी) चुनाव और वर्ष के अंत में आइजोल नगर निगम (एएमसी) चुनाव पर प्रभाव डाल सकते हैं।

पर्यवेक्षकों का कहना है कि जेडपीएम के लिए यह जीत, खासकर विपक्षी दलों की बढ़ती आलोचना के बीच पार्टी का मनोबल बढ़ाने का काम करेगी।

एमएनएफ के लिए यह उपचुनाव खासा महत्व इसलिए रखता है, क्योंकि यदि वह हार गई तो 40-सदस्यीय विधानसभा में उसकी ताकत और घट जाएगी तथा विपक्ष के नेता के पद के लिए उसका दावा खतरे में पड़ सकता है। इस पद के लिए कम से कम 10 विधायक आवश्यक हैं, जबकि सैलो के निधन के बाद एमएनएफ के पास अब नौ विधायक हैं।

ईसाई बहुल मिजोरम में अपनी पैठ बढ़ाने का प्रयास कर रही भाजपा इस चुनाव को अपनी पकड़ मजबूत करने का अवसर मान रही है। वर्तमान में विधानसभा में पार्टी के दो विधायक हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी लालरोज़ामा ने बताया कि सभी 41 मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान चल रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ केंद्रों पर वीवीपैट में समस्या आई थी, जिन्हें मतदान शुरू होने से पहले तुरंत बदल दिया गया। इस विधानसभा क्षेत्र में मिजो और अल्पसंख्यक समुदायों जैसे चकमा और ब्रू का मिश्रित जनसंख्या आधार है। डाम्पा मामित जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में से एक है। यह राज्य का अकेला आकांक्षी जिला है। यह बांग्लादेश से अंतरराष्ट्रीय सीमा तथा त्रिपुरा से अंतरराज्यीय सीमा साझा करता है।

# सीकरी बुजुर्ग के बूथों का दौरा किया




**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत एसडीएम न्यायिक राम आश्रय के नेतृत्व में राजस्व विभाग की एक टीम ने सोमवार को नहटौर विधानसभा क्षेत्र के गांव सराय काजियान और सीकरी बुजुर्ग के बूथों का दौरा किया। टीम ने अपराह्न तीन बजे ग्रामीणों को मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान लोगों से शुद्ध मतदाता सूची तैयार करने में सहयोग की अपील की गई। इस अभियान में एसडीएम न्यायिक राम आश्रय के साथ तहसीलदार धनराज कुमार, कानूनगो ओमवीर सिंह और लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि भी शामिल थे। मौके पर ग्रामीणों को गणना प्रपत्र भी वितरित किए गए।

# आये दिन खानेवाले जाम से खासे परेशान है बढ़ापुर कस्बेवासी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** बढ़ापुर कस्बे में आये दिन लगने वाले जाम से कस्बेवासी परेशान है राहगीर व स्कूली बच्चे घंटों जाम में फंसे रहते है। कस्बेवासियों ने संबंधित अधिकारियों से जाम से निजात दिलाने की मांग की है।

बढ़ापुर की जनता आये दिन लगने वाले जाम से परेशान है। बिजली घर से लेकर सब्जी मंडी तक आए दिन घंटों जाम ही जाम लगा रहता है राहगीरों के साथ-साथ स्कूली बच्चे भी जाम में फंसे रहते है और स्कूल देरी से पहुंचने पर शिक्षकों की डांट खानी पड़ती है। वही आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार में खरीदारी के लिए आए लोग भी जाम में फंसे रहते है रास्ता तंग होने, ज्यादा संख्या में ई-रिक्शा होने व भारी वाहनों के गुजरने से आए दिन जाम लगा रहता है कुंजैटा तिराहे पर भारी जाम लगा रहता है यहां से गन्ने से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली व भारी वाहनों का गुजरना होता है वही रास्ता तंग होने पर बाइकें सड़क किनारे दुकानों के सामने खड़ी होती है जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों की ई-रिक्शाएं अपने निर्धारित मार्गो पर नही चलकर कस्बे में चलाई जाती है। जिस कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है ।इस संबंध में एसडीएम नगीना नितिन कुमार ने बताया कि नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी बढ़ापुर से जाम की समस्या के बारे में जानकारी प्राप्त कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम सदरुद्दीननगर निवासी सोफिया परवीन पुत्री मौ.जाकीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके माता पिता ने दो वर्ष पूर्व गांव के ही सिकंदर के साथ उसका निकाह किया था। उनका एक साल का बेटा भी है। आरोप है कि निकाह के बाद से ही उसका पति व उसके परिजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे हैं। 11 अक्तूबर की सांय उन्होंने उसके साथ मारपीट की तथा पति ने उसे तीन बार तलाक बोलते हुए घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** ब्लॉक परिसर में सोमवार को अपराह्न करीब तीन बजे बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग बिजनौर द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू किया गया। यह प्रशिक्षण पोषण भी पढ़ाई भी% योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पहले दिन ट्रेनर सुहेल खान ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों की पढ़ाई से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने छोटे बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। इस प्रशिक्षण में कुल 94 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुन्नी देवी, जागेश, कविता, ज्योति, मंजू, अंजू, शमीमा, शशि, मीनाक्षी, सुमन और रेनू सहित कई अन्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

# बढ़ापुर इलाके में मिला हाथी के बच्चे का शव

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर ।** वनविभाग की बढ़ापुर वन रेंज के अंतर्गत ढकरीया बीट में गश्त के दौरान नर हाथी के बच्चे का शव मिलने से विभाग में हड़कंप मच गया।

डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को बढ़ापुर वन विभाग की टीम रेंज के अंतर्गत ढकरीया बीट में गश्त कर रही थी, गश्त के दौरान टीम को एक हाथी के बच्चे का शव पड़ा मिला है जिसकी उम्र लगभग चार से पांच वर्ष की है प्रथम दृष्टया हाथियों के आपसी संघर्ष व बीमार होने के चलते मौत होना प्रतीत हो रहा है। बुधवार को पशु चिकित्सकों की टीम को बुलाकर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मौत के सही कारणों का पता लगाने पर विधिक कार्रवाई की जायेगी। वही इस संबंध में जब बढ़ापुर वन क्षेत्राधिकारी रमेश सिंह से जानकारी की गई तो उन्होंने कोई जानकारी होने से इंकार किया ।

# अपराह्न एक बजे तक 51 प्रतिशत से अधिक मतदान, दो निर्वाचन अधिकारी निलंबित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की नुआपाड़ा विधानसभा सीट पर मंगलवार को अपराह्न एक बजे तक 2.53 लाख मतदाताओं में आधे से अधिक ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वैसे तो उपचुनाव के परिणाम से राज्य की सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), विपक्षी बीजू जनता दल (बीजद) और कांग्रेस के लिए यह राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले साल पार्टी द्वारा अपने दम पर पहली बार सरकार बनाने के बाद से यह राज्य में पहला चुनावी मुकाबला है।

उपचुनाव से पहले कम से कम छह बार नुआपाड़ा का दौरा कर चुके मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के लिए यह चुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। इसी तरह, इस चुनाव को बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक के राज्य की राजनीति में निरंतर प्रभाव की परीक्षा के रूप में भी देखा जा रहा है।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे से सभी 358 मतदान केंद्रों पर मतदान जारी है, जिनमें 47 संवेदनशील घोषित किए गए हैं। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, अपराह्न एक बजे तक 51.42 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है।

एक अधिकारी ने बताया कि खरियार रोड स्थित मोंगरापाली मतदान केंद्र पर तकनीकी खराबी के कारण कुछ समय के लिए मतदान में अस्थायी रूप से व्यवधान आया, लेकिन उसे ठीक कर लिया गया। उन्होंने बताया कि तीन बैलेट यूनिट (बीयू) और तीन कंट्रोल यूनिट (सीयू) को तुरंत बदल दिया गया।

बीजद विधायक राजेंद्र ढोलकिया का आठ सितंबर को निधन हो जाने के बाद यह उपचुनाव आवश्यक हुआ। क्षेत्रीय पार्टी ने यह सीट बरकरार रखने के लिए स्नेहांगिनी छुरिया को मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा ने दिवंगत विधायक के पुत्र जय ढोलकिया को उम्मीदवार बनाया है। वर्ष 2000 से राज्य की सत्ता से बाहर कांग्रेस ने वरिष्ठ आदिवासी नेता घासीराम माझी को अपना उम्मीदवार बनाया है। माझी 2024 के विधानसभा चुनाव में 50,000 से अधिक वोट हासिल करके दूसरे स्थान पर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी आरएस गोपालन ने संवाददाताओं को बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदान सुचारू रूप से जारी है और अपराह्न डेढ़ बजे तक किसी भी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

P-08:28 paga09_jhn.qxd 11/11/2025 7:06 PM Page 1



# जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

*** जनता को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी**
*** शिकायतों के निस्तारण में ढिलाई पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाई**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त हो रही विद्युत संबंधी शिकायतों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा लगातार यह बताया जा रहा है कि उनकी शिकायतों को समय पर सुना नहीं जा रहा है तथा विभागीय स्तर पर अपेक्षित तत्परता नहीं दिखाई जा रही है। जिलाधिकारी ने इसे अत्यंत गंभीर बताते हुए अधिकारियों की कार्यशैली पर स्पष्ट रूप से नाराजगी व्यक्त की।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी नियमित रूप से अपने कार्यालय में बैठकर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनें। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से इधर-उधर न भेजा जाए और प्रत्येक शिकायत का समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि विभागीय कार्यशैली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होना चाहिए, जिससे आमजन को राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में शिकायतों के निस्तारण में ढिलाई या लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

बैठक के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि चाइनीज़ मांझा से पतंगबाज़ी की घटनाओं के कारण विद्युत लाइनों पर मांझा उलझ रहा है, जिससे विद्युत फॉल्ट उत्पन्न हो रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि चाइनीज़ मांझे का उपयोग प्रतिबंधित है। ऐसे मांझे का उपयोग करने या बेचने वालों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाए और इसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# एसडीएम के सख्त निर्देश हवा हुए: सैफनी में फल के ठेले और ई-रिक्शा दे रहे खुली चुनौती

*** नगर पंचायत के अनाउंसमेंट के बाद भी सड़क पर कब्जा, अतिक्रमण हटाने के आदेश की खुली अवहेलना**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सैफनी।** नगर पंचायत द्वारा सड़कों पर से अतिक्रमण हटाने के लिए किए गए अनाउंसमेंट और उप-जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के बावजूद, सैफनी में स्थिति जस की तस बनी हुई है। मुख्य मार्गों और बाजारों में दुकानदारों के फल के ठेले और ई-रिक्शा नियमित रूप से सड़क के किनारे खड़े होकर प्रशासन के आदेशों को खुली चुनौती दे रहे हैं। हाल ही में, सैफनी नगर पंचायत ने लाउडस्पीकर के माध्यम से सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को तुरंत हटाने का निर्देश दिया था। इसके बाद, एसडीएम ने भी सार्वजनिक रूप से सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा था कि सड़क किनारे खड़े होकर यातायात बाधित करने वाले अतिक्रमणकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन, इन सभी निर्देशों का स्थानीय दुकानदारों और ई-रिक्शा चालकों पर कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। सड़क के किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े फलों के ठेले, खोमचे और ई-रिक्शा, विशेषकर भीड़भाड़ वाले समय में, गंभीर जाम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन ने सिर्फ खानापूर्ति की है। जब तक ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक यह मनमानी जारी रहेगी।अब देखना यह होगा कि एसडीएम के आदेशों की खुली अवहेलना करने वालों पर नगर पंचायत और स्थानीय प्रशासन कब तक चुप्पी साधे रहता है, या फिर व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सख्ती से अभियान चलाता है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत भारत गार्डन में आयोजित किया गया अनंता (प्रेरक महिला सम्मान) कार्यक्रम

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में ÷अनंता (प्रेरक महिला सम्मान) ÷ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता सैनी, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 दीपा सिंह, बीजेपी जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन तथा अधिकारों से संबंधित जानकारी दी गई। मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, हेल्पलाइन सेवाओं तथा शिकायत निवारण तंत्र से भी अवगत कराया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन अधिकारों का उपयोग कैसे किया जाए, इसकी स्पष्ट जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जहाँ भी महिलाओं के अधिकारों का हनन होता है, वहाँ उपलब्ध कानूनी प्रावधानों एवं सरकारी सेवाओं के माध्यम से लाभ प्राप्त किया जा सकता है, यह जानकारी प्रत्येक महिला तक पहुँचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के अंतर्गत गाँव स्तर पर आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला पुलिसकर्मी महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा शिकायत निवारण संबंधी प्रावधानों के बारे में लगातार जागरूक कर रही हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति का वास्तविक उद्देश्य, महिलाओं को सक्षम, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल की प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए विभागीय स्टालों से योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

राज्य महिला आयोग की सदस्या ने कहा कि आयोग महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों से संबंधित मामलों पर निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण एवं उचित सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने जनपद में मिशन शक्ति के तहत चल रहे प्रयासों की सराहना की।पुलिस अधीक्षक ने महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं हेल्पलाइन सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को आवश्यक सुरक्षा सुझाव प्रदान किए। उन्होंने बताया कि जनपद में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित रूप से सुरक्षा व्यवस्था एवं जागरुकता के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से कहा कि किसी प्रकार की घटना, शोषण की स्थिति में बिना संकोच पुलिस को सूचना दें।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग का दायित्व है कि वह महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता और सहयोग प्रदान करें।

कार्यक्रम में जनपद की प्रेरक महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों, स्वास्थ्य विभाग की प्रतिनिधियों, महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों, महिला ग्राम प्रधानों, बेसिक शिक्षा विभाग की महिला प्रतिनिधियों तथा जनपद में उच्च अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। सभी सम्मानित प्रतिभागियों के उत्कृष्ट कार्य, उपलब्धियों एवं सामाजिक योगदान की सराहना की गई।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी, मुख्य पुलिस अधीक्षक, राज्य महिला आयोग की सदस्य, बीजेपी जिलाध्यक्ष एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित स्टालों का अवलोकन किया गया तथा विभागीय योजनाओं, पंजीकरण व्यवस्था तथा जागरूकता सामग्रियों का भी अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, सामाजिक संगठन, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा बड़ी संख्या में बालिकाएँ उपस्थित रहीं।

# रामपुर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी केंद्र सरकार: आकाश

*** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सपरिवार दिल्ली में की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात**
*** रामपुर में चल रहे विकास कार्यों और आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से हुई चर्चा**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वस्त किया है कि रामपुर के विकास में केंद्र सरकार किसी तरह की कमी नहीं आने देगी। उन्होंने प्रधानमंत्री को रामपुर में चल रहे विकास कार्यों, औद्योगिक प्रगति के साथ ही संगठनात्मक विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सोमवार रात को शहर विधायक आकाश सक्सेना अपने परिवार के साथ दिल्ली पहुंच गए। जहां उन्होंने सपरिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान विधायक सक्सेना ने प्रधानमंत्री को रामपुर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी और क्षेत्र की भविष्य की आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की। विधायक ने प्रधानमंत्री को बताया कि किस प्रकार केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से रामपुर में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण और रोजगार के क्षेत्र में तेज़ी से प्रगति हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री को यह भी अवगत कराया कि कुछ परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त सहयोग और संसाधनों की आवश्यकता है, ताकि रामपुर का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। विधायक ने प्रधानमंत्री को यह भी बताया कि रामपुर में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने और पर्यटन की संभावनाओं को विकसित करने के लिए कई प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि इन योजनाओं को शीघ्र मंजूरी और केंद्रीय सहयोग प्राप्त हो सके, ताकि रामपुर का सर्वांगीण विकास तेज़ गति से आगे बढ़े। आकाश सक्सेना ने प्रधानमंत्री को बताया कि रामपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा संगठन बूथ स्तर पर मजबूती की दिशा में सक्रियता से कार्य कर रहा है। पार्टी कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के मिशन में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनता के बीच सरकार की योजनाओं के प्रति सकारात्मकता बढ़ी है और लोग विकास की इस गति से संतुष्ट हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधायक आकाश सक्सेना से क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उन्हें जनता की सेवा में निरंतर सक्रिय रहने का आशीर्वाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार का लक्ष्य देश के हर जिले को आत्मनिर्भर और विकास के पथ पर अग्रसर बनाना है, और रामपुर भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस अवसर विधायक की पत्नी गुंजन सक्सेना, उनकी पुत्री व दामाद उपस्थित रहे।

# स्कूली छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।**उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा थाना प्रभारी मिलक खानम के साथ थाना मिलक खानम क्षेत्रान्तर्गत कॉन्वेंट इंटर कालेज, डिलारी में मंगलवार को छात्र- छात्राओ को साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों,सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन कर जागरुक किया गया।उक्त कार्यशाला में छात्राओ को महिला सम्बन्धी अपराध,विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम,1090-वूमेन पॉवर लाइन,181-महिला हेल्प लाइन,108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा,1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओ में सुरक्षा,आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा तकनीक और डिजिटल सुरक्षा के महत्व को समझते हुए सक्रिय भागीदारी दिखाई।

# आत्मनिर्भर भारत है देश की आर्थिक स्वतंत्रता का संकल्प: गुलाबो देवी

*** भाजपा की ओर से आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला में बोलीं राज्यमंत्री गुलाबो देवी**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाबो देवी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक स्वतंत्रता का संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए प्रत्येक देशवासी से सहयोग की आवश्यकता है, ताकि भारत की मेहनत, भारत के उत्पाद भारत के हर घर में प्रयोग हों। मंगलवार को भाजपा के राम विहार स्थित कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री गुलाबो देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, स्थानीय उद्योगों के प्रोत्साहन और रोजगार सृजन पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यमंत्री गुलाबो देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक स्वतंत्रता का संकल्प है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को जन-जन तक पहुँचाएं और दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग प्राथमिकता से करें।

भाजपा जिलाध्यक्षर हरीश गंगवार ने कहा कि जब हम अपने देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करेंगे, तभी हमारे कारीगर, लघु उद्योग और किसान सशक्त होंगे। आत्मनिर्भर भारत का अर्थ है आत्मविश्वास से भरा हुआ भारत। उन्होंने युवा पीढ़ी को नवाचार और स्टार्टअप के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, सूर्य प्रकाश पाल, सुनीता सैनी, अभय गुप्ता, दिनेश गोयल, हरीबाला यादव, जगपाल यादव, मोहन कुमार लोधी, रविंद्र रवि, काशीराम दिवाकर, मोहित सैनी, पारूल अग्रवाल, सतनाम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों के प्रति छात्र-छात्राओ को पंपलेट पेपर देकर किया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।**पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा÷यातायात माह-नवम्बर 2025÷ के दृष्टिगत थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत सरस्वती शिशु मंदिर में मंगलवार को छात्र-छात्राओ को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया। स्कूल-कॉलेजों में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए ÷ट्रैफिक सेंस÷ विकसित करने हेतु प्रेरित किया गया।लाउडस्पीकर के माध्यम से आमजन को संदेश दिया गया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें तथा निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाएं।ऑटो, टैम्पो,बस चालकों को ओवरलोडिंग एवं गलत दिशा में वाहन चलाने के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा पंपलेट वितरित किए गए।बालक-बालिकाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को सड़क पार करने के सुरक्षित तरीकों के बारे में बताया गया।नागरिकों से अपील की गई कि वे ÷सुरक्षित यातायात-जीवन की सुरक्षा÷ के संकल्प को अपनाएँ और यातायात नियमों का पालन कर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# बिलासपुर में भाकियू भानु कार्यकर्ताओं का विरोध-प्रदर्शन

*** एसडीएम को सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**बिलासपुर।**नवीन मंडी में स्थापित धान क्रय केंद्रों पर किसानों का धान नही तुलने, शोषण रोकने,हाउस व वाटर टैक्स में की गई वृद्धि को कम करने आदि सात सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू भानु गुट कार्यकर्ताओं ने तहसील में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।इसके पश्चात सभी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। मंगलवार की दोपहर भारतीय किसान यूनियन भानु-गुट कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में स्थानीय तहसील परिसर स्थित पार्क में एकत्र हुए और मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। किसानों ने पंचायत में पहले जनहित मुद्दों को लेकर चर्चा की।इसके बाद सभी जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए उप जिलाधिकारी अरूण कुमार के कार्यालय पहुंचें जहां प्रदर्शन करने के बाद एसडीएम को अपना ज्ञापन सौंपा।इससे पूर्व जिलाध्यक्ष वारसी ने कहा कि नवीन मंडी में धान क्रय केंद्र प्रभारी किसानों का धान नही तौल रहे,और बारदाना नही होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ देते हैं,जबकि जिस जगह किसानों का धान तुलता है,उस जगह धान के भरे हुए कट्टों का स्टॉक लगा हुआ है।उनकी मांग है कि स्टॉल को तुरंत हटवाया जाए।इस दौरान ज्ञापन में उन्होंने कहा तहसील में किसानों का शोषण किया जा रहा है, लेखपालों की मनमानी पर रोक लगाई जाए।सरकारी मूल्य से कम रेटों पर किसानों का धान खरीदने वाले आढ़तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।हरियाणा व पंजाब की तर्ज पर किसान को सरकारी रेट के साथ दो सौ रूपए बोनस की प्रक्रिया उत्तरप्रदेश में भी शुरू की जाए।वहीं किसान को बिना शर्त उपलब्ध कराई जाए।माइनरों और नहरों को कब्जामुक्त कराई जाए।नगरपालिका पालिका द्वारा हाउस और वाटर टैक्स में की गई वृद्धि को कम कराने आदि की मांगें शामिल थी।इस मौकें पर मोहम्मद आसिम रजा एडवोकेट, मोहम्मद अहमद,मुराद खां,फैसल खांन,कदीर आलम, संतोष कुमार सिकदार,सतनाम सिंह,तरसेम सिंह,लखविंदर सिंह, महबूब अली पाशा,मतलूब हसन,जमुना प्रसाद,वाहिद खां आदि मौजूद रहे।

# अवैध चाकू के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**



**बिलासपुर।**थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। मंगलवार को खजुरिया थाने में तैनात उप निरीक्षक सावन ने बताया कि गुलवेज पुत्र रब्बानी खांन निवासी ग्राम अहरो जदीद को खजुरिया अहरो मार्ग पर खेड़ा सराय को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है।तलाशी में उसके कब्जे से एक अवैध चाकू की बरामदगी दिखाई गई है।

# मारपीट के मामले में सगे भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।**रास्ते और पारिवारिक बंटवारे को लेकर एक व्यक्ति ने अपने सगे भाई पर मारपीट कर घायल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मंगलवार को क्षेत्र के बेरखेड़ा के रहने वाले बलजीत सिंह ने बताया कि बीती चार नवंबर की रात आठ बजे उसके सगे भाई किरपाल सिंह ने रास्ते को निकलने और पारिवारिक बंटवारे को लेकर गाली-गलौच शुरू कर दी।आरोप है कि विरोध करने पर उक्त भाई ने उसे लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी जिसके बाद उसे सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया था। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश@ 2047 पोर्टल पर 1 लाख लोगों ने दिया फीडबैक

*** सीडीओ ने प्रगति बढ़ाने के दिए निर्देश**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।**मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में समर्थ उ0प्र0, विकसित उ0प्र0ञ्च2047 के सम्बन्ध में विकास भवन सभागार में समस्त अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने कार्यालयों में एक हेल्पडेस्क स्थापित कराते हुए कार्यालय में विजिट करने वाले जन सामान्य से समर्थ उ0प्र0,विकसित उ0प्र0 में फीडबैक दिलाएं।इसके साथ ही समस्त जिला स्तरीय अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि उनके कार्यालय में कार्यरत कोई भी कर्मचारी फीडबैक देने हेतु शेष न रहे।मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के 1 लाख फीडबैक पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समस्त अधिकारियों को निरन्तर फीडबैक बढ़ाए जाने हेतु निर्देशित किया।बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सूर्य प्रकाश व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भूमि रजिस्ट्री में रिश्वतखोरी के विरोध में अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** तहसील सदर में अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने हल्का लेखपाल कुमारी अर्चना द्वारा भूमि से संबंधित कार्य में रिश्वत की मांग को लेकर नाराजगी जताई। अधिवक्ताओं ने बताया कि लेखपाल द्वारा भूमि की श्रेणी परिवर्तन रिपोर्ट के नाम पर प्रति रिपोर्ट 5000 रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी। इस संबंध में अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि रिश्वत न देने पर संबंधित फाइलों पर जानबूझकर आपत्ति लगाई जा रही है और कार्यों में बाधा डाली जा रही है। इस पूरे प्रकरण से नाराज अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि रिश्वत का खेल बंद होना चाहिए ताकि आम जनता को न्याय मिल सके।इस मामले में नायब तहसीलदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने एसडीएम निलेश कुमार गौड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से अधिवक्ता प्रदीप कुमार सक्सेना, दिलीप सक्सेना, अंकुश सक्सेना, भारत कुमार, अमित कुमार, गुड्डू अहमद, राजकुमार, आमिर, वकास अहमद आदि थे।

# जनपद के निजी एवं सहकारिता क्षेत्र में 19510 मी.टन यूरिया, 4923 मी.टन एनपीके और 3108 मी.टन डीएपी उपलब्ध

**मिट्टी की उर्वरता,फसल की आवश्यकता एवं मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट के अनुसार ही उर्वरकों का करें प्रयोग**
**उर्वरकों के प्रयोग से पहले कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों से परामर्श ले सकते हैं किसान**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।**जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने मंगलवार को बताया कि जनपद के निजी एवं सहकारिता क्षेत्र में 19510 मीट्रिक टन यूरिया,4923 मीट्रिक टन एन.पी. के. एवं 3108 मीट्रिक टन डी.ए.पी.उपलब्ध है।वर्तमान समय में जनपद में आवश्यकतानुसार प्रर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गयी है।उन्होंने बताया कि कई किसान एन.पी.के. (12:32:16) को पसन्द करते हैं जबकि कृषक इसके स्थान पर एन.पी. के. (10:26:26), एन.पी. के. एस. (20:20:0:13), सिंगल सुपर फास्फेट, डी.ए.पी. (18:46) का प्रयोग कर सकते हैं,जिसके लिए कृषकों को लाइन में लगने की आवश्यता भी नहीं है।उन्होंने बताया कि रबी मौसम में फसलों से बेहतर उपज प्राप्त करने हेतु किसान फास्फोरस व पोटास की पूरी मात्रा एवं नाइट्रोजन की आधी मात्रा फसल की बुवाई करते समय तथा शेष नाइट्रोजन की आधी मात्रा खड़ी फसल में दो बार ट्रॉप ड्रेसिंग के रूप में प्रयोग करें।दलहनी एवं तिलहनी फसलों में सल्फर का प्रयोग करने से पैदावार में वृद्धि होती है, जिसके लिए किसान एन.पी. के. एस. 20:20:0:13 का प्रयोग कर सकते हैं।उन्होंने कृषकों से अनुरोध किया है कि मिट्टी की उर्वरता,फसल की आवश्यकता एवं मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करें। उर्वरकों के प्रयोग से पहले कृषि विज्ञान केन्द्र धमोरा के वैज्ञानिकों से परामर्श ले सकते हैं।

# रोजगार मेले का आयोजन 14 व 15 नवम्बर को

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।**मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत जनपद के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 14 व 15 नवम्बर, 2025 को प्रातः 10:00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय पुरानी तहसील में आयोजित किया जाएगा।रोजगार मेले में कैरम मोबिलिटी सेल्यूशन प्रा0लि0 एवं पुखराज हेल्थ केयर प्रा0लि0 द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि मनोज कुमार ने मंगलवार को बताया कि यदि आप वाहन चलाने का अनुभव रखते है तो कैरम मोबिलिटी सोल्यूशन प्रा0लि0 द्वारा उवर ब्लैक और उवार गो में ड्राइवर की नौकरी हेतु मुम्बई में आवश्यकता है,जिसमें रहने की सुविधा, इंश्योरेंस,पीएफ, छुट्टियॉ एवं मुम्बई जाने के लिए ट्रेन का एसी टिकट की सुविधा भी उपलब्ध होगी।ड्राइवर हेतु शैक्षिक योग्यता-आठवीं, दसवीं एवं इण्टर होने के साथ-साथ कार चलाने का लाइट का लाइसेंस होना अनिवार्य है।उन्होंने बताया कि प्रतिभागी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा, साक्षात्कार के समय अपना सीवी, फोटो एवं समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र साथ लेकर अवश्य आए।रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए रोजगार संगम पोर्टल पर बेरोजगार अभ्यर्थी का पंजीयन होना अनिवार्य है। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली किसी भी कम्पनी पर आवेदन कर सकते है।

# बिहार मतदान में जमीन से लेकर आसमान तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम: डीजीपी विनय कुमार

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान राज्य में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। हर मतदान केंद्र पर पुलिस की मौजूदगी नजर आ रही है और सुरक्षा बल पूरी तरह मुस्तैद हैं। राज्य के डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि इस बार सुरक्षा व्यवस्था इतनी सख्त है कि आम लोग भी इसको महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ÷हर बूथ, हर क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित की गई है। जमीन से लेकर आसमान और साइबर स्पेस तक सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हमारी डिजिटल साइबर सेल और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल 24 घंटे सक्रिय हैं। सोशल मीडिया पर किसी तरह की ट्रोलिंग या अफवाह फैलाने की कोशिश पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है।÷

डीजीपी ने बताया कि अब सुरक्षा का दायरा केवल भौतिक सीमाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि डिजिटल दुनिया तक बढ़ा दिया गया है। हम साइबर पेट्रोलिंग कर रहे हैं ताकि कोई भी व्यक्ति या संगठन चुनाव के दौरान गलत सूचना फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश न करे।

विनय कुमार ने यह भी बताया कि राज्य भर में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

पूरा बिहार पहले से ही अलर्ट पर था, लेकिन अब हमने निगरानी और बढ़ा दी है। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। डॉग स्क्वॉड और मेटल डिटेक्टर की मदद से हर संदिग्ध वस्तु और व्यक्ति की जांच की जा रही है।÷

डीजीपी ने कहा कि वे खुद पटना मेट्रो स्टेशन पर गए थे। वहां भी पूरी तरह चौकसी बढ़ा दी गई है। हर जगह पुलिसकर्मी तैनात हैं और लगातार जांच की जा रही है। विनय कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पुलिस न केवल सुरक्षा दे रही है, बल्कि नागरिकों से संवाद भी बनाए रख रही है।

# 'बिहार को परिणाम, सम्मान और उन्नति चाहिए', वोटिंग के बीच मतदाताओं के नाम तेजस्वी यादव का संदेश

**पटना।** महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार और राजद नेता तेजस्वी यादव ने बिहार के मतदाताओं के लिए संदेश लिखा है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन का शंखनाद हो चुका है और बिहार सिर्फ परिणाम चाहता है।

राजद नेता ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ÷सबसे पहले, हृदय से आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने प्रथम चरण में रिकॉर्ड तोड़ मतदान किया और पूरे देश को ये संदेश दिया कि अब भाषण और जुमले नहीं चलेंगे, अब परिवर्तन का शंखनाद हो चुका है और बिहार सिर्फ परिणाम चाहता है।÷

तेजस्वी यादव ने अपने संदेश में कहा, विपक्षियों की हर चाल आप लोगों ने नाकाम की। हमेशा की तरह उन्होंने बिन बात के मुद्दों में आपको उलझाने का प्रयास किया, लेकिन आपने संयमित, संगठित और सारगर्भित ढंग से जिस तरह पढ़ाई, कमाई, दवाई, सिंचाई और सुनवाई वाली तेजस्वी सरकार को चुना, उसके लिए मैं आजीवन आपका कृतज्ञ रहूंगा।



मतदाताओं के नाम संदेश में उन्होंने कहा, आपका और मेरा सपना एक है। आपका और मेरा दर्द एक है, आपका और मेरा लक्ष्य एक है, इसे कोई बिहार के बाहर वाला नहीं समझ सकता। पहले से ही बहुत देर हो चुकी है। बीस साल में हम विकास नहीं कर पाए। बीस साल में सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे पाई। बिहारवासियों को अपराध मुक्त वातावरण नहीं दे पाई। अच्छी शिक्षा, अच्छे अस्पताल, अच्छा इलाज नहीं दे पाई। किसान को बाढ़ से मुक्ति नहीं मिली। व्यापारी को घाटे से मुक्ति नहीं मिली और हर घर को महंगाई से मुक्ति नहीं मिली।

उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों को जो मिला वो बस आश्वासन, जुमले, झूठ, वादे और हवाबाजी। ये सब अब एक सेकंड भी बिहार सहना नहीं चाहता। तेजस्वी यादव ने लिखा, ÷पिछले कई सालों में हमने बिहार की विकास नीति बनाने में बहुत मेहनत की है। हर वर्ग, हर जाति, हर धर्म, हर समुदाय के लिए हमने नीतियां गठित की हैं। 17 महीने के अल्प समय में इन्हें लागू करके ये भी सिद्ध किया कि हमारी हर नीति लोकनीति है, लोकहित की नीति है।

अपने संदेश के आखिर में तेजस्वी यादव ने लिखा, असली आजादी बेरोजगारी, घूसखोरी, रिश्वतखोरी, महंगाई, अत्याचार, भ्रष्टाचार, झूठ, जुमला, अन्याय, शोषण और असमानता से मुक्ति में है। हमारी हर बिहारी को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने की सोच है। गांव का उत्थान होगा तभी राष्ट्र का उत्थान होगा और हम उसी भावना से बिहार के गांवों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ई-रिक्शा पर सवार होकर पहुंचे मतदान केंद्र, डाला वोट

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव में मंगलवार को दूसरे और अंतिम चरण का मतदान जारी है। इस बीच, बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने औरंगाबाद जिले के ओबरा में मतदान किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से भी घरों से निकलकर मतदान करने की अपील की।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम अपने परिवार के साथ ई-रिक्शा से ओबरा कन्या मध्य विद्यालय में बने मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि विकसित कुटुंबा के संकल्प में सहभागी बनें और लोकतंत्र के इस महापर्व पर अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

उन्होंने इस दौरान पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्य में वृद्धि और महंगाई को लेकर केंद्र सरकार और बिहार सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस



चुनाव में लोग बदलाव के लिए वोट कर रहे हैं। राजेश राम कुटुंबा से महागठबंधन के प्रत्याशी हैं।

बिहार में मंगलवार की सुबह सात बजे से विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 20 जिलों के 122 सीटों पर मतदान का कार्य जारी है। मतदान को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। दूसरे चरण में 122 विधानसभा सीटों के 3.7 करोड़ से ज्यादा मतदाता 1302 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। इस चरण में एनडीए और महागठबंधन के कई दिग्गजों का सियासी भविष्य दांव पर लगा है।

मतदाताओं के मतदान के लिए 45,399 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 5,326 शहरी क्षेत्र में जबकि 40,073 ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित हैं। चुनाव के दूसरे चरण में जिन 122 सीटों पर मतदान हो रहा है उनमें एनडीए की ओर से 122 उम्मीदवार और महागठबंधन के 127 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस चरण में पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, कैमूर, रोहतास, अरवल, औरंगाबाद, गया, नवादा, जहानाबाद और जमुई जिलों में मतदान का कार्य चल रहा है। पहले चरण के मतदान में कई पार्टियों के अध्यक्षों के भी भविष्य तय होंगे।

# बिहार चुनाव: पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद और सांसद पप्पू यादव ने किया मतदान

**पूर्णिया।** बिहार में मंगलवार की सुबह सात बजे से विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 20 जिलों के 122 सीटों पर मतदान जारी है। मतदान को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

इस बीच, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद ने कटिहार में जबकि निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने भी मतदान किया। मतदान के बाद मीडिया से बात करते हुए सांसद पप्पू यादव ने लोगों से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि बिहार में न्याय व्यवस्था को लेकर एक बड़ा बदलाव के लिए लोग वोट करें। बिहार को बाढ़ से मुक्ति मिले।

उन्होंने कहा कि कई बूथों पर ईवीएम खराब है। उन्होंने कहा कि सीमांचल और कोसी जिसके साथ खड़े होते हैं, सरकार उसकी बननी तय है। दूसरे चरण में 122 विधानसभा सीटों के 3.7 करोड़ से ज्यादा मतदाता 1302 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे।

इस चरण में एनडीए और महागठबंधन के कई दिग्गजों का सियासी भविष्य दांव पर लगा है। मतदाताओं के मतदान के लिए 45399 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 5326 शहरी क्षेत्र में जबकि 40073 ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हैं।` `

चुनाव के दूसरे चरण में जिन 122 सीटों पर मतदान हो रहा है उनमें एनडीए की ओर से 122 उम्मीदवार और महागठबंधन के 127 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा



रहे हैं।

मतदान शुरू होने के पहले से ही कई मतदान केंद्रों पर के मतदाता पहुंच गए हैं। कई मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई है। मतदान को लेकर सुरक्षा का कड़े प्रबंध किए गए हैं। हरेक बूथ पर सशस्त्र सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। इस चरण में करीब चार लाख सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

इस चरण में पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, कैमूर, रोहतास, अरवल, औरंगाबाद, गया, नवादा, जहानाबाद और जमुई जिलों में मतदान का कार्य चल रहा है। पहले चरण के मतदान में कई पार्टियों के अध्यक्षों के भी भविष्य तय होंगे।

# बेतिया में सांसद संजय जायसवाल ने डाला वोट, कहा-वोट ही सबसे बड़ा दान

**बेतिया।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे अंतिम चरण का मतदान मंगलवार सुबह से शुरू हो चुका है। इस बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद संजय जायसवाल ने बेतिया के सरकारी आदर्श विपिन मध्य विद्यालय स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपना वोट डाला।

मतदान के बाद संजय जायसवाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा, ÷मैं बिहार के हर मतदाता से दिल से आग्रह करता हूं कि वोट देना सबसे बड़ा दान है। आने वाले समय में बिहार का भविष्य आज के वोट से तय होगा। जो जनकल्याण योजनाएं बिहार में चल रही हैं, वे तभी जारी रह पाएंगी जब जनता इन योजनाओं को बनाए रखने के लिए मतदान करेगी।÷

सांसद जायसवाल ने कहा कि लोकतंत्र में जनता की सबसे बड़ी ताकत उसका वोट है।

उन्होंने कहा कि जो लोग अब तक मतदान केंद्र नहीं पहुंचे हैं, वे अपने परिवार और दोस्तों के साथ अवश्य मतदान करें।

इसी बीच उनकी पत्नी डॉ. मंजू जायसवाल ने भी बेतिया में वोट डालने के बाद जनता से अपील की। उन्होंने कहा, ÷हर नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। यही वह पल है जब हम सब मिलकर एक साफ-सुथरी और अच्छी सरकार बनाने में योगदान दे सकते हैं। जब हम मतदान करते हैं तो सिर्फ अपना हक नहीं निभाते, बल्कि अपने बच्चों के भविष्य के लिए भी एक कदम उठाते हैं।

डॉ. मंजू ने युवाओं से विशेष रूप से कहा कि वे पहले मतदान करें, फिर जलपान करें, क्योंकि यही देश के विकास की असली ऊर्जा है।

बिहार के दूसरे चरण में हो रहे मतदान के दौरान बेतिया और आसपास के क्षेत्रों में वोटिंग को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी मतदान केंद्रों तक सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं दूसरी ओर, सोमवार को दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार ब्लास्ट की घटना पर भी सांसद संजय जायसवाल ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ÷यह बहुत ही दुखद घटना है। अभी इसकी पूरी वजह सामने नहीं आई है, लेकिन चिंताजनक बात यह है कि सिर्फ एक दिन पहले ही 2,900 किलोग्राम विस्फोटक, 360 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट और एक एके-47 बरामद की गई थी। ये घटनाएं बताती हैं कि सुरक्षा एजेंसियों को और सतर्क रहने की जरूरत है।÷ उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और ऐसे मामलों में किसी भी ढिलाई की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

बिहार में दूसरे चरण का चुनावी माहौल पूरी तरह जोश से भरा हुआ है। नेताओं के साथ आम लोग भी मतदान को लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव मानते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। वोटों की गिनती 14 नवंबर को की जाएगी।

# बिहार में विकास न रुके इसलिए करें मतदान, भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन की अपील

**सुपौल।** बिहार में दूसरे चरण के लिए मतदान के बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार की जनता विकास के लिए वोट कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार का विकास रुकेगा नहीं, क्योंकि विकास के पथ पर सभी भारी संख्या में वोट कर रहे हैं।

मंगलवार को शाहनवाज हुसैन ने सुपौल में पत्नी रेनू हुसैन के साथ मतदान किया। उनकी पत्नी ने पहली बार अपने ससुराल में वोट डाला, जिसका जिक्र उन्होंने खुद कैमरे के सामने किया। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि हमने जलपान से पहले मतदान किया है। मीडिया के सामने भाजपा नेता ने कहा कि बिहार के लोग बड़ी संख्या में वोट दे रहे हैं, क्योंकि वे नहीं चाहते कि विकास रुके। मुझे पूरा विश्वास है कि एनडीए की सरकार फिर से बनेगी।

रेणु हुसैन ने कहा कि मैं शादी के बाद पहली बार यहां वोट कर रही हूं। मुझे बेहद खुशी है कि बिहार के लोग विकास के लिए वोट कर रहे हैं। 30 साल पहले के सुपौल, जब मैं शादी के बाद पहली बार यहां आई थी और आज के सुपौल में बहुत अंतर है। मुझे खुशी है कि मैं आज यहां वोट कर रही हूं। मुझे गर्व महसूस हो रहा है।

शाहनवाज हुसैन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, ÷हर वोट की ताकत है। हर वोट एक उम्मीद है। सुपौल में कोसी कॉलोनी स्थित मतदान केंद्र पर आज सपरिवार, सुपौल के साथ पूरे बिहार



के बेहतर भविष्य के लिए मतदान किया। आप भी वोट डालें और लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाएं।÷

दिल्ली ब्लास्ट पर शाहनवाज हुसैन ने कहा कि दिल्ली में हुए ब्लास्ट की जांच चल रही है और सभी एजेंसियां इसमें शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घटनास्थल का दौरा किया है। जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। जांच पूरी होने तक कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

एक्स पोस्ट में उन्होंने लिखा कि दिल्ली में हुआ धमाका अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। दिल को दहलाने वाले धमाके में जिन लोगों की मौत हुई है। उनके परिजनों से गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ और दुआ कर रहा हूं कि जख्मी हुए लोग जल्द स्वस्थ हों।

# फिरोजपुर पुलिस ने पाकिस्तान से हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया, दो आरोपी गिरफ्तार

**फिरोजपुर।** पंजाब पुलिस ने सीमा पार हथियार तस्करी के एक बड़े नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खुफिया जानकारी के आधार पर फिरोजपुर पुलिस ने गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरी और विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की को दबोचा।

दोनों आरोपियों के कब्जे से 6 ग्लॉक 9 एमएम पिस्तौल, 4 मैगजीन और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए। प्रारंभिक पूछताछ में विक्रमजीत ने एक पाकिस्तानी तस्कर के साथ सीधे संबंध होने की बात कबूल की, जिसके खुलासे पर पुलिस ने दो अतिरिक्त ग्लॉक पिस्तौल भी जब्त कीं। यह कार्रवाई पंजाब में बढ़ते अवैध हथियारों के प्रवाह को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस सफलता की जानकारी साझा की। उन्होंने पोस्ट किया, ÷एक खुफिया जानकारी के आधार पर, फिरोजपुर पुलिस ने एक सीमा पार हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया और दो आरोपियों, गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरी और विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की, को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 6 ग्लॉक 9 मिमी पिस्तौल, 4 मैगजीन और 4 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। डीजीपी ने आगे बताया कि आरोपी विक्रमजीत सिंह अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल एक पाकिस्तानी तस्कर के साथ सीधे संपर्क में था। उसके खुलासे पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो अतिरिक्त ग्लॉक पिस्तौल बरामद कीं। उसने अपने पाकिस्तानी आकाओं के निर्देश पर स्थानीय संपर्कों को हथियार सप्लाई करने की बात भी स्वीकार की।

इस गिरफ्तारी से एक पुराने मामले का भी सुराग मिला है। विक्रमजीत के बयान से पता चला कि उसी सीमा पार नेटवर्क से एके-47 राइफल की खरीद से जुड़ा एक पुराना केस सामने आया है। पुलिस अब जब्त डिजिटल उपकरणों, मोबाइल फोन और लैपटॉप का तकनीकी विश्लेषण कर रही है ताकि पूरी आपूर्ति श्रृंखला का पर्दाफाश हो सके। इसमें विदेशी संचालक, पाकिस्तानी हैंडलर और स्थानीय सहयोगी शामिल हैं। फिरोजपुर पुलिस के अनुसार यह नेटवर्क ड्रोन और अन्य साधनों से हथियार सीमा पार ला रहा था। पुलिस पूरे चेन को तोड़ने के लिए पड़ोसी राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहे हैं।

# आईएएस अधिकारी ने अपने पति के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया

**जयपुर।** राजस्थान में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की महिला अधिकारी ने अपने आईएएस अफसर पति के खिलाफ पुलिस में घरेलू हिंसा और धमकी देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, भारती दीक्षित ने अपने आईएएस अधिकारी पति आशीष मोदी के खिलाफ घरेलू हिंसा, शारीरिक उत्पीड़न, अवैध रूप से बंधक बनाए रखने और जान-माल की धमकी देने का आरोप लगाया है।

दीक्षित वित्त विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर तैनात हैं जबकि मोदी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में निदेशक हैं। दोनों राजस्थान कैडर के 2014 बैच के अधिकारी हैं। दीक्षित ने आरोप लगाया है कि मोदी ने 2014 में उनके पिता के कैंसर से पीड़ित होने के दौरान उनकी भावनात्मक कमजोरी का फायदा उठाकर उन्हें शादी के लिए मजबूर किया। उन्होंने दावा किया कि मोदी ने अपने बारे में गलत तथ्य प्रस्तुत किए और बाद में उन्हें लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।

दीक्षित ने इस बारे में सात नवंबर को जयपुर के एसएमएस अस्पताल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार, मोदी अक्सर शराब पीते हैं, आपराधिक तत्वों के साथ जुड़े रहते हैं और उनके व्यवहार पर सवाल उठाने पर उनके साथ अक्सर मारपीट करते थे।

दीक्षित ने कहा कि 2018 में उनके यहां बेटी जन्मीं जिसके बाद घरेलू हिंसा और बढ़ गई। उन्होंने कहा कि कथित दुर्व्यवहार के कारण उन्हें कुछ समय के लिए जयपुर छोड़ना पड़ा लेकिन मातृत्व अवकाश के बाद वह वापस लौट आईं।

उन्होंने आरोप लगाया कि अक्टूबर 2025 में मोदी और उनके एक सहयोगी ने उन्हें एक सरकारी गाड़ी में अगवा कर लिया, कई घंटों तक बंधक बनाकर रखा और तलाक न देने पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

दीक्षित ने दावा किया कि उन्हें बंदूक के बल पर बंधक बनाकर रखा गया और फोन पर अपने पिता को गुमराह करने के लिए मजबूर किया गया।

उन्होंने यह भी कहा कि मोदी ने उनके कमरे में गुप्त कैमरा लगाया और गोपनीय सरकारी दस्तावेजों तक पहुंचने के लिए उनके मोबाइल फोन को अवैध रूप से अन्य उपकरणों से कनेक्ट किया। दीक्षित ने आरोप लगाया कि सेवारत आईएएस अधिकारी होने के बावजूद मोदी निजी और आपराधिक उद्देश्यों के लिए अपने पद और आधिकारिक संसाधनों का दुरुपयोग करते रहे।

शिकायत में मोदी के दो सहयोगियों सुरेंद्र विश्नोई और आशीष शर्मा का नाम है, जिन पर दीक्षित ने धमकी देने और अवैध रूप से बंधक बनाए रखने में मोदी की मदद करने का आरोप लगाया है। दीक्षित ने अपने और अपने परिवार के लिए तत्काल पुलिस सुरक्षा की मांग की है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बाबा महाकाल ने दिया 'त्रिपुंड-चंद्रमा' वाले मनमोहक स्वरुप में दर्शन, भक्तों ने लगाए हर-हर महादेव के जयकारे

**उज्जैन।** मंगलवार को उज्जैन बाबा महाकाल के दरबार में भक्तों को बाबा के दिव्य दर्शन देखने को मिले। अगहन मास कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि पर मंगलवार सुबह बाबा महाकाल ने त्रिपुंड और माथे पर चंद्रमा के साथ भक्तों को अद्भुत दर्शन दिए। बाबा का मनमोहक रूप देखकर भक्तों ने भी बाबा महाकाल के जयकारे लगाए और देर रात से ही श्रद्धालु बाबा की भस्म आरती का हिस्सा बनने के लिए लाइन में लगे दिखे।

अगहन मास कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि पर सुबह 4 बजे भस्म आरती के लिए पट खुलने के बाद पुजारियों ने भगवान महाकाल का दूध, दही, घी, शक्कर, शहद और फलों के रस से पंचामृत अभिषेक किया और भस्म आरती की। महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से शिवलिंग पर भस्म अर्पित की जाती है, जिसमें बाबा भक्तों को निराकार रूप में दर्शन देते हैं। भस्म आरती के बाद बाबा का चंदन से श्रृंगार किया गया और माथे पर चंद्रमा सुसज्जित किया गया और नवीन मुकुट पहनाकर बाबा पर फूलों पर माला अर्पित की गई।

श्रृंगार के बाद बाबा निराकार से साकार रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। बाबा का चंदन रजत रूप देखने के लिए भक्तों ने लाइन लगाकर दर्शन किए और पूरा मंदिर बाबा के जयकारों से गूंज उठा। बता दें कि भस्म आरती का हिस्सा बनने के लिए भक्तों को पहले ही ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होता है और इस दिन भस्म आरती के लिए नंबर या टोकन मिलता है और भक्त उसी दिन दर्शन के लिए आते हैं। पंजीकरण के लिए मंदिर द्वारा निर्धारित शुल्क भी देना होता है।

भस्म आरती का हिस्सा बनने के लिए दूर-दूर से दर्शन के लिए आते हैं। माना जाता है कि महाकाल की आराधना से कालदोष, ग्रहदोष और अकाल मृत्यु का भय दूर होता है। साथ ही अगर राहु-केतु के दोष परेशान कर रहे हैं तो भी भक्तों को मंदिर में अनुष्ठान और पूजा-पाठ के लिए जरूर आना चाहिए। बता दें कि महाकाल की पूरे दिन में 6 बार आरती होती है और 6 आरतियों का अपना अलग महत्व होता है।

# ऑपरेशन ट्रैकडाउन में हरियाणा पुलिस की बड़ी सफलता: रोहित गोदारा गैंग के दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस के 'ऑपरेशन ट्रैकडाउन' अभियान ने अपराधियों के खिलाफ सघन कार्रवाई में एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। विशेष कार्य बल (एसटीएफ) गुरुग्राम की टीम ने रोहित गोदारा गैंग के दो सक्रिय सदस्यों, नरेश कुमार और संजय उर्फ संजीव, को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी गांव सैदपुर, जिला नारनौल के निवासी हैं और पिछले 11 महीनों से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहे थे। इन पर प्रत्येक के सिर 5,000 रुपए का इनाम घोषित था।

दरअसल, 5 दिसंबर 2024 को नारनौल कोर्ट परिसर में इन दोनों ने विरोधी गैंग के सदस्य अमित पुत्र सत्यपाल (निवासी सुराणी, जिला महेंद्रगढ़) पर जानलेवा हमला किया था। हमले के बाद आरोपी लगातार स्थान बदलते रहे और गिरफ्त से बचने के लिए खुफिया नेटवर्क का सहारा लेते रहे। एसटीएफ गुरुग्राम ने तकनीकी निगरानी, सीसीटीवी फुटेज और खुफिया सूचनाओं के आधार पर इनकी ट्रैकिंग की। 9 नवंबर 2025 को दोनों को सफलतापूर्वक काबू किया गया और आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए एसटीएफ इकाई बहादुरगढ़ को सौंप दिया गया।

आरोपियों का आपराधिक इतिहास बेहद खतरनाक है। संजय उर्फ संजीव के खिलाफ लगभग 10 और नरेश कुमार के खिलाफ 4 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें संगठित अपराध, हत्या के प्रयास और अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। इस प्रकरण में थाना शहर नारनौल, जिला महेंद्रगढ़ में एफआईआर संख्या 544/2024 धारा 109(1), 126, 191(2), 191(3), 61 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने गैंग के अन्य सदस्यों के संपर्कों का खुलासा किया है, जिससे पुलिस को बड़े नेटवर्क का सुराग मिला है। एसटीएफ ने इनके मोबाइल फोन, हथियार और अन्य सामग्री जब्त की है। राज्यव्यापी मुहिम ऑपरेशन ट्रैकडाउन में अब तक 209 खूंखार अपराधियों और 1173 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। केवल 10 नवंबर को ही 48 खूंखार और 179 अन्य आरोपी पकड़े गए। अभियान की शुरुआत 5 नवंबर को हुई, जब पहले दिन 32 बदमाश गिरफ्तार हुए। दूसरे दिन 24 खूंखार और 252 अन्य को हिरासत में लिया गया।

# सड़क हादसे में चार युवकों की मौत, तेज रफ्तार कार बनी वजह

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में मंगलवार तड़के एक तेज रफ्तार कार के पलट जाने से उसमें सवार चार युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना वुयुरु मंडल के गंडीगुंटा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। कार पलट गई और सर्विस रोड पर गिर गई। गनीमत रही कि सर्विस रोड पर किसी वाहन से उसकी टक्कर नहीं हुई। कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चौथे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई। मृतक विजयवाड़ा के पास कोंडुरु गांव के निवासी थे। उनकी पहचान कोनाटामा चिंतैया (17), चत्रगड्डा राकेश बाबू (24), प्रिंस बाबू (23) और गोरीपर्ती बापनैया (24) के रूप में हुई है।

इस बीच, मंगलवार तड़के हैदराबाद-विजयवाड़ा राजमार्ग पर एक निजी ट्रैवल बस में आग लगने से यात्री बाल-बाल बच गए। हैदराबाद से कंदुकुर जा रही बस में तेलंगाना के नलगोंडा जिले के चित्याला मंडल में पिट्टमपल्ली के पास अचानक आग लग गई।

चालक ने इंजन से धुआं निकलता देखा और तुरंत बस रोक दी। उसने यात्रियों को सूचित किया, जो आग की लपटों के फैलने से पहले ही बस से उतर गए। एक निजी ट्रैवल एजेंसी की बस में 29 यात्री सवार थे। आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ी के मौके पर पहुंचने से पहले ही वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया था। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

# मुंबई पुलिस ने दो देशी पिस्तौल और 4 जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को दबोचा

**मुंबई।** मुंबई की पंत नगर पुलिस ने घाटकोपर इलाके में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए मध्य प्रदेश के एक 24 वर्षीय युवक को दो देशी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान अजय कैलास कायता के रूप में हुई है, जो मध्य प्रदेश का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां अदालत ने 12 नवंबर तक उसे पुलिस कस्टडी में भेज दिया। यह गिरफ्तारी अवैध हथियारों की तस्करी को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, खासकर शहर में बढ़ते अपराधों के बीच। पंत नगर पुलिस स्टेशन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई। अधिकारी ने कहा, ÷हमें गुप्त स्रोतों से सूचना मिली थी कि दूसरे राज्य से एक युवक हथियारों की सप्लाई के लिए मुंबई पहुंचने वाला है। हमने तुरंत घाटकोपर बस डिपो के पास, घाटकोपर-अंधेरी लिंक रोड पर जाल बिछा दिया। संभावित संदिग्धों की निगरानी शुरू कर दी गई।÷ शाम के समय एक युवक वहां दिखा, जो थोड़ा संदिग्ध लग रहा था। पुलिस टीम ने उसे हिरासत में लेकर सघन पूछताछ शुरू की। आरोपी ने अपना नाम अजय कैलास कायता बताया और अपना पता मध्य प्रदेश का निवासी होने का खुलासा किया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से दो देशी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए। ये हथियार अवैध रूप से तस्करी किए गए प्रतीत हो रहे हैं। आरोपी के मोबाइल फोन और अन्य सामान की भी तलाशी ली गई, जिसमें कुछ संदिग्ध नंबर और मैसेज मिले हैं।

# स्कूल नौकरी घोटाले में गिरफ्तार पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी तीन साल बाद जमानत पर रिहा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती घोटाले के प्रमुख आरोपियों में से एक, राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को मंगलवार को जमानत पर रिहा कर दिया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें 23 जुलाई, 2022 को गिरफ्तार किया था।

चटर्जी पिछले 203 दिनों से दक्षिण-पूर्व कोलकाता के मुकुंदपुर इलाके में एक निजी अस्पताल में भर्ती थे, उन्हें जमानत बांड भरने के बाद न्यायिक हिरासत से रिहा किया गया।

# घाटशिला उपचुनाव के लिए मतदान शुरू, मतदाताओं में दिख रहा खासा उत्साह

**रांची।** झारखंड के घाटशिला विधानसभा उपचुनाव (अनुसूचित जनजाति सुरक्षित) के लिए मंगलवार सुबह 7 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हो गया। मतदान शुरू होने से पहले सभी केंद्रों पर मॉक पोलिंग की प्रक्रिया संपन्न की गई। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें दिखाई देने लगीं। ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक लोगों में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। मतदान शाम 5:00 बजे तक होगा।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में सभी 300 मतदान केंद्रों पर समय पर वोटिंग शुरू हो चुकी है। मतदान की प्रक्रिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। वेबकास्टिंग के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग, राज्य स्तर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। विधानसभा क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण इलाकों में भी मतदाता भारी संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती के साथ स्थानीय पुलिस प्रशासन भी सतर्क है। मतदान को लेकर महिलाओं और बुजुर्गों में भी उत्साह देखने को मिला। ज्ञातव्य है कि यह उपचुनाव झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री और विधायक रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन के कारण हो रहा है। घाटशिला विधानसभा के कुल 300 बूथों पर एक साथ मतदान हो रहे हैं। उपचुनाव के परिणाम आगामी 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

# तरनतारन विधानसभा उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शुरू

**तरनतारन।** पंजाब में 21-तरनतारन विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मंगलवार सुबह सात बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शुरू हुआ। सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई हैं।

आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक डॉ कश्मीर सिंह सोहल का इसी वर्ष 27 जून को निधन हो जाने से यह सीट खाली हो गयी थी। मतदान शाम छह बजे तक होगा और मतगणना के बाद 14 नवंबर 2025 को परिणाम घोषित किए जाएंगे।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि तरन तारन हलके में कुल 1,92,838 मतदाता हैं। इनमें 1,00,933 पुरुष मतदाता, 91,897 महिला मतदाता और आठ तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुल सेवा मतदाता 1357, 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाता 1657, एनआरआई मतदाता 306, तथा दिव्यांग मतदाता 1488 हैं। उन्होंने आगे बताया कि 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 3,333 मतदाता हैं। इसके अलावा 114 मतदान केंद्र स्थानों पर कुल 222 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 60 शहरी और 162 ग्रामीण मतदान केंद्र शामिल हैं। जिला अधिकारियों ने बताया कि मतदान के लिए 114 स्थानों पर कुल 222 मतदान केंद्र (60 शहरी और 162 ग्रामीण) बनाए गए हैं। इनमें से अब तक 100 मतदान केंद्रों को अतिसंवेदनशील घोषित किया गया है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे गांवों में एक दर्जन से ज़्यादा मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहाँ कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। उन्होंने आगे बताया कि अब तक 1435 पुलिस कर्मियों और अन्य सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

उपचुनाव में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 12 कंपनियाँ तैनात की गई हैं, जो किसी भी उपचुनाव में अब तक की सबसे बड़ी तैनाती में से एक है। ज़िला अधिकारियों ने बताया



कि सुरक्षा व्यवस्था को मज़बूत करने के लिए कपूरथला और अमृतसर ज़िलों को जोड़ने वाली सीमाओं पर छह चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं, जो सभी गतिविधियों पर कड़ी नज़र रखने के लिए चौबीसों घंटे कार्यरत हैं। किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 चौबीसों घंटे चालू है।

उन्होंने यह भी बताया कि तकनीकी रूप से सुसज्जित वाहनों के साथ छह फ्लाइंग स्क्वॉड टीमें निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी गतिविधि पर नज़र रखने के लिए 24 घंटे सड़कों पर गश्त कर रही हैं। उन्होंने पुष्टि की कि उपचुनाव भारत निर्वाचन आयोग के अधिनियमों, नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किए जाएँगे। निर्वाचन क्षेत्र में 9 आदर्श मतदान केंद्र और 3 पूर्णतः महिला-प्रबंधित मतदान केंद्र स्थापित किए जाएँगे। यहां से कुल 15 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें सुखविंदर कौर (शिरोमणि अकाली दल), हरजीत सिंह संधू (भारतीय जनता पार्टी), हरमीत सिंह संधू (आम आदमी पार्टी), करनबीर सिंह (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस), शाम लाल गांधी (सच्चो सच पार्टी), नायब सिंह (नेशनलिस्ट जस्टिस पार्टी), अरुण कुमार खुरमी राजपूत (स्वतंत्र), हरपाल सिंह भंगू (स्वतंत्र), हरबिंदर कौर उस्मान (स्वतंत्र), एडवोकेट कोमलप्रीत सिंह (स्वतंत्र), जसवंत सिंह सोहल (स्वतंत्र), नीटू शटर वाला (स्वतंत्र), मनदीप सिंह (स्वतंत्र), मनदीप सिंह खालसा (स्वतंत्र), और विजय कुमार (स्वतंत्र) शामिल हैं।

# बिहार में दूसरे और अंतिम चरण की 122 विधानसभा सीटों के लिए मतदान शुरू

**पटना।** बिहार में दूसरे और अंतिम चरण में 122 विधानसभा सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह सात बजे मतदान शुरू हो गया।

दूसरे और अतिम चरण में 122 विधानसभा सीटों के लिये 45399 मतदान केंद्रों पर वोटिंग सुबह सात बजे शुरू हो गयी। सुरक्षा कारणों से कटोरिया (सुरक्षित) के 121 मतदान केंद्रों, बेलहर के 140, चैनपुर, चेनारी (सुरक्षित) के 62, गोह के 25, नवीनगर के 26, कुटुंबा (सुरक्षित) के169, औरंगाबाद के 57, रफीगंज के 125, गुरूआ के 12, शेरघाटी के 48, इमामगंज (सुरक्षित) के 361, बाराचट्टी (सुरक्षित) के 36 और बोधगया (सुरक्षित) के 20 मतदान केंद्रों, रजौली (सुरक्षित), गोविंदपुर और जमुई जिले की सभी चार सीटों सिकंदरा (सुरक्षित), जमुई, झाझा और चकाई में मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक ही चलेगा, वहीं अन्य सीटों पर शाम छह बजे तक मतदान होगा।

इस बीच नई दिल्ली में हुई बम विस्फोट की घटना के बाद बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने प्रदेश में सुरक्षाबलों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश जारी किया है। उन्होंने सभी जिले के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किया गया है कि वे अपने क्षेत्र में पूरी तरह से चौकस रहें और संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें।सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम करने को कहा गया है और इसके साथ ही सघन तलाशी अभियान चलाये जाने का भी निर्देश दिया गया है। जिन जिलों में बिहार विधानसभा के दूसरे चरण का चुनाव होना है, वहां विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।

इन विधानसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। केंद्रीय सुरक्षा बलों की कुल 1650 कंपनियां तैनात की गई हैं, जबकि पर्याप्त संख्या में बिहार सैन्य पुलिस (बीएमपी) के जवान भी बिना किसी बाधा के मतदान सुनिश्चित करने के लिए तैनात किये गए हैं।किसी भी घुसपैठ को रोकने के लिए भारत-नेपाल सीमा से लगे सात जिलों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की सीमा से लगे बिहार के जिलों में अतिरिक्त सर्तकता बरती जा रही है। नेपाल के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा को रविवार से 72 घंटे के लिए सील कर दिया गया है।

दूसरे चरण में मतदान वाले 20 जिलों के कई मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की कतारें लग गई हैं। ग्रामीण इलाकों में सुबह-सुबह मतदान करने के इच्छुक मतदाताओं की कतारें ज्यादा लंबी देखी जा रही है।

जिन 122 विधानसभा क्षेत्रों में आज मतदान हो रहा है उनमें वाल्मिकी नगर, रामनगर (सुरक्षित), नरकटियागंज, बगहा, लौरिया, नौतन, चनपटिया, बेतिया, सिकटा, रक्सौल, सुगौली, नरकटिया, हरसिद्धि (सुरक्षित), गोविंदगंज, केसरिया, कल्याणपुर, पिपरा, मधुबन, मोतिहारी, चिरैया, ढाका, शिवहर, रीगा, बथनाहा (सुरक्षित), परिहार, सुरसंड, बाजपट्टी, सीतामढी, रुन्नीसैदपुर, बेलसंड, हरलाखी, बेनीपट्टी, खजौली, बाबूबरही,
बस्फी, मधुबनी, राजनगर(सुरक्षित), झंझारपुर, फुलपरास, लौकहा, निर्मली, पिपरा, सुपौल, त्रिवेणीगंज, (सुरक्षित), छातापुर,




नरपतगंज, रानीगंज (सुरक्षित), फारबिसगंज, अररिया, जोकीहाट, सिकटी, बहादुरगंज, ठाकुरगंज, किशनगंज, कोचाधामन, अमौर, बायसी, कसबा, बनमनखी (सुरक्षित), रुपौली, धमदाहा, पूर्णिया, कटिहार,
कदवा, बलरामपुर, प्राणपुर, मनिहारी (सुरक्षित) बरारी, कोढ़ा(सुरक्षित), बिहपुर, गोपालपुर, पीरपैंती (सुरक्षित), कहलगांव, भागलपुर, सुलतानगंज, नाथनगर, अमरपुर, धोरैया (सुरक्षित), बांका, कटोरिया, (सुरक्षित), बेलहर, रामगढ, मोहनिया (सुरक्षित), भभुआ, चैनपुर, चेनारी (सुरक्षित), सासाराम, करगहर,
दिनारा, नोखा, डेहरी, काराकाट, अरवल, कुर्था, जहानाबाद, घोसी, मखदुमपुर (सुरक्षित), गोह, ओबरा, नबीनगर, कुटुम्बा (सुरक्षित), औरंगाबाद, रफीगंज, गुरुआ, शेरघाटी, इमामगंज (सुरक्षित), बाराचट्टी (सुरक्षित), बोधगया (सुरक्षित), गया टाउन, टिकारी, बेलागंज, अतरी, वजीरगंज, रजौली (सुरक्षित), हिसुआ, नवादा, गोबिंदपुर, वारसलिगंज, सिकंदरा (सुरक्षित), जमुई, झाझा और चकाई शामिल है।

122 विधानसभा क्षेत्रों के मतदान में 45399 मतदान केंद्र पर तीन करोड़ 70 लाख 13 हजार 556 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए 136 महिला और 1165 पुरुष प्रत्याशियोंऔर एक अन्य समेत कुल 1302 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का बटन दबाकर करेंगे। मतदाताओं में एक करोड़ 95 लाख 44 हजार 41 पुरुष, एक करोड़ 74 लाख 68 हजार 572 महिला और 943 थर्ड जेंडर शामिल हैं।

सबसे ज़्यादा 3, 67, 667 मतदाता हिसुआ विधानसभा सीट पर हैं, जबकि सबसे कम 2, 47, 574 मतदाता मखदुमपुर सीट पर हैं। पूरी तरह महिलाओं द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्रों की संख्या 595 है, जबकि आदर्श मतदान केंद्रों की संख्या 316 है। अस्सी वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 487219 और शतायु मतदाताओं की संख्या 6255 है। इस चरण के चुनाव में सबसे अधिक 22 उम्मीदवार चैनपुर, सासाराम और गया टाउन में, वहीं लौरिया, चनपटिया, रक्सौल, सुगौली, त्रिवेणीगंज और बनमंखी में सबसे कम पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं।

इस चरण के मतदान में राष्ट्रीय जनतंत्रिक गठबंधन (राजग) से जिन दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला होना है उनमें पूर्व उप मुख्यमंत्री रेणु देवी, पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, बिजेन्द्र प्रसाद यादव, डा. प्रेम कुमार, नीरज कुमार सिंह, श्रीमती लेशी सिंह, नीतीश मिश्रा, सुनील कुमार पिंटू, सुमित कुमार सिंह, जयंत राज, विजय कुमार मंडल, मोहम्मद जमा खान, प्रमोद कुमार, कृष्ण नंदन पासवान, कृष्ण कुमार ऋषि, शीला मंडल, महाबली सिंह, दुलालचंद गोस्वामी, श्रेयसी सिंह, राजू तिवारी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा की पत्नी स्नेह लता, अनिल कुमार, हिदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के अध्यक्ष जीतन राम मांझी की बहू दीपा कुमारी और समधन ज्योति देवी समेत अन्य शामिल हैं।

इसी तरह महागठबंधन से जिन दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला होना है उनमें पूर्व विधान सभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव, पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा, बिहार विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, अब्दुल जलील मस्तान, बीमा भारती, कौशल यादव, पूर्णिमा यादव, राजेश राम, अजीत शर्मा, समेत अन्य शामिल हैं। इन सबके साथ ही ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलिमीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अख्तरुल ईमान भी दूसरे दौर के चुनावी अखाड़े में जोर आजमाइश के लिए उतरे हैं।

दूसरे चरण के चुनाव में राजग के घटक भाजपा के 53, जदयू के 44, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 15, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के 04 प्रत्याशी और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के छह प्रत्याशी अखाड़े में उतरे हैं। वहीं महागठबंधन के घटक राजद के 71, कांग्रेस के 37, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के सात, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माक्सर्ववादी लेनिनवादी (भाकपा माले) के 06, भारतीय कम्युनिट पार्टी (भाकपा) के चार और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एक उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं।

मोहिनियां सुरक्षित सीट पर राजद ने श्वेता सुमन को चुनावी दंगल में उतारा था, लेकिन उनका नामांकन रद्द हो गया। राजद ने यहां निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व सासंद छेदी पासवान के पुत्र रवि शंकर पासवान को समर्थन दिया है। वहीं सुगौली सीट पर मुकेश सहनी की पार्टी विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के उम्मीदवार शशि भूषण सिंह का नामांकन रद्द हो गया था।वीआईपी ने यहां राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के पुत्र तेज प्रताप यादव की पार्टी जन शक्ति जनता दल के उम्मीदवार श्याम किशोर भारती को समर्थन दिया है।प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने 120 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में इन 122 सीटो में से राजद ने 33, भाजपा ने 42, जदयू ने 20, कांग्रेस ने 11, भाकपा माले ने पांच, एआईएमआईएम ने पांच, हम ने 04, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने एक सीट पर कब्जा जमाया था।एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदावार ने जीत दर्ज की थी।

गौरतलब है कि बिहार विधानसभा की 243 सीटों में से 121 सीटों पर प्रथम चरण के तहत 06 नवंबर को चुनाव संपन्न हो गया है।बिहार विधानसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान में मतदाताओं ने 65.08 प्रतिशत मतदान दर्ज कर राज्य के चुनावी इतिहास में एक नया कीर्तिमान बनाया है। दूसरे चरण का मतदान आज शाम छह बजे संपन्न होगा।इसके बाद 14 नवंबर को मतगणना होगी और परिणाम घोषित किये जायेंगे।

# मतदाताओं में उत्साह, 11 बजे तक 31.38 फीसदी मतदान, किशनगंज सबसे आगे

**पटना।** बिहार में मंगलवार की सुबह सात बजे से विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 20 जिलों के 122 सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान का कार्य जारी है। इस बीच, पूर्वाह्न 11 बजे तक 31.38 प्रतिशत मतदान किया गया है।

पहले चार घंटे में सबसे अधिक किशनगंज में 34.74 फीसदी जबकि मधुबनी में 28.66 प्रतिशत वोट पड़े हैं। निर्वाचन विभाग के मुताबिक, सुबह नौ बजे तक पश्चिमी चंपारण में 32.39 प्रतिशत, पूर्वी चंपारण में 31.16, शिवहर में 31.58 प्रतिशत, सीतामढ़ी में 29.81, मधुबनी में 28.66, सुपौल में 31.69 , अररिया में 31.88 प्रतिशत, किशनगंज में 34.74 प्रतिशत, पूर्णिया में 32.94 प्रतिशत, कटिहार में 30.83 और भागलपुर में 29.08 फीसदी वोट डाले गए हैं।

इसके अलावा बांका में 32.91 फीसदी, कैमूर में 31.98 प्रतिशत, रोहतास में 29.80, अरवल में 31.07, जहानाबाद में 30.36, औरंगाबाद में 32.88, गया में 34.07, नवादा में 29.02 और जमुई में 33.69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। दूसरे चरण में 122 विधानसभा सीटों के 3.7 करोड़ से ज्यादा मतदाता 1302 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे।



पहले चरण के मतदान में 11 बजे तक 27.65 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। इस चरण में एनडीए और महागठबंधन के कई दिग्गजों का सियासी भविष्य दांव पर लगा है। मतदाताओं के मतदान के लिए 45399 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 5326 शहरी क्षेत्र में जबकि 40073 ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है।

चुनाव के दूसरे चरण में जिन 122 सीटों पर मतदान हो रहा है उनमें एनडीए की ओर से 122 उम्मीदवार और महागठबंधन के 127 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।` मतदान शुरू होने के पहले से ही कई मतदान केंद्रों पर के मतदाता पहुंच गये है। कई मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई है।
` मतदान को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये हैं।

बूथ पर सशस्त्र सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। इस चरण में करीब चार लाख सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।` इस चरण में पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, कैमूर, रोहतास, अरवल, औरंगाबाद, गया, नवादा, जहानाबाद और जमुई जिलों में मतदान का कार्य चल रहा है।

पहले चरण के मतदान में कई पार्टियों के अध्यक्षों के भी भविष्य तय होंगे।` एनडीए की बात करें तो इस चरण में भाजपा के 53 प्रत्याशी, जदयू के 44, लोजपा (रामविलास) के 15 , हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के छह, लोजपा (रामविलास) के 15 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के चार प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

महागठबंधन की तरफ से राजद के 71 उम्मीदवार, कांग्रेस के 37, भाकपा माले के 6, भाकपा के 4, वीआईपी के 8 और माकपा के एक उम्मीदवार चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। पहले चरण में प्रदेश की कुल 243 विधानसभा सीटों में से 121 सीटों पर छह नबम्बर को मतदान सम्पन्न हो चुका है।`

# मोतिहारी में पोलिंग बूथ पर चुनाव चिन्ह वाली पर्ची बांटने का आरोप, दो गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बिहार चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग जारी है। इसी बीच, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की शिकायत पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कार्रवाई की है। राजद ने आरोप लगाया कि भाजपा के पोलिंग एजेंट ने मोतिहारी के बूथ नंबर 229 और 230 पर उम्मीदवारों की तस्वीरें और चुनाव चिन्ह दिखाकर पर्ची बांटी जा रही है।

राजद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, ÷मोतिहारी विधानसभा के बूथ नंबर 229, 230 में बूथ के अंदर जानबूझकर मतदाताओं को दिखा दिखाकर फोटो और चुनाव चिन्ह वाली पर्ची भाजपा पोलिंग एजेंट द्वारा बांटा जा रहा है! मोतिहारी के सभी बूथों से ऐसी ही शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।÷ पार्टी ने बिहार निर्वाचन आयोग को टैग भी किया। इस पर चुनाव आयोग ने संज्ञान लेते हुए जानकारी दी, ÷मामले का संज्ञान लिया गया है, प्राथमिकी दर्ज की गई है और दो गिरफ्तारियां की गई हैं।÷

बिहार चुनाव के दूसरे चरण के बीच, राजद अपने 'एक्स' हैंडल पर कई तरह की शिकायतों को पोस्ट कर रहा है। इससे पहले राजद ने लिखा, ÷सत्ता नहीं चाहिए! तेजस्वी यादव को बिहार को सबसे आगे बढ़ाने का मौका चाहिए! युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का अवसर चाहिए! आज पहले मतदान, फिर जलपान! नकारा सरकार हटाने का आज पूरा करें अनुष्ठान!÷

बता दें कि बिहार में मंगलवार को दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया जारी है। राज्य के 20 जिलों के 122 विधानसभा सीटों पर सुबह सात बजे से मतदान हो रहा है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार शुरुआती दो घंटे में 14.55 प्रतिशत मतदान किया गया है। सुबह नौ बजे तक पश्चिमी चंपारण में 15.04 प्रतिशत, पूर्वी चंपारण में 14.11, शिवहर में 13.94 प्रतिशत, सीतामढ़ी में 13.49, मधुबनी में 13.25, सुपौल में 14.85 , अररिया में 15.34 प्रतिशत, किशनगंज में 15.81 प्रतिशत, पूर्णिया में 15.54 प्रतिशत, कटिहार में 13.77 और भागलपुर में 13.43 फीसदी वोट डाले गए हैं।

इसके अलावा बांका में 15.14 फीसदी, कैमूर में 15.08 प्रतिशत, रोहतास में 14.16, अरवल में 14.95, जहानाबाद में 13.81, औरंगाबाद में 15.43, गया में 15.97, नवादा में 13.46 और जमुई में 15.77 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।`

# दो मासूम बच्चियों ने कला प्रदर्शनी से हुई कमाई बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए दे दी, भगवंत मान ने सराहा

**अमृतसर।** पंजाब में आई बाढ़ से इस बार भारी नुकसान हुआ है। इस बीच अमृतसर की दो बेटियों मोक्ष सोई (7) और श्रीनिका शर्मा (6)) ने वह कर दिखाया जिसके बारे में बड़े-बड़े लोग सिर्फ सोचते हैं पर करते हैं। दोनों बच्चियों ने अपनी पहली आर्ट एक्जीबिशन से हुई पूरी कमाई बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए पंजाब के सीएम मुख्यमंत्री भगवंत मान को दे दी।

इन बच्चियों का दिल उस समय पसीज गया, जब उन्होंने टीवी पर पंजाब में आई भयानक बाढ़ की तस्वीरें देखीं। इसके बाद उन्होंने अपनी बनाई हुई क्रोशे आर्ट की प्रदर्शनी लगाई और उसकी पूरी आय बाढ़ पीड़ितों को समर्पित कर दी। इन बच्चियों से चेक स्वीकार करते समय मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खुले दिल से उनकी मानवता और संवेदनशीलता की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी छोटी उम्र में बच्चों के मन में दूसरों के दुख को बांटने की भावना है। यह समाज का भविष्य उज्ज्वल है।

सात साल की मोक्ष सोई ने कहा, हमने पंजाब सीएम को चेक इसलिए दिया ताकि जो लोग बाढ़ में परेशान हैं, उनकी मदद हो सके। जब बाढ़ आई थी और मैं टीवी पर वो दृश्य देखती थी, तो मन करता था कि मैं टीवी के अंदर घुसकर ही मदद कर दूं। अब जब मैंने अपनी तरह से कुछ किया है, तो बहुत अच्छा लग रहा है।÷ मोक्ष ने बताया कि उन्होंने और श्रीनिका ने मिलकर प्रदर्शनी लगाई और उससे जो पैसे मिले, वो सीएम को भेंट किए।

कक्षा एक में पढ़ने वाली छह साल की श्रीनिका शर्मा ने कहा, हमने प्रदर्शनी लगाकर पैसे जुटाए और वो पैसे पंजाब के सीएम भगवंत मान को दिए ताकि बाढ़ पीड़ितों की सहायता हो सके। जब मैं टीवी पर बाढ़ की खबरें देखती थी, तो लगता था कि गाड़ी में बैठकर तुरंत मदद करने चली जाऊं। अब मदद करके बहुत अच्छा लग रहा है।

श्रीनिका की मां पूनम ने कहा, ÷इन बच्चियों ने छोटी उम्र में समाज सेवा का जो उदाहरण दिया है, वह प्रेरणादायक है। हर अभिभावक को अपने बच्चों को ऐसे नेक कार्यो के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

# घाटशिला विधानसभा सीट पर उपचुनाव में मतदान को लेकर उत्साह, सुबह नौ बजे तक 17.33 प्रतिशत वोट पड़े

**घाटशिला।** झारखंड घाटशिला विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए मंगलवार सुबह सात बजे से शुरू हुए मतदान को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गई। पूर्वाह्न 9 बजे तक 17.33 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि मतदान की निगरानी भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय और आरओ कार्यालय से वेबकास्टिंग के माध्यम से की जा रही है। सभी मतदान केंद्रों के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ताकि मतदान प्रक्रिया पर रीयल टाइम निगरानी बनी रहे। उन्होंने कहा कि ÷घाटशिला उपचुनाव को पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की गई हैं।÷

इस उपचुनाव में 2 लाख 56 हजार 352 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान के लिए 231 स्थानों पर 300 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिन्हें सभी को मॉडल बूथ के रूप में विकसित किया गया है। मतदान शाम 5 बजे तक चलेगा। प्रशासन ने बूथों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं।

अर्धसैनिक बलों की तैनाती के साथ-साथ प्रत्येक मतदान केंद्र पर पुलिस और मजिस्ट्रेट मौजूद हैं। अब तक किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है, और मतदान प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित ढंग से जारी है। इस सीट से विधायक रहे रामदास सोरेन के कुछ माह पहले आकस्मिक निधन की वजह से यहां उपचुनाव कराया जा रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दिवंगत रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन को प्रत्याशी बनाया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व सीएम चंपई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को मैदान में उतारा है। मुकाबला मुख्य रूप से इन्हीं दोनों के बीच माना जा रहा है। हालांकि राजनीतिक हलकों में यह लड़ाई ÷हेमंत बनाम चंपई÷ के रूप में भी देखी जा रही है। हेमंत सोरेन सरकार के दूसरे कार्यकाल में यह पहला उपचुनाव है।

# तीर्थनगरी हरिद्वार में हाई अलर्ट, सीमावर्ती इलाकों में सघन जांच शुरू

**हरिद्वार।** उत्तराखंड में तीर्थनगरी हरिद्वार में राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास कार में हुए विस्फोट के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गई हैं और जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है। रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, हर की पौड़ी, मंदिरों व अन्य संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश की सीमा से सटे इलाकों में भी गहन निगरानी रखी जा रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल स्वयं अभियान की निगरानी कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने कल देर शाम से ही जांच अभियान शुरू कर दिया है। संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की तलाशी ली जा रही है। बम डिटेक्शन स्क्वॉड (बीडीएस), डॉग स्क्वॉड और एसओजी की टीमें भी मौके पर मुस्तैद हैं।

श्री डोबाल ने बताया कि दिल्ली की घटना के बाद हरिद्वार की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और जांच को और कड़ा किया गया है। रोडवेज बस अड्डे, रेलवे स्टेशन, हर की पौड़ी और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाई गई है। बॉर्डर इलाकों में लगातार पुलिस की गश्त जारी है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार की धार्मिक और अंतरराष्ट्रीय पहचान को देखते हुए किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह तैयार है।

# रजत जयंती उत्सव का आगाज, 'रन फॉर झारखंड' में दौड़े लाखों लोग, सीएम हेमंत बोले- तरक्की के लिए एकजुट हों

**रांची।** झारखंड की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे राज्य में मंगलवार से रजत जयंती उत्सव की शुरुआत हो गई। राजधानी रांची सहित सभी जिला मुख्यालयों में 'रन फॉर झारखंड' के आयोजन के साथ 15 दिवसीय कार्यक्रमों की औपचारिक शुरुआत हुई। रांची के मोरहाबादी मैदान से शुरू हुई इस दौड़ को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हरी झंडी दिखाई। दौड़ में हजारों की तादाद में युवा शामिल हुए। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए सैनिक मार्केट पर इसका समापन होगा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मौके पर कहा कि ÷वीर पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान से हमें यह झारखंड राज्य मिला है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर झारखंड अपने निर्माण के 25 वर्ष पूरे कर रहा है। यह हर झारखंडवासी के लिए गर्व का क्षण है। मुख्यमंत्री ने लोगों से राज्य को समृद्धि और विकास के मार्ग पर आगे ले जाने का संकल्प लेने की अपील की।

'रन फॉर झारखंड' में मुख्यमंत्री के साथ पर्यटन एवं नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार, रांची के विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी सिंह, विधायक कल्पना सोरेन सहित हजारों नागरिक, विद्यार्थी, खिलाड़ी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। बताया गया कि हजारीबाग, दुमका, देवघर, बोकारो, गिरिडीह, पलामू, धनबाद सहित अन्य जिला मुख्यालयों में भी आयोजित हुई दौड़ में करीब पांच लाख से लोगों की भागीदारी रही। राज्य सरकार ने झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती को लेकर 15 दिनों की गतिविधियों का विस्तृत कार्यक्रम तय किया है। 12 नवंबर को सभी जिलों में पारंपरिक नृत्य के सामूहिक आयोजन होंगे। 13 नवंबर को ÷नो योर टूरिस्ट प्लेसेज÷ साइकिल रैली और 14 नवंबर को राज्यभर में थीम आधारित वाल पेंटिंग की जाएगी। मुख्य समारोह 15 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा।

# अंता विधानसभा उपचुनाव के लिए सुबह सात बजे मतदान शुरू

**अंता।** राजस्थान के बारां जिले में अंता विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान मंगलवार सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गया।

मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। हल्की ठंड के बीच मतदाता अपने वोट का उपयोग करने के लिए मतदान केन्द्रों पर आने लगे हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन के अनुसार उपचुनाव के लिए 268 मतदान स्थापित किये गये हैं, जहां दो लाख 28 हजार 264 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे, जिनमें एक लाख 16 लाख 783 पुरुष एवं एक लाख 11 हजार 477 महिलाएं और चार अन्य मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उपचुनाव के लिए निर्वाचन विभाग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के लिए कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। प्रत्येक मतदान दल के साथ पुलिस बल की तैनाती की गयी है। संवेदनशील और क्रिटिकल मतदान केन्द्रों पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवान तैनात रहेंगे। 3077 पुलिस कार्मिकों का जाब्ता चुनाव में तैनात किया गया है।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 11/11/2025 8:35 PM Page 1



# महिला सुरक्षा एवं यातायात के प्रति किया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** मंगलवार को भगवती देवी हायर सेकेंडरी स्कूल मुख्तियारपुर नवादा में थाना कांठ पुलिस ने छात्र-छात्राओं और शिक्षिकाओं को साइबर अपराध और महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक।



पुलिस ने साइबर अपराध यातायात नियमों के बारे में विद्यालय के छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को किया जागरूक पुलिस विभाग द्वारा शासन के निर्देश पर साइबर अपराध के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा मिशन शक्ति के तहत महिलाओं छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिसकर्मी लगातार गांव में लोगों से संपर्क कर रहे हैं। मंगलवार को भगवती देवी हायर सेकेंडरी स्कूल मुख्तियारपुर नवादा में छात्र-छात्राओं और शिक्षिकाओं को साइबर अपराध और मिशन शक्ति अभियान के बारे में हेल्प नंबर बताएं और साइबर अपराध से कैसे बचा जा सकता है। इसके बारे में जागरूक किया इसके अलावा ग्राम रुस्तमपुर शेरपुर में पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों को जागरुक कर यातायात के नियमों के बारे में बताया और साइबर अपराध से बचाव के बारे में भी जागरूक किया

# सिंचाई खंड कि मासिक बैठक में दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** सिंचाई खंड कि मासिक बैठक मंडल कार्यालय के मीटिंग हॉल में आयोजित की गई जिसमें लंबित कार्यों पर कांठ क्षेत्र निवासी मा. धर्मपाल सिंह विश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के नाराजगी व्यक्त की। बैठक में नलकूप संख्या 78 एजी एवं 224 एजी का कार्य आवश्यक सामग्री के अभाव में प्रारंभ नहीं हो पाना, शहीद राम प्रकाश महाविद्यालय का पुल एवं छजलैट माइनर पर नींगु नंगला में पुल पर बाउंड्री बाल का काम अधर में लटका होना नाराजगी का मुख्य कारण रहा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सभी नहरों में शिल्ट सफाई का कार्य प्रगति पर है जिसे 30 नवंबर से पहले पहले पूरा



करने का आदेश मा. धर्मपाल सिंह विश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा गया। वर्तमान में नहर कटिंग, गुलाबों से संबंधित कोई समस्या नहीं है 30 नवंबर से नहर रोस्टर के हिसाब से संचालित होगी। इस समय मुरादाबाद खंड में मात्र 1 नलकूप विद्युत दोष एवं चार नलकूप यांत्रिक दोष के कारण बंद है, जिन्हें एक सप्ताह के अंदर-अंदर ठीक करा कर चालू करने का आदेश दिया। लघु सिंचाई के अंतर्गत किसानों को सब्सिडी देने का आदेश भी उन्होंने ने पारित किया जिससे किसानों को शीघ्र ही चेक वितरित किए जाएंगे। लघु सिंचाई के अभियंता अजय गौतम ने आश्वासन दिया कि किसानों को अति शीघ्र सब्सिडी के चेक किए जाएंगे। 2012-13 दिसंबर से कृषकों को निशुल्क सिंचाई की व्यवस्था है। बाढ़ और सूखे की भी कोई समस्या नहीं है, डायरेक्ट ट्यूबवेल को 10 घंटा ग्रामीण लाइन 18 घंटा तथा शहरी क्षेत्र में ट्यूबवेल के लिए 21 घंटा 30 मिनट विद्युत सप्लाई दी जा रही है। ट्यूबवेल की विद्युत लाइन में बार-बार ट्रिपिंग की समस्या को मा. धर्मपाल सिंह विश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा गंभीरता से लिया गया और अविरल विद्युत आपूर्ति करने का निर्देश दिया। बैठक की अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन ने की तथा संचालन प्रमोद कुमार ने किया।

## समाचार

# बिजली कटौती से नहीं मिल पा रही निजात उपभोक्ता परेशान

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** नगर में तमाम प्रयासों के बावजूद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हो पा रहा है। नगर में क्षेत्र में दिन-रात बार-बार बिजली की कटौती की जा रही है। लगातार बिजली कटौती से मरम्मत की दुकानो में कार्य प्रभावित हो रहा है। शाम के वक्त कटौती की वजह से चोर उचक्को की सक्रियता बढ़ जाती है। इससे नगर व ग्रामीणों के लोग भयभीत है। सुबह सुबह बिजली आपूर्ति न होने से पेयजल की समस्या से उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ता हैं। बिजली ट्रिपिंग में लोकल फाल्ट से उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ जाती है। शिकायत के बाद भी महकमें के जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। उपभोक्ताओं की शिकायत है कि विद्युत विभाग के कर्मचारी फोन भी नहीं उठाते हैं। विभाग की लचर व्यवस्था से उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति सही से नहीं मिल पा रही है। विभाग की व्यवस्था से जहां आमजन परेशान हैं वहीं व्यवसायी भी नाराज हैं। बिजली की इस आंख मिचोली से रोजमर्रा की जिंदगी पटरी से उतरने लगी है, लेकिन लगता है कि विभाग इस समस्या से उपभोक्ताओं को निजात दिलाने में गंभीर नहीं है। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तहसील क्षेत्र में 21 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति देने के निर्देश हैं। इसके बावजूद भी दिन-रात बिजली कटौती उपभोक्ताओं के लिए परेशानियों का सबब बन रही है।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति 12 नवंबर 2025 को जनपद मुरादाबाद पहुंचेगी

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के मा. सभापति डॉ. रतनपाल सिंह की अध्यक्षता में 13 नवंबर 2025 को सर्किट हाउस के सभागार में जनपद मुरादाबाद के साथ-साथ जनपद अमरोहा, रामपुर और संभल के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित होगी। बैठक के दौरान समिति द्वारा जनपद में विभिन्न कार्यालयों में जनवरी 2022 से अक्टूबर 2025 तक कार्मिकों की सेवानिवृत्ति के उपरांत पेंशन ग्रेच्युटी एवं अन्य देयकों के भुगतान की स्थिति के साथ-साथ वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन के अंतर्गत लंबित प्रकरण, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में आवंटित बजट के सापेक्ष कार्य प्रगति सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

# परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 28 नवम्बर से होगी अर्द्धवार्षिक परीक्षा

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा 28 नवंबर से आयोजित की जाएगी। कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों की परीक्षा तीन दिसंबर तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग ने परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम व दिशा-निर्देश जारी किए। इसके अनुसार कक्षा एक की परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा दो से पांच की परीक्षा लिखित व मौखिक दोनों रूप में होगी। कक्षा दो व तीन में लिखित व मौखिक परीक्षा का अधिभार 50-50: होगा। 4 व 5 में लिखित अधिभार 70 और मौखिक का 30: होगा। कक्षा 6 से 8 की पूरी परीक्षा लिखित होगी। लिखित परीक्षा दो घंटे की होगी और मौखिक के लिए प्रधानाध्यापक समय तय करेंगे। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल के मुताबिक परीक्षा के लिए मॉडल प्रश्न पत्र जिला स्तर पर संबंधित जिले की डायट द्वारा तैयार कराते हुए बीएसए को उपलब्ध कराया जाएगा।

# पुलिस ने पोक्सो एक्ट के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** थाना पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सोमवार को सफलता हासिल की है। अभियुक्त पर पोक्सो एक्ट के तहत गंभीर आरोप लगे है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान विनोद कुमार पुत्र प्रीतम सिंह, निवासी आलमगीरपुर, थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद के रूप में हुई है। उसके खिलाफ मुकदमा नंबर 1721/23, अ.स. 361/2023 दर्ज है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी एक लंबे समय से वारंटी था और पुलिस उसे ट्रैक कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे आग की कार्यवाही के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम का नेतृत्व एसआई कुलदीप कुमार ने किया। टीम में सचिन कुमार भी शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जिले में पुलिस तंत्र में कुछ बदलाव हुए हैं। सितंबर 2025 में, एसएसपी सतपाल अंतिल द्वारा की गई समीक्षा के बाद, लापरवाही के आरोपों के चलते पूर्व सीओ ठाकुरद्वारा और थाना प्रभारी को हटाकर अन्य जिम्मेदारियां दी गई थीं। ऐसे में, यह नई गिरफ्तारी पुलिस की सक्रियता का संकेत देती है।

# 150 वर्ष पूर्ण होने पर स्कूली बच्चों ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम का किया गायन

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** मंगलवार को अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी गोपाल अंजान और मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की उपस्थिति में मुरादाबाद शहर स्थित पंचायत भवन परिसर में भारी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने एक साथ राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन किया। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम के दौरान बच्चों को वंदे मातरम राष्ट्रगीत के शाब्दिक अर्थ एवं महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग, डीसी मनरेगा, डीआईओएस, बीएसए और जिला युवा कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।



# फरीदनगर, सुरजननगर और शरीफनगर में बड़े पैमाने पर नदियों और उपजाऊ खेतों से अवैध खनन खुलेआम धड़ल्ले, प्रशासन अंजान

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** खनन विभाग और स्थानीय प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी नगर व देंहात क्षेत्र में नदियों और उपजाऊ खेतों का सीना चीर कर रेत व बालू का अवैध खनन का कारोबार जोरों पर है। पुलिस प्रशासन से सांठ गांठ कर खनन कारोबारी दिन का उजाला हो या रात का अंधेरा, नदियों और उपजाऊ खेतों से अवैध खनन कर प्रति दिन राजस्व विभाग को हजारों की हानि पहुंचा रहे है। बता दें कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार रात के अंधेरे में अवैध खनन पर पूर्णतः पाबंदी लगी है। जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी नगर व देहात क्षेत्र में रात का अंधेरा होते हुए जेसीबी, लोडर से क्षेत्र की ढेला नदी, सुरजननगर क्षेत्र में बहने वाली फीका नदी सहित नदियों और उपजाऊ खेतों से अवैध खनन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। जब कभी मुरादाबाद से खनन अधिकारी इन खनन कारोबारियों पर अंकुश लगाने के लिए अपने वाहन से क्षेत्र में पहुंचते है तो पहले ही खनन कारोबारियों की रैंकी करने वाले खनन अधिकारी के आने की सूचना खनन कारोबारियों को दे देते है। इससे खनन कारोबार सर्तक हो जाते हैं और उनके



खिलाफ कोई कार्रवाई नही होती है, जबकि खनन कारोबारी स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के वाहन चालको व पुलिस प्रशासन से सांठ गांठ कर बिना किसी अधिकारी के खौफ के नदियों और उपजाऊ खेतों से रेत और मिटटी का अवैध खनन करते रहते है। कई बार एक अधिकारी ने खनन कारोबारियों का खनन करते हुए पकड़ लिया और उन से सुविधा शुल्क वसूल कर बिना कार्रवाई के रात के अंधेरे में छोड़ दिया गया। इस अधिकारियों की मिलीभगत कहे या लापरवाह, यह आप ही अनुमान लगा सकते है। आज भी नगर व देहात क्षेत्र के गांव शरीफनगर, फरीदनगर, रामनगर खागूवाला, पानूवाला, गोपीवाला, पीलकपुर, कमालपुरी खालसा, कालाझांडा, रतूपुरा, करनपुर, मलकपुर सेमली, नाखूनका, कुआखेड़ा खालसा, भायपुर सुरजननगर, रामपुर घोघर, सहित अन्य गांवो में रात का अंधेरा होते ही खनन माफिया मिटटी और रेत का अवैध खनन नदियों और उपजाऊ खेतों का सीना चीर कर खुलेआम कर रहे है। स्थानीय प्रशासन भी इन खनन कारोबारियों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। अगर खनन अधिकारी अंकुश लगाने का प्रयास करे तो उनके आने से पहले ही खनन कारोबारियों का खनन अधिकारी के आने की सूचना मिली जाती है। जिससे खनन कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई नही होती है। यही कारण है कि आज भी नगर व देहात क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मिटटी और रेत का अवैध खनन नदियों और उपजाऊ खेतों से हो रहा है।

# कोचिंग के छात्रों का आतंक, फिर मारपीट की वीडियो वायरल

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर स्थित कोचिंग सेंटर अब स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहे हैं, यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है, यहां आए दिन छात्रों के गुटों द्वारा मारपीट किए जाने की वीडियो वायरल हो रही हैं, ताजा मामला मंगलवार यानि आज दोपहर लगभग 11.30 बजे पेश आया है जहां रतुपुरा चौराहे पर छात्रों ने जमकर उत्पात मचाया। छात्रों के दो गुटों के बीच लाठी - डंडों से



मारपीट किए जाने की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। मारपीट के दौरान भारी हंगामे को वीडियो मे साफ देखा जा सकता है, वायरल वीडियो मे सैकड़ों की संख्या मे छात्र मौजूद हैं जिसमें से कुछ छात्र लाठी डंडों से मारपीट करते नजर आ रहे हैं। बता दें कि एक तरफ जहां इस प्रकार की मारपीट के मामले स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ वास्तविक रूप से नौकरी की तैयारी करने आए छात्र छात्राओं की तैयारी भी इस कारण से बाधित होती नजर आ रही है। बता दें कि हाल ही मे इस प्रकार की मारपीट की कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है।

# किसानों के मोबाइल फोन पर एसएमएस के द्वारा भेजी जा रहीं पर्चियां

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** पेराई सत्र वर्ष 2025 26 में पर्चियां किसानों के मोबाइल फोन पर एसएमएस के द्वारा भेजी जा रही पर्चियां में अपने मोबाइल नंबर की जांच कर सही करा लें ताकि किसान को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। सहकारी गन्ना विकास समिति सचिव खेत सिंह ने बताया कि पेराई सत्र 2025-26 में क्षेत्र के गन्ना कृषकों को गन्ना पर्चियां केवल ॅ.डै.. के रूप में उनके मोबाइल फोन पर गत बर्ष की भांति प्रेषित की जा रही हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि एस.जी.के. पर गन्ना कृषकों का सही मोबाइल नंबर पंजीकृत हो। उन्होंने अपील की है कि स्मार्ट गन्ना किसान पर पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर की जांच कर लें, यदि नम्बर गलत है तो अपने गन्ना पर्यवेक्षक के माध्यम से सही मोबाइल नंबर अपडेट करा लें। गन्ना विकास विभाग द्वारा बताया कि किसानों को पर्चियां यद्यपि 95 प्रतिशत से अधिक डिलीवर हो रही हैं, फिर भी ॅ.डै.. डिलीवरी में और प्रगति लाने हेतु आवश्यक है कि, सभी किसान भाई शत प्रतिशत ॅ.डै.. पर्ची प्राप्त करने के लिये अपने मोबाइल नेटवर्क क्षेत्र में रहें, मोबाइल को रिचार्ज रखें, काल बार्ड का विकल्प न चुनें, अपने मोबाइल का एस.एम.एस. इनबॉक्स खाली रखें, मोबाइल को चार्ज करके सदैव चालू दशा में रखें तथा डी.एन.डी. सर्विस को एक्टिवेट न करें, ताकि सर्वर द्वारा प्रेषित ॅ.डै.. गन्ना पर्ची उनके मोबाइल पर उन्हें रियल टाइम में प्राप्त हो जाए। उन्होंने बताया कि विभागीय उच्च अधिकारियों के अनुसार किसान को तत्काल पर्ची प्राप्त होगी और समय से पर्ची मिल जाने के कारण ताजे गन्ने की आपूर्ति के साथ-साथ किसान गन्ने की सूख से होने वाली हानि से भी बच पाएंगे।

# मकतव दीनियात जलसे का हुआ आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** जमाल मस्जिद में मकतव दीनियात जलसे का आयोजन किया गया। जलसे में शिक्षा के महत्व को विभिन्न माध्यम से अवगत कराते हुए शिक्षा की नितान्त आवश्यकता पर वल दिया गया।



मौढा पट्टी कांठ में स्थित जमाल मस्जिद में दीनियात जलसे का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुफ्ती अब्दुल रहमान (मुरादाबाद) ने कहा कि शिक्षा का महत्व व्यक्ति और समाज दोनों के लिये हैं, जो ज्ञान और कौशल प्रदान करके व्यक्तित्व का विकास करती है, आत्मनिर्भरता और रोजगार के अवसर पैदा करती है और एक सूचित और जिम्मेदार नागरिक वनाती है। शिक्षा अज्ञानता को दूर करती है और समाज में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास में योगदान देती है। उन्होंने कहा कि हमारे नवी ने कहा था कि तालीम हासिल करने के लिये तुम्हें चीन ही क्यों ना जाना पड़े तव हमें जाना चाहिए। मौलाना मौ० नासिर (मुरादाबाद) ने कहा कि समाज में फैली बुराइयों को समाप्त करने के लिये शिक्षित होना नितान्त आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारा युवा वर्ग वहक रहा है जिनका मार्गदर्शन करना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों विद्यार्थियों में अनबिया, तलबिहा, अलतम्स, अलफेज, अनस, आयरा, अल्फिजा, लबीबा, अयान नाम शामिल हैं। जलसे का आगाज हाफिज अबुबकर की तिलावते कुरान और कारी नौशाद आलम द्वारा नात पाक पेश करने से हुआ। सदारत मौलाना मोहम्मद नासिर एवं संचालन कारी मोहम्मद अतहर ने किया। इस अवसर पर मौलाना अत्ताउल्लाह, मौलाना इस्लामुद्दीन, डॉ मोहम्मद जाकिर, हाजी शरीफ आजाद, हाजी नन्हे खान एडवोकेट, हाजी असलम, डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी, मुफ्ती जावेद मौलाना, अब्दुल रऊफ, कारी अब्दुल समी, कारी मोहम्मद अरशद, मौलाना उवैस, मौलाना सुहेल, आदि मौजूद रहे। जलसे के आयोजन मौलाना इफत्कार ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# मंडल खाद्य विपणन अधिकारी से कोटेदारों ने की मुलाकात

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** उत्तर प्रदेश सस्ता गला विक्रेता परिषद मुरादाबाद का एक प्रतिनिधि मंडल जनपद मुरादाबाद के कोटेदारों का एक शिष्ट मंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण माथुर के नेतृत्व में दुर्गेश प्रसाद मंडल खाद्य विपणन अधिकारी से मिला। प्रतिनिधि मंडल को कोटेदारों के अवशेष कमीशन के लिए तथा जनपद के अन्य ब्लॉकों के रुके हुए कमीशन के संबंध में एक लंबी वार्ता की। मंडल खाद्य विपणन अधिकारी ने कोटेदारों को उनके अवशेष दिलाने का आश्वासन दिया है। दोनों अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया है कि शीघ्र इसमें सुधार कर करके जो भी कोटेदार बच गए हैं, उनका कमीशन उनके खातों में पहुंच जाएगा तथा जो प्रथमा ग्रामीण बैंक के खाता लगे हुए हैं उनको दोबारा



चालू करने में थोड़ा वक्त लग सकता है। उन्होंने कोटेदारों से मांग की है कि कोटेदार धैर्य बनाए रखें शीघ्र उनके खातों में उनकी बकाया धनराशि पहुंच जाएगी। शिष्ट मंडल में प्रदेशसाचिव बिजेंदर चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रेहान अहमद खान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजीव पथिक, जिला अध्यक्ष चौधरी तेजपाल सिंह, संजीव कुमार, ठाकुरद्वारा महानगर अध्यक्ष सीताराम, महामंत्री महिपाल सिंह एवंवसहयोगी रोहिताश राजपूत, मजहर हुसैन एडवोकेट आदि लोग मीटिंग में उपस्थित रहे। प्रतिनिधि मंडल में उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद संगठन में कांठ क्षेत्र से प्रदेश सचिव चौधरी बृजेश कुमार, जिला अध्यक्ष तेजपाल सिंह, नगर अध्यक्ष अरशद, तहसील ब्लाक अध्यक्ष बलराम सिंह सैनी, वीर सिंह सैनी, डॉक्टर अबरार शाहिद, हरस्वरूप सिंह भारी संख्या में मौजूद रहे।

# स्पोर्ट फेस्ट के दूसरे दिन भी आयोजित हुये खेल

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** मंगलवार को हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी में चल रहे पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट के दूसरे दिन का आयोजन भी बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया।




स्पोर्ट फेस्ट के अंतर्गत दूसरे दिन भी विद्यालय के द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन से पांच तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपनी उत्कृष्ट कलाओं का प्रदर्शन किया। पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट के अंतर्गत दूसरे दिन आयोजित खेलों के अंतर्गत खो खो, कबड्डी, , टग ऑफ वार, एवं साधारण रेस, बैलेंसिंग रेस, सैक रेस, जैसे मनोरंजक एवं उत्साह वर्धक खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह ने स्पोर्ट फेस्ट के अंतर्गत दूसरे दिन आयोजित हुए खेलों मे प्रत्येक खेल पर गहराई से डालते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि न केवल पुस्तक ज्ञान हमारे जीवन में आवश्यक है बल्कि इसके साथ-साथ हमें जीवन में खेलों का ज्ञान होना भी आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित खेलों को सफल बनाने में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक सचिन बिश्नोई एवं विद्यालय शिक्षिका श्रीमती नीतू चौधरी द्वारा किया गया।

# वी ए कलेक्शन की दुकान से लाखों की चोरी

**उत्तम भारत संवाददाता/अगवानपुर।** कांठ रोड सेरुवा चौराहे से अगवानपुर नगर पंचायत मार्ग पर स्थित, वी ए कलेक्शन की दुकान से तीन लाख कैश सहित रेडीमेड गारमेण्ट का हजारों का माल साफ करके चोर फरार हो गए। व्यापारी ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सुबह दस बजे जब दुकान मालिक ने दुकान खोली तो दुकान का गल्ला टूटा देख कर उसके होश उड़ गए, आनन फानन में दुकान और दुकान के ऊपर गोदाम में नजर डाली तो पता चला, कि उसका एक दिन पहले ही आया हुआ रेडीमेड का माल भी गायब था। चोरी की खबर




फैलते ही मार्केट में सनसनी फैल गई, और आस पास के दुकान दार भी एकत्र हो गए। तुरंत ही पुलिस को भी सूचना दे दी गई। बताते चलें कि इसी मार्केट में कुछ ही समय पहले भी एक ज्वैलरी व बर्तनो कि दुकान में, नकब लगाकर लाखों का माल साफ कर दिया गया था। जिसका खुलासा करते हुए चोरों की गिरफ्तारी भी सिविल लाइंस पुलिस द्वारा की गई थी। दर असल इस नये बने हुए मार्केट में पीछे की ओर कुछ खाली प्लाट और जमीने पड़ी हुई है, जिसका लाभ उठाकर चोर पीछे से ही वारदातों को अंजाम देते हैं। पहले भी चोर वहीं से नकब लगाकर दुकान में दाखिल हुए थे, इसबार भी चोरों ने दुकान के पीछे खाली पड़े मकान का ताला तोड़कर, उसी की छत से रेडिमेड की दुकान में दाखिल हुए और घटना को अंजाम दिया। शातिर चोर सी सी टी वी की डीवीआर भी निकाल ले गये। स्थानीय चौकी प्रभारी श्री सुनील राठी ने घटनास्थल का बारीकी से जायजा लिया और आस पास के सी सी टी वी चेक किए गए है। चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है। शीघ्र ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे। आप देख रहे हैं।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | वरिष्ठ सहायक मंडल अभियंता/करनाल के अधीन DUK सेक्शन पर MOY में यात्री प्लेटफार्म संख्या 1 और 2 के विस्तार के साथ-साथ पीएफ सतह, शौचालय, परिसंचारी क्षेत्र में सुधार। |
| 2. | अनुमानित लागत | रु. 3,01,41,245.25/- |
| 3. | धरोहर राशि | रु. 3,00,700/- बयाना राशि केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के रुप में होनी चाहिए। नोटः एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| 4. | समापन अवधि | 12 महीने |
| 5. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 05.12.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 05.12.2025 को 15:00 बजे। |
| 6. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| 7. | समान प्रकार के कार्य | ट्रैक कार्य के अलावा काई भी सिविल कार्य। |

**नोटः**- शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

संख्याः 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/25-26/डब्लू-I (NIT-31) दिनांकः 10.11.2025 3492/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

P-12:28 paga09_jhn.qxd 11/11/2025 8:44 PM Page 1



# दिल्ली के लाल किला विस्फोट का असर, ईडन गार्डन्स में भारत-अफ्रीका मैच से पहले सुरक्षा घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में हुए संदिग्ध आतंकी हमले के मद्देनजर, 14 नवंबर से शुरू होने वाले भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट से पहले कोलकाता के ईडन गार्डन्स को %हाई अलर्ट% पर रखा गया है। सोमवार शाम लाल किले के पास हुए एक कार विस्फोट में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। यह पुष्टि करने के लिए जाँच चल रही है कि विस्फोट जानबूझकर किया गया था या दुर्घटनावश। लेकिन देश के प्रमुख शहर इसे आतंकी हमले की तरह मान रहे हैं और प्रमुख दर्शनीय स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

रिपोर्ट आने के तुरंत बाद, राजधानी के अरुण जेटली स्टेडियम में भी दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के बीच 2025-26 रणजी ट्रॉफी मैच के अंतिम दिन के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। ईडन गार्डन्स के आसपास के इलाके और पश्चिम बंगाल विधानसभा, राजभवन, कलकत्ता उच्च न्यायालय और आकाशवाणी जैसे प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठान सुरक्षा व्यवस्था के केंद्र में हैं। रिपोर्ट में पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारतीय और दक्षिण अफ्रीकी टीमों के ठहरने वाले होटलों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है, जबकि बढ़ते खतरे को देखते हुए भारतीय मुख्य कोच गौतम गंभीर का कालीघाट मंदिर का प्रस्तावित दौरा स्थगित किया जा सकता है।

ईडन गार्डन्स में, बाहरी परिधि, प्रवेश द्वार और दर्शक दीर्घाओं को कवर करते हुए एक व्यापक त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरा लागू किया जा रहा है। स्टेडियम के अंदर और आसपास हर गतिविधि पर कड़ी नज़र रखी जाएगी और हैंडहेल्ड स्कैनर और मेटल डिटेक्टरों का उपयोग करके प्रवेश की गहन जाँच की जाएगी। आयोजन स्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों में सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। बैग या प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ प्रवेश सख्त वर्जित रहेगा।



# भारत-दक्षिण सीरीज 14 से, शुभमन सहित युवा खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

## सचिन, विराट सहित इन पांच खिलाड़ियों के नाम हैं सबसे अधिक रनों के रिकार्ड



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस सीरीज में भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल और उनकी टीम के युवा खिलाड़ियों पर सबकी नजरें रहेंगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस सीरीज को जीतना रहेगा। भारत-दक्षिण अफ्रीका सीरीज के इतिहास पर नजर डालें तो इसमें सबसे अधिक रन सचिन तेंदुलकर ने बनाये हैं। वहीं विराट कोहली चौथे स्थान पर हैं बाकि तीन खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका के हैं। सचिन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुल 25 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 1741 रन बनाए। उनका औसत 42.46 का रहा, जो उनके स्थिर प्रदर्शन और निरंतरता को दिखाता है।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व महान ऑलराउंडर जैक्स कैलिस रन बनाने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। कैलिस ने भारत के खिलाफ 18 टेस्ट मैचों में 1734 रन बनाये, और उनका औसत 69.36 का रहा। कैलिस अपने समय के सबसे बेहतर बल्लेबाजों में से एक रहे हैं, उन्होंने कठिन हालातों में भी अपनी टीम को संभाला। वहीं तीसरे स्थान पर हैं दक्षिण अफ्रीका के ही अनुभवी बल्लेबाज हाशिम अमला। अमला ने भारत के खिलाफ 21 टेस्ट मैच खेले और 43.65 की औसत से 1528 रन बनाए। भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली इस सूची में चौथे स्थान पर हैं। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अब तक 16 टेस्ट मैचों में 54.15 की औसत से 1408 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 254 रन है, जो उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ही लगाया था। यह स्कोर कोहली के टेस्ट करियर का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है।

वहीं पांचवें पायदान पर हैं दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज एबी डिविलियर्स। उन्होंने भारत के खिलाफ 20 टेस्ट मुकाबलों में 1334 रन बनाए और उनका औसत 39.23 रन रहा है। डिविलियर्स अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण छाये रहे हैं। इन दिग्गजों के कारण ही भारत-दक्षिण अफ्रीका के मुकाबले रोमांचक रहे हैं। अब देखना है कि वर्तमान समय के क्रिकेटर इन दिग्गजों की तरह खेल पाते हैं या नहीं।

# धोनी आईपीएल को बीच में ही छोड़ सकते हैं : कैफ

**– वह सीएसके को योग्य हाथों में सौंपना चाहते हैं**



**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि अगर विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में शामिल होते हैं तो महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल को बीच में ही छोड़ देंगे। कैफ के अनुसार धोनी चाहते हैं कि सैमसन टीम में आयें क्योंकि वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो टीम को कप्तान के तौर पर संभाल सकते हैं।

सीएसके और राजस्थान रायल्स के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली को लेकर संभावित कारार की चर्चा जोरों पर है। इसी के बीच ही कैफ ने ये बात कही है। आईपीएल 2025 में रायल्स की कप्तानी करते नजर आए सैमसन पर सीएसके की नजरें बनी हुई हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार रॉयल्स संजू सैमसन के बदले में सीएसके से रविंद्र जडेजा और सैम करन को लेना चाहती है। दोनों टीमों के बीच अभी करार पूरा नहीं हुआ है। कैफ के अनुसार सैमसन सुपर किंग्स में शामिल होते हैं तो धोनी का ये अंतित सत्र हो सकता है। कैफ ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी चाहते हैं कि संजू सैमसन सीएसके के साथ जुड़े। उन्होंने संकेत दिया कि अगर ऐसा होता है तो धोनी आराम से आईपीएल से दूरी बना सकते हैं क्योंकि तब टीम का नेतृत्व संजू के रूप में एक ऐसे खिलाड़ी के हाथ में रहेगा जो लंबे समय तक कमान संभाल सकता है।

कैफ के मुताबिक धोनी साल 2022 में जडेजा जैसे अनुभवी को कप्तानी सौंपकर आराम करना चाहते थे पर वह प्रयोग सफल नहीं रहा। जडेजा की कप्तानी में सीएसके ने शुरुआती 8 मैच में सिर्फ 1 में जीत हासिल की थी। उसके बाद धोनी को फिर कप्तानी संभालनी पड़ी थी। कैफ ने जडेजा के कार्यकाल को याद करते हुए कहा, दोनों खिलाड़ियों ने साल 2008 में अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी । अब अगर सैमसन टीम और प्रबंधन के साथ सही से ढल जाते हैं तब धोनी उन्हें कप्तानी सौंप सकते हैं।

# अर्शदीप और कुलदीप को बाहर रखने का गंभीर ने कारण बताया

## कोच के तौर पर अंतिम ग्यारह का चयन ही मेरे लिए सबसे कठिन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर कुलदीप यादव को शामिल नहीं किये जाने पर कई सवाल उठे हैं। प्रशंसकों के साथ ही पूर्व क्रिकेटरों ने भी इन दो खिलाड़ियों की अनदेखी पर नाराजगी जतायी थी। कुलदीप को तो टेस्ट टीम में भी जगह नहीं मिली। अब इसी मामले पर भारतीय टीम के मुख्य कोच कोच गौतम गंभीर का जवाब आया है। गंभीर का एक वीडियो आया है। इसमें उन्होंने कहा कि एक कोच के रूप उनके लिए अंतिम ग्यारह का चयन ही सबसे कठिन काम है। गंभीर ने कहा कि भारत की बेंच स्ट्रेंथ काफी अच्छी है पर अंतम में केवल 11 खिलाड़ियों को मौका दिया जा सकता है।



गंभीर ने कहा, एक कोच के तौर पर मेरे लिए यही सबसे मुश्किल काम है और यही मेरा सबसे मुश्किल काम है। कभी-कभी, जब मुझे पता होता है कि बेंच पर इतने अच्छे खिलाड़ी बैठे हैं और मुझे पता है कि हर कोई अंतिम ग्याहर का हिस्सा बनने का अधिकारी है, तब भी आप केवल 11 खिलाड़ियों को ही चुन सकते हैं, तब यही देखा जाता है कि यह उस दिन काम करने के लिए सबसे बेहतर संयोजन क्या होगा। उन्होंने साथ ही कहा, मेरे लिए, सबसे महत्वपूर्ण बात बातचीत और संवाद है। संवाद बहुत स्पष्ट और ईमानदार होना चाहिए। कभी-कभी, ज़ाहिर है, ये बातचीत बहुत कठिन होती है। अगर आप किसी को बताते हैं कि वह नहीं खेल रहा है, तो यह कोच और खिलाड़ी दोनों के लिए शायद सबसे मुश्किल होता है, क्योंकि मुझे पता है कि खिलाड़ी तब नाराज़ होगा जब वह अंतिम ग्याहर का हिस्सा बनने का अधिकारी होगा।

गंभीर ने भारतीय ड्रेसिंग रूम के अंदर सकारात्मक और पारदर्शी माहौल पर भी जोर दिया और जोर देकर कहा कि खिलाड़ियों और कोचों के बीच बातचीत निजी ही रहनी चाहिए। उन्होंने कहा, न अगर आप ईमानदार हैं, अगर आप स्पष्टवादी हैं, अगर आप जानते हैं कि आप जो कह रहे हैं वह दिल से है और उससे आगे कुछ नहीं है, तो कुछ खिलाड़ी समझ जाते हैं। और यही एक खिलाड़ी और कोच के बीच का संवाद है, और मुझे लगता है कि इसे यहीं रहना चाहिए, बजाय इसके कि लोग इसके बारे में शोर मचाएँ और अलग-अलग धारणाएं बनाएं।

## ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा 13 नवंबर को आगरा स्थित अपने घर पहुंचेगी

आगरा (एजेंसी)। । विश्वकप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा 13 नवंबर को आगरा में अपने घर पहुंचेगी। दीप्ति का आगरा पहुंचने पर भव्य स्वागत होगा। उनके घर पर भी स्वागत की तैयारियां चल रही हैं। दीप्ति का स्वागत करने के लिए जिला क्रिकेट संघ ने भी खासी तैयारी की है। एक रोड शो भी रखा गया है। यह रोड शो शहर के कई क्षेत्रों से गुजरेगा। रोड शो की शुरुआत सिकंदरा के आवास विकास स्थित भावना क्लार्क्स इन होटल के सामने से होगी। यहां से दीप्ति का रोड शो आगे बढ़ेगा। अंत में यह रोड शो स्टार नेक्स्ट क्रिकेट अकादमी पहुंचेगा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि रोड शो के दौरान विभिन्न जगहों पर दीप्ति का स्वागत होगा। लोग फूल बरसाकर और तालियां बजाकर अपनी खुशी प्रकट करेंगे। दीप्ति के स्वागत के लिए घर को भी सजाया गया है। घर की दीवारों पर नई पेंटिंग हुई है। आकर्षक लाइटें लगाई जा रही हैं। दीप्ति के माता-पिता भी बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा, बेटी के आने का सभी को इंतजार है। घर में उत्साह का माहौल है। हम सब बहुत उत्साहित हैं।

# कीली बन सकते हैं भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पहले स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच, बीसीसीआई से चल रही है बात

मुम्बई । नाथन कीली भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पहले विदेशी विदेशी स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच बन सकते हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में बेंगलुरु स्थित उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग विभाग में कई भर्तियां की हैं। वहीं अब बीसीसीआई की कीली से बात चल रही है। कीली अभी बांग्लादेश पुरुष टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच हैं। संभावना है कि उन्हें शीघ्र ही सीओई में शामिल किया जा सकता है। अभी भारतीय टीम की वर्तमान स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच एआई हर्षा हैं। हर्षा ने विश्व कप में खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी पर पता चला है कि बीसीसीआई उनको कोच की जगह कोई और जिम्मेदारी देना चाहता है। वहीं कीली बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम के अलाव न्यू साउथ वेल्स की प्रथम श्रेणी टीम के सहायक कोच के रूप में भी काम किया है। आम तौर पर सीओई से जुड़े व्यक्ति को ही महिला क्रिकेट टीम का स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच बनाया जाता है ऐसे में कीली के पहले विदेशी कोच बनने की काफी उम्मीदें हैं।

# डब्ल्यूपीएल में खेलना चाहती है अनाया बांगर



नई दिल्ली । पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगर की बेटी अनाया बांगर भी महिला क्रिकेट लीग (डब्ल्यूपीएल) में खेलना चाहती है। अनाया ने सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट किया है जिसके बाद से ही ये चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। उनके पिता संजय आरसीबी के कोच की भूमिका निभा चुके हैं लिहाजा उनको भी इस टीम से खेलने का अवसर मिल सकता है। जो वीडियो सामने आया है उसमें अनाया रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) क्रिकेट किट बैग के साथ अभ्यास करती दिख रही हैं। इस वीडियो ने प्रशंसकों के बीच भारी अटकलें पैदा कर दी हैं कि वह आगामी महिला प्रीमियर लीग में महिला टीम में शामिल हो सकती हैं। कुछ दिन पहले ही अनाया ने घोषणा की थी कि वह अपने जेंडर रीअसाइनमेंट सर्जरी से पूरी तरह ठीक हो चुकी हैं और अब वह 卐आर्यन नहीं बल्कि अनया के रूप में卐 मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह लंबे समय से खेल में वापसी को लेकर उत्साहित रही हैं। एक शो में भाग लेने के दौरान उन्होंने भावुक होकर कहा था, 'मैं अपने अधिकारों के लिए लड़ूंगी और एक दिन मैं भारत के लिए विश्वकप जीतूंगी।' इस पोस्ट से यह साफ होता है कि वह पेशेवर क्रिकेट में प्रवेश करने के लिए बेताब हैं पर बड़ा सवाल यह है कि क्या उन्हें महिला प्रीमियर लीग में खेलने की अनुमति मिलेगी, क्योंकि आईसीसी ने ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया है।

# सौरव गांगुली ने कहा, भारत में भारत को चुनौती देना दक्षिण अफ्रीका के लिए पहाड़ जैसा !

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के लिए भारत के खिलाफ उसकी घरेलू परिस्थितियों में खेलना एक कठिन चुनौती होगी। उन्होंने कहा कि भारत घरेलू और विदेशी दोनों ही जगहों पर मजबूत है और ईडन गार्डन्स में एक उच्च-स्तरीय मुकाबले की उम्मीद है। भारत शुक्रवार से कोलकाता में शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। गांगुली ने कहा कि यह दक्षिण अफ्रीका के लिए एक कठिन दौरा होगा, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि प्रोटियाज एक अच्छी टीम है और यह एक उच्च-स्तरीय मुकाबला होना चाहिए।



गांगुली ने जियोस्टार पर कहा कि पहला टेस्ट कुछ ही दिनों में कोलकाता में शुरू हो रहा है, और यह दक्षिण अफ्रीका के लिए एक कठिन दौरा होने वाला है। भारत के खिलाफ भारत में खेलना कभी आसान नहीं होता। भारत उपमहाद्वीप में एक बहुत ही मज़बूत टीम है, और आजकल विदेशों में भी एक मज़बूत टीम है। मैं ईडन गार्डन्स में होने वाले टेस्ट का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूँ। दक्षिण अफ्रीका एक अच्छी टीम है, इसलिए यह एक उच्च-स्तरीय मुकाबला होना चाहिए।

शुभमन गिल की अगुवाई में, भारत अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान की शुरुआत इंग्लैंड के विदेशी दौरे और फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से करने के बाद घरेलू श्रृंखला में प्रवेश कर रहा है। इस बीच, टेम्बा बावुमा की दक्षिण अफ्रीका टीम पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 1-1 से ड्रॉ खेलने के बाद यहाँ पहुँच रही है। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पाँच मैचों की टेस्ट सीरीज़ 2-2 से ड्रॉ खेली, जहाँ गिल ने 75.40 की असाधारण औसत से 754 रन बनाए, जिसमें चार शतक शामिल हैं।

इंग्लैंड सीरीज़ के बाद, भारत ने घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज़ पर 2-0 से क्लीन स्वीप किया। कोलकाता में शुरुआती टेस्ट के बाद, सीरीज़ गुवाहाटी में स्थानांतरित हो जाएगी, जहाँ दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। टेस्ट मैचों के बाद तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी, जिसमें वरिष्ठ खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली के मैदान पर वापसी की उम्मीद है। यह दौरा पाँच मैचों की टी20आई सीरीज़ के साथ समाप्त होगा, जो अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले दोनों टीमों के लिए बहुमूल्य तैयारी का अवसर प्रदान करेगा।

# कॉनवे, विजय शंकर और हुड्डा को बाहर करे सीएसके : रैना

## जडेजा, धोनी को बरकरार रखे

मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने कहा है कि आईपीएल 2026 के लिए चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम को डेवोन कॉनवे, विजय शंकर और दीपक हुड्डा को रिलीज कर देना चाहिये। वहीं अनुभवी ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा को टीम में बनाये रखना चाहिये। रैना ने अगले माह होने वाली नीलामी को लेकर ये सुझाव सीएसके को दिये हैं। रैना के अनुसार जडेजा सीएसके में ही रहें। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार सीएसके और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच ट्रेड डील पर बात चल रही है।



इसके तहत ही रॉयल्स ने सैमसन के बदले जडेजा और सैम करन की मांग की है। सीएसके और रायल्स के बीच अभी तक करार पर कोई फैसला नहीं हुआ है। वहीं रैना ने कहा, स्पिनर नूर अहमद को बरकरार रखा जाना चाहिए। इकेस अलावा महेन्द्र सिंह धोनी को भी एमएस बरकरार रखें। वह आगामी सीजन में खेल रहे हैं, इसलिए उन्हें टीम के साथ बने रहना चाहिए। ऋतुराज गायकवाड़ कप्तान बने रहना चाहिए। रवींद्र जडेजा को फिर से बरकारार रखना चाहिये। वह सीएसके के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले कुछ सालों में टीम के लिए वाकई बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं न्यूजीलैंड के कॉनवे और विजय शंकर वह दीपक को काफी अवसर मिले हैं और ये फायदेमंद नहीं रहे हैं। इसलिए इन्हें हटाया जाना चाहिये। इस पूर्व बल्लेबाज ने आगे कहा, कॉनवे को बाहर कर देना चाहिए। वहीं विजय शंकर को पहले ही काफी अवसर मिल चुके हैं। इसलिए मुझे लगता है कि सीएसके को उन्हें भी बाहर कर देना चाहिए। इसके अलावा हुड्डा को भी बाहर करें। मिनी नीलामी में कई ऐसे खिलाड़ी उपलब्ध होंगे, जो टीम के लिए बेहतर संयोजन प्रदान कर सकते हैं। इन खिलाड़ियों को पिछले साल अवसर मिले थे और हमने देखा कि उन्होंने कैसा खेला। शायद सीएसके को किसी नए खिलाड़ियों की तलाश करनी होगी। गौरतलब है कि कॉनवे ने आईपीएल 2025 में सीएसके के लिए छह मैचों में 26 के औसत और 131.09 के स्ट्राइक रेट से 156 रन बनाए। वह निजी कारणों से कैंप छोड़कर स्वदेश लौट गए थे और चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहे। उन्हें 6.25 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया गया था। विजय शंकर, 1.2 करोड़ रुपये में फ्रेंचाइज़ी में आए थे। उन्होंने पांच पारियों में 39.33 के औसत और 129.67 के स्ट्राइक रेट से 118 रन बनाए। वहीं, सीएके ने हुड्डा को पिछले सत्र में 1.70 करोड़ रुपये में लिया था और सत्र में उनका प्रदर्शन खराब रहा। वह पांच पारियों में केवल 31 रन ही बना पाये थे।

# सैमसन गये तो यशस्वी या जुरेल को मिल सकती है रॉयल्स की कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के राजस्थान रॉयल्स छोड़ने की अटकलें हैं। माना जा रहा है कि वह आईपीएल 2026 में किसी और टीम से उतरेंगे। अगर ऐसा हुआ तो रॉयल्स की कप्तानी किसको मिलेगी ये सवाल भी उठ रहा है। रॉयल्स के पास ऐसे में परेशानी नहीं है। उसके पास रियान पराग और यशस्वी जायसवाल व ध्रुव जुरेल जैसे खिलाड़ी हैं जो कप्तानी संभाल सकते हैं।



पराग ने आईपीएल 2025 में कई मैचों में कप्तानी की थी पर इस समय उन्हें शायद ही अवसर मिले क्योंकि उनकी कप्तानी में टीम का प्रदर्शन खास नहीं रहा था। रियान की फॉर्म कप्तानी में बहुत अच्छी नहीं थी। इसलिए उनकी दावेदारी लगभग खत्म हो चुकी है। ऐसे में सलामी बल्लेबाज यशस्वी और जुरेल बचते हैं। यशस्वी और जुरेल में से किसी एक को रॉयल्स कमान दे सकती हे। इन दोनों को ही हालांकि कप्तानी का अनुभव नहीं है। यही दो खिलाड़ी इस समय कप्तानी के लिए सबसे बड़े दावेदार हैं। अन्य कोई खिलाड़ी ऐसा नहीं लगता है, जिसे कप्तानी सौंपी जाए। फॉर्म के आधार पर देखा जाए तो इनसे बढ़िया फॉर्म किसी खिलाड़ी के पास नहीं है। नितीश राणा भी एक विकल्प हैं पर वे अगले महीने 32 साल के होने जा रहे हैं। इसके अलावा वे मौजूदा समय में भी क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। वहीं, ब्रांड वैल्यू के हिसाब से देखा जाए तो यशस्वी और जुरेल भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा हैं।

# दमदार लय में सिराज ! बोले- दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खुद को साबित करने को बेताब हूं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोहम्मद सिराज ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि वह 14 नवंबर (शुक्रवार) से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शुरू होने वाली भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले इस अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए उत्सुक हैं। सिराज, दुनिया के नंबर एक टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ, गत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चैंपियन के खिलाफ भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने के लिए तैयार हैं। 31 वर्षीय हैदराबादी तेज गेंदबाज, जो वर्तमान में 2025-27 डब्ल्यूटीसी चक्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, घरेलू श्रृंखला में प्रभाव छोड़ने के लिए उत्सुक हैं।

सिराज ने कहा कि यह श्रृंखला नए डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर इसलिए क्योंकि दक्षिण अफ्रीका गत विजेता है। हालाँकि उन्होंने पाकिस्तान के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला, हम अपने अच्छे फॉर्म से आश्वस्त हैं, हमने एक सकारात्मक माहौल बनाया, इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत हासिल की। व्यक्तिगत रूप से, मैं अच्छी लय के साथ गेंदबाजी कर रहा हूँ और इसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश कर रहा हूँ। मजबूत टीमों का सामना करने से सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलती है और मैं इस चुनौती के लिए वास्तव में उत्साहित हूँ।

सिराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने दोनों मैचों में 13 की असाधारण औसत से 10 विकेट लिए। सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें भारत ने 2-2 से बराबरी की। भारतीय तेज गेंदबाज श्रृंखला में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में उभरे, उन्होंने 23 विकेट लिए, जिसमें दो बार पांच विकेट और एक बार चार विकेट शामिल हैं। उन्होंने 1100 से अधिक गेंदें फेंकी, जो श्रृंखला में किसी भी गेंदबाज द्वारा फेंकी गई सबसे अधिक गेंदें हैं।

शुभमन गिल के नेतृत्व में, भारत ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र की मजबूत शुरुआत की है, जिसमें उन्होंने खेले गए सात टेस्ट मैचों में से चार जीते हैं, दो हारे हैं और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। भारत 61.90 के पीसीटी के साथ डब्ल्यूटीसी 2025-27 अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। टेम्बा बावुमा के नेतृत्व में, दक्षिण अफ्रीका अपने डब्ल्यूटीसी 2025-27 अभियान की अच्छी शुरुआत के साथ श्रृंखला में उतरेगा, जिसने पाकिस्तान के खिलाफ एक टेस्ट श्रृंखला ड्रॉ की थी। हालाँकि, भारत घरेलू धरती पर स्पष्ट पसंदीदा के रूप में शुरुआत करेगा।



# ऋचा घोष के नाम पर सिलीगुड़ी में बनेगा क्रिकेट स्टेडियम

कोलकाता । महिला विश्वकप विजेता क्रिकेट टीम की खिलाड़ी ऋचा घोष के नाम पर एक क्रिकेट स्टेडियम उनके गृहनगर सिलीगुड़ी बनने जा रहा है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है सिलीगुड़ी में बनने जा रहे स्टेडियम का नाम ऋचा घोष रखा जाएगा। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा की महिला विश्वकप जीतने में अहम भूमिका रही थी। कप्तानी हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर जब से पहला आईसीसी खिताब जीत है तभी से खिलाड़ियों को इनाम दिये जाने के साथ ही उनका सम्मान भी हो रहा है। इसी कड़ी में ममता ने सिलीगुड़ी में कहा, 'ऋचा क्रिकेट स्टेडियम' चांदमणि टी एस्टेट में 27 एकड़ के भूखंड पर बनाया जाएगा। यह बंगाल की एक खेल प्रतिभा, ऋचा को सम्मानित करने के साथही उत्तर बंगाल के युवा क्रिकेटरों को प्रोत्साहित करने का एक तरीका है।'' उन्होंने कहा, ''राज्य सरकार यह परियोजना शीघ्र शुरू करेगी।'' घोष को इससे पहले पश्चिम बंगाल सरकार ने बंग भूषण पुरस्कार से भी सम्मानित किया था।